राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 67
लखनऊ, बुधवार 23 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री का योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर 03

संचार तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व भूटान : सिंधिया 12

संक्षिप्त समाचार

एटीएस ने 21 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया

मुंबई। एंटी टेरोरिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम ने मंगलवार को पुणे जिले के रंजनगांव एमआईडीसी इलाके में छापा मारकर 21 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 15 पुरुष, 04 महिला एवं 02 तृतीय पंथीय शामिल है। एटीएस की टीम ने इन लोगों के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद किये हैं। एटीएस सूत्रों के अनुसार एटीएस की टीम को रंजनगांव एमआईडीसी इलाके में किराए के कमरे में कई बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर एटीएस की टीम इन सभी पर निगरानी रखे हुए थी। पुख्ता सबूत मिलने के बाद आज एटीएस की टीम ने इन सभी को हिरासत में लिया और गहन पूछताछ की। इन लोगों के आधार कार्ड, वोटिंग कार्ड और पैन कार्ड की जांच की गई, जो फर्जी पाए गए। इसके बाद एटीएस ने इन सभी को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

विजया ने संभाला राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष का कार्यभार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया।रहाटकर ने सरिता विहार स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आयोग के अच्छे काम को आगे लेकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती संख्या सभी के लिए चिंता का विषय है। इससे सख्ती से निपटा जाएगा। ऐसी विकृत मानसिकता वाले लोग जो महिलाओं के खिलाफ अपराध करते हैं उन्हें शीघ्र सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ उन्हें ऐसा कोई भी अपराध करने के बारे में सोचने से पहले परिणाम का डर होना चाहिए, आयोग इस दिशा में काम करना जारी रखेगा। आरजी कर मामले में उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

सात पाकिस्तानियों को मिली भारत की नागरिकता

फरीदाबाद। जिला प्रशासन ने मंगलवार को जिले में रह रहे सात पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय नागरिकता के पत्र सौंपे। जिले में भारतीय नागरिकता का इंतजार कर रहे पकिस्तान से आए सात और लोगों को जिलाधीश विक्रम सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बुलाकर भारतीय नागरिकता के पत्र सौंपे। जिला प्रशासन ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नागरिकता संशोधन के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत राकेश प्रकाश, बेमला देवी, जीतो लाल, ज्ञान चंद, सीतन बाई, उम्मीद कुमार और हंसराज को भारत के नागरिक का प्रमाणपत्र दिये।

दिल्ली की हवा जहरीली, एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में दीपावली से पहले ही प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण दो की पाबंदियां लागू होने के बावजूद मंगलवार शाम 04 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 327 दर्ज किया गया जो कि बेहद खराब श्रेणी मानी जाती है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में राजधानी में बारिश के आसार नहीं हैं।

लखनऊ में बनेगा वर्ल्ड का सबसे बड़ा पीडियाट्रिक हार्ट सेंटर : योगी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में 1,147 करोड़ रुपये लागत की 04 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 03 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीपावली पर्व के उपहार स्वरूप देश व उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एसजीपीजीआई को एक साथ इतनी बड़ी सुविधाएं मिल रही हैं। इनमें एडवांस डायबिटिक सेन्टर, टेली-आईसीयू परियोजना, सलोनी हार्ट सेन्टर-प्रथम चरण, कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के 200 छात्रों हेतु हॉस्टल का लोकार्पण तथा एडवांस पीडियाट्रिक सेन्टर, सलोनी हार्ट सेन्टर-द्वितीय चरण व रैनबसेरा का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएं सरकार, सामाजिक व धर्मार्थ संस्थाओं के सहयोग से आगे बढ़ायी गयी हैं। इनसे एसजीपीजीआई की क्षमता में वृद्धि होगी तथा संस्थान अपनी शानदार यात्रा को इसी प्रकार आगे बढ़ा सकेगा। देश व प्रदेश के लोगों को इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। यह स्वास्थ्य परियोजनाएं समय से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक लम्बी यात्रा बढ़ायी है। विगत साढ़े सात वर्षों में राज्य के 64 जनपदों को मेडिकल कॉलेज हैं। जबकि वर्ष 2017 से पूर्व केवल 18 जनपदों में मेडिकल कॉलेज थे।

प्रदेश सरकार एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राज्य में एमबीबीएस व पीजी की सीटें पहले की तुलना में दोगुने से अधिक हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान व्यक्ति के कार्यों के अनुसार स्थान व व्यक्ति दोनों को बनाता है। यदि हमारे कार्यों से संस्थान यशस्वी बनता है, तो हमारा कार्य भी यशस्वी होता है और हम यश के भागीदार बनते हैं। यदि हमारे कार्यों से संस्थान का यश गिरता है तो हम अपयश के भागीदार बनते हैं। एसजीपीजीआइ की पूरी टीम यश की भागीदार है।

सीएम योगी ने एसजीपीजीआई, लखनऊ में 1,147 करोड़ लागत की चार परियोजनाओं का लोकार्पण तथा तीन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

पीडियाट्रिक सेन्टर में 22 विभागों की मिलेंगी विभिन्न सेवाएं

प्रदेश में बाल रोग से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए अब एसजीपीजीआई में 575 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेन्टर स्थापित होने जा रहा है। इसमें 22 विभागों द्वारा विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस सेन्टर में नवजात शिशुओं के लिए न्यू-नेटोलॉजी, लिवर और पाचन तंत्र के लिए पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएन्टरोलॉजी, हॉर्मोन्स और डायबिटीज की समस्या के लिए पीडियाट्रिक एण्डोक्राइनोलॉजी, पीडियाट्रिक आईसीयू और इमरजेंसी, पीडियाट्रिक जेनेटिक्स, पीडियाट्रिक इम्युनोलॉजी, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी तथा पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी की सुविधा एक छत के नीचे मिलेगी। साथ ही, यहां पर डी0एम0, एमसीएच और पीडीसीसी कोर्सेज को भी शुरू किया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश और देश को प्रशिक्षित मानव संसाधन मिल सके। यह केन्द्र बच्चों की चिकित्सा और उपचार के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के लिए एक वरदान साबित होगा।

महिलाओं की सुरक्षा के मामले में सरकार फेल : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोला है। उन्होंने यूपी में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। महिलाओं की सुरक्षा के मामले में ये सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। अखिलेश ने प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बारे में बात करते हुए कहा कि यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मामले में ये सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। प्रदेश में आए दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध की खबरें आती हैं लेकिन सरकार कुछ नहीं करती है। उन्होंने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर सरकार को घेरा।

इंडिगो, विस्तारा सहित 30 फ्लाइट्स को मिली बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के अधिकांश विमानन कंपनियों को लगातार बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। सोमवार देर रात 30 विमानों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया (एआई) की घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स हैं। पिछले आठ दिनों में अबतक 120 से ज्यादा विमानों को बम हमले की धमकी मिल चुकी है। हालांकि, ये सभी धमकी जांच पड़ताल के बाद झूठी साबित हुई हैं।

इंडिगो एयरलाइन के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को उसकी चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले। इनमें मंगलुरु से मुंबई आ रही 6ई164 फ्लाइट, अहमदाबाद से जेद्दा जा रही 6ई75 फ्लाइट, हैदराबाद से जेद्दा जा रही 6ई67 फ्लाइट और लखनऊ से पुणे आ रही 6ई118 फ्लाइट हैं। विस्तारा और एअर इंडिया के प्रवक्ताओं ने भी इसकी पुष्टि की है कि उनकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी।

उन्होंने बताया कि हमने संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी और सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। इससे एक दिन पहले सोमवार को नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा था कि विमानन कंपनियों को मिल रही धमकियां भले ही फर्जी हैं लेकिन हम इन्हें हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि हम इसके खिलाफ सख्त कानून लाएंगे। नायडू ने कहा कि ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं।

देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर बम विस्फोट के बाद अब देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी सोमवार देर रात स्कूलों को ई-मेल के जरिए भेजी गई, जिसने जांच एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि देशभर के जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें दो दिल्ली और एक हैदराबाद के स्कूल भी हैं। सीआरपीएफ स्कूलों के प्रबंधन को भेजे गए ई-मेल में लिखा गया है कि स्कूल के कमरों में नाइट्रेट बेस्ड आईईडी रखे गए हैं। साथ ही सभी स्कूलों को सुबह 11 बजे से पहले खाली करने को कहा गया है। इस तरह के धमकी भरे मेल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूलों की तलाशी शुरू कर दी है।

गडकरी ने मणिपुर में 50 परियोजनाओं को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मणिपुर में 1,026 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी है और नागालैंड में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की है। श्री गडकरी यह जानकारी देते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर मंगलवार को कहा कि मणिपुर में 1,026 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग की 50 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है जिसमें 902 किमी की 44 परियोजनाएं राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में हैं। इन क्षेत्रों में 125 किमी की आठ परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 777 किमी की शेष 36 परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

हाईकोर्ट ने हरदोई के डीएम को भविष्य में मोबाइल ऑन रखने की दी हिदायत

समृद्धि न्यूज

लाइसेंस रीन्यू आवदेन लंबित होने पर हाईकोर्ट ने डीएम को किया तलब

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के सामने मंगलवार सुबह हरदोई डीएम पेश हुए। नेटवर्क में तकनीकी समस्या के कारण मोबाइल फोन स्विच ऑफ था। लाइसेंस रीन्यू करने का आर्डर 15 अक्टूबर को दिया है।

न्यायाधीश ने उन्हें भविष्य में मोबाइल फोन ऑन रखने की हिदायत दी। न्यायालय ने हरदोई डीएम मंगला प्रसाद सिंह को कोर्ट में तलब किया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकारी वकील से कहा था कि डीएम से पूछ के बताएं कि याची के लाइसेंस रीन्यू एप्लिकेशन पर अभी तक कोई आदेश क्यों नहीं हुआ। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया था कि डीएम हरदोई को जब फोन किया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ था। इस पर कोर्ट ने जिलाधिकारी को 22 अक्टूबर को सवा 10 बजे न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने हरदोई के नजाकत अली की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया था।

विस उपचुनाव : भाजपा ने पंजाब की तीन, मेघालय की एक सीट पर उतारे उम्मीदवार

नई दिल्ली। भाजपा ने पंजाब की तीन और मेघालय की एक विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज उम्मीदवारों के नाम जारी किए। पूर्व मंत्री सरदार मनप्रीत बादल को पंजाब के गिद्देरबाहा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। सूची के अनुसार पंजाब की डेरा बाबा नानक सीट से सरदार रविकरण कहलों, गिद्देरबाहा से सरदार मनप्रीत सिंह बादल और बरनाला से सरदार केवल सिंह ढिल्लों को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं मेघालय की गाम्बेग्रे (आरक्षित) सीट से बर्नार्ड मारक को मैदान में उतारा गया है। पंजाब की चब्बेवाल (एससी) सीट से अभी नाम की घोषणा नहीं की गई है।

ज्ञानवापी वुजूखाना सर्वे मामले में सुनवाई आठ को

याची ने दाखिल की एएसआई की रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज । वाराणसी, ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजुखाना का वैज्ञानिक सर्वे कराने की मांग जिला अदालत से खारिज होने के आदेश की चुनौती में दाखिल पुनरीक्षण याचिका की अगली सुनवाई 8 नवम्बर को होगी।

हिन्दू पक्षकार राखी सिंह की याचिका की सुनवाई इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल कर रहे हैं। कोर्ट ने इससे पहले याची से ज्ञानवापी परिसर की एएसआई रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। याची अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष एएसआई रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि वुजूखाने के धार्मिक चरित्र के निर्धारण हेतु सर्वेक्षण आवश्यक है। हाई कोर्ट ने पूछा कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने शिवलिंगम के सर्वे पर रोक लगाया है तो कैसे सर्वेक्षण का आदेश दिया जा सकता है? जिसका जबाब देते हुए अधिवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिवलिंगम सुरक्षा संरक्षा का आदेश देते हुए यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के 17 मई, 20 मई और 11 नवम्बर के आदेश को दिखाते हुए अधिवक्ता ने कहा कि परिसर सील नहीं किया गया है। मस्जिद पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त क्षेत्र को सुरक्षित और संरक्षित किया है। ऐसे में सर्वे नहीं हो सकता। याची अधिवक्ता ने स्थिति और स्पष्ट करने के लिए समय मांगा। जिस पर अगली सुनवाई की तिथि 8 नवम्बर नियत की गई है।



अब तक 15 प्रत्याशियों ने किया नामांकन : रिणवा

यूपी विधानसभा की नौ सीटों पर होने हैं उप चुनाव

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 09 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप निर्वाचन के तहत 22 अक्टूबर को 05 विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक कुल 15 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गये।

16-मीरापुर मुजफ्फरनगर विधानसभा के लिए 05 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया इसमें बहुजन मुक्ति पार्टी से वकार अजहर, आजाद समाज पार्टी कांशीराम से जाहिद हुसैन, निर्दलीय प्रत्याशियों में राजबाल सिंह राणा, रजनीश कुमार तथा मो. अनस है। इस प्रकार अब तक 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है।29-कुदंरकी मुरादाबाद विधानसभा के लिए आजाद समाज पार्टी कांशी राम से चांद बाबू ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। 56-गाजियाबाद गाजियाबाद विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, इसमें सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से रवि कुमार पांचाल, निर्दलीय प्रत्याशी में विजय कुमार अग्रवाल ने नामांकन पत्र किया।256-फूलपुर प्रयागराज विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, इसमें परिवर्तन समाज पार्टी से उषा, प्रगतिशील समाज पार्टी से योगेश कुमार कुशवाहा ने नामांकन पत्र किया। 277-कटेहरी अम्बेड़कर नगर विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, इसमें समाजवादी पार्टी से शोभावती वर्मा, बहुजन समाज पार्टी से अमित वर्मा ने नामांकन किया। इस प्रकार अब तक 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया।71-खैर अ.जा. अलीगढ़ 213-सीमामऊ कानपुर नगर तथा 397-मझवां मिर्जापुर में अब तक कुल नामांकन शून्य है।

महंत मनमोहन दास का निधन, अयोध्या स्थित घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

अयोध्या। हनुमान गढ़ी के संत व भाजपा नेता महंत मनमोहन दास का मंगलवार को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनका पीजीआई से इलाज चल रहा था। मंगलवार को बिरला धर्मशाला के बगल अपने आश्रम पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार अयोध्या स्थित श्मशान घाट पर किया गया। निधन का समाचार मिलते ही हनुमान गढ़ी के संत-महंत तथा भाजपा नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। आश्रम से लेकर घाट तक उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा। वे वर्ष 2000 में पार्टी के जिलाध्यक्ष तथा उसके उपरान्त प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रहे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के बाद डॉ. भागवत से मिले योगी

समृद्धि न्यूज

कान्हा की नगरी को 133 करोड़ की परि योजनाओं की स्वीकृति

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मथुरा के परखम स्थित गौशाला पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत समेत संघ के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की। परखम में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में हिस्सा लेने सरसंघचालक मथुरा आये हैं। सरसंघचालक से भेंट करने के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थल पहुंचकर दर्शन पूजन किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार दोपहर बाद श्रीकृष्ण की नगरी पहुंचे यहां उन्होंने ब्रजतीर्थ विकास परिषद के सभागार में उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद की सप्तम बोर्ड बैठक, जनपद के विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था की बैठक ली। इस करोड़ की 08 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। सीएम ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में ठाकुर जी आरती व पूजा अर्चना की। इसके उपरांत फरह परखम ग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत से औपचारिक भेंट कर गहन चर्चा की। उसके बाद मुख्यमंत्री आगरा रवाना हो गए।

2026 राष्ट्रमंडल खेलों से हटाए गए हॉकी, निशानेबाजी क्रिकेट, बैडमिंटन व कुश्ती

नई दिल्ली। ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को हटा दिया है। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने मंगलवार को आयोजन को बजट के अनुकूल बनाए रखने के लिए 10 विषयों की एक संक्षिप्त सूची का अनावरण किया। लागत को सीमित करने और लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वैश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। ग्लासगो में केवल चार स्थान ही पूरे राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेंगे। 2022 बर्मिंघम संस्करण की तुलना में इस बार कुल 9 खेल कम होंगे। 2014 संस्करण के बाद 12 साल बाद ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा।

एक लाख नई व मौजूदा डेयरियों को सशक्त कर मिल्क रूट्स का होगा विस्तार : शाह

300 करोड़ से अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं की सौगात

एजेंसी

आणंद (गुजरात) । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के आणंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के हीरक जयंती समारोह एवं त्रिभुवन पटेल की जयंती पर 300 करोड़ रुपये की लागत से अनेक किसान कल्याणकारी गतिविधियों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हाल ही में श्वेत क्रांति 2.0 की एसओपी जारी की गई है, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा बताए गई किसान हितोन्मुखी सभी प्रमुख बातों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हम एक लाख नई और मौजूदा डेयरियों को सशक्त करेंगे और इस दूसरी श्वेत क्रांति से मिल्क रूट्स का भी विस्तार होगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि त्रिभुवन दास एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनके कर्मठ जीवन की व्याख्या शायद ही कोई कर सकता है। उन्होंने जीवनपर्यंत स्वयं को अलग रखकर मूल सहकारिता की भावना के साथ देश के हर किसान को जोड़ने का यत्न, प्रयत्न और सफलता प्राप्त की।

ब्रिक्स शिखर वार्ता

प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कजान में आयोजित वार्ता से पूर्व द्विपक्षीय बैठक की

भारत-रूस द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूती देने पर जोर

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को रूसी शहर कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर वार्ता से पूर्व द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के गर्मजोशी भरे संबंधों को विशेष रूप से रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन महीने में उनकी दूसरी यात्रा करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाती है। वहीं रूसी भाषा में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि हमारे संबंध ऐसे हैं कि आपको (प्रधानमंत्री मोदी) को अनुवाद की आवश्यकता नहीं है।

दोनों नेताओं ने जुलाई 2024 में मॉस्को में अपनी आखिरी बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के साथ भारत-रूस संबंधों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम की समीक्षा की। उन्होंने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी दृष्टिकोण साझा किए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी ने संगठन की रूसी अध्यक्षता की सराहना की और शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। भारत और रूस के बीच संबंध बहुत गहरे हैं। हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूती कैसे दी जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोबारा सरकार में आने के बाद तीन महीने में यह रूस की उनकी दूसरी यात्रा है। यह दर्शाता है कि दोनों देशों के बीच करीबी और गहरी मित्रता है।

15 वर्षों में ब्रिक्स ने बनाई अपनी अलग पहचान : मोदी

ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स ने 15 वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई है और अब विश्व के अनेक देश इससे जुड़ना चाहते हैं। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने मित्रता एवं गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए राष्ट्रपति पुतिन का आभार व्यक्त किया। बैठक के स्थान को लेकर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास खुलने से रूस के साथ संबंध और मजबूत होंगे। कजान पहुंचने पर भारतीय और हिन्दू समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का गीत और नृत्य प्रस्तुति के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसका वीडियो साझा करते हुए कहा कि भारतीय समुदाय ने अपनी उपलब्धियों से पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।

विधायक और सीडीओ ने अफसरों संग बनाई रणनीति, दिए निर्देश

- गोला के झावर तालाब के बहुरेंगे दिन, पर्यटन को लगेंगे पंख

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार गोला गोकर्णनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक अमन गिरी संग तहसील, विकासखंड गोला के अंतर्गत ब्लॉक गोला की तीन ग्राम पंचायत में फैले 96 एकड़ के झावर तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, बीडीओ हनुमान प्रसाद मौजूद रहे।

विधायक गोला अमन गिरी ने सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ झावर तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान झावर तालाब को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किए जाने की रणनीति पर गहन मंथन हुआ। सर्वसम्मति से तय किया कि प्रथम चरण में 30 एकड़ के क्षेत्र पर फोकस करते हुए विकसित किया

जाए। सीडीओ ने मौजूद तकनीकी अफसरो को तय क्षेत्र का सुंदरीकरण के लिए प्लानिंग, एक्शन प्लान तैयार करने को कहा। इसमें बेसिक डिजाइन, फूड कोर्ट, प्लांटेशन, ट्रेक और बेंच निर्माण आदि को शामिल किया जाए। उन्होंने जलकुंभी की सफाई, तालाब के किनारों का निर्माण किस प्रकार कराएंगे इसपर भी अफसरो संग रणनीति बनाई। सीडीओ ने अवर अभियंता (लघु सिंचाई) को प्रथम चरण के लिए चिन्हित क्षेत्र को विकसित करने में आने वाली लागत के आगणन करने के निर्देश भी दिए। विधायक अमन गिरी ने अफसरो को आश्वस्त किया कि आप प्रोजेक्ट तैयार कराए। इस कार्य में विधायक निधि, ग्राम निधि, क्षेत्र पंचायत निधि, मनरेगा, सीएसआर से फंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने तालाब के एप्रोच मार्ग को भी सुगम बनाने के लिए चर्चा की, ताकि इसके तैयार होने के बाद लोग यहां प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।

सीडीओ ने लंदनपुर की टाउनशिप में देखे विकास कार्य, लाभार्थियों से किया संवाद

महिला ने जताई गोवंश पालने की इच्छा, सीडीओ के निर्देश पर सहभागिता योजना से मिलेगा गोवंश, पालन पोषण राशि।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने तहसील, ब्लॉक गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना के तहत कुंभी के लंदनपुर ग्रंट की बाबा गोकर्णनाथ एकीकृत टाउनशिप पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनकी कुशलता जानी। सीडीओ ने अफसरो संग पूरी टाउनशिप का पैदल भ्रमण कर एक-एक परिवार से स्वयं भेंट की। संवाद के दौरान एक परिवार की महिला ने सीडीओ से गाय पालने की इच्छा जाहिर की। सीडीओ ने फौरन खंड विकास अधिकारी कुंभी (गोला) हनुमान प्रसाद को नजदीकी गो आश्रय स्थल से मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत एक गोवंश दिलाने, उसके भरण पोषण हेतु प्रति माह अनुमन्य धनराशि भी दिए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, बीडीओ हनुमान प्रसाद मौजूद रहे।

नवंबर के पहले सप्ताह से कुम्भी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ

अमीरनगर खीरी। किसानो के इंतजार की घड़ियां बीतने बालीं हैं। बलरामपुर ग्रुप की कुम्भी चीनी मिल का पेराई सत्र 2024-25 नवम्बर के पहले सप्ताह से आरम्भ होगा।जानकारी देते हुए कुम्भी चीनी मिल के ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने बताया कि चीनी मिल संचालित करने की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।नवम्बर से किसानो की पर्चियां उपलब्ध करा दी जाएंगी। गन्ने की तौल करने के लिये सेन्टर लगाने सम्बंधी कार्य भी जारी है जो शीघ्र ही पूरा हो जाएगा सम्भवत: चीनी मिल के नवीन पेराई सत्र का शुभारंभ नवम्बर के पहले सप्ताह से होगा। चीनी मिल का चक्का घूमने से किसान कृषि सम्बंधी तथा अन्य कार्यो की शुरूआत करेंगे। चीनी मिल के ईकाई प्रमुख ने किसानो से अपील की है कि वे मिल को अपने ग्राम के शिफ्टवार ताजा एवं स्वच्छ गन्ना ही सप्लाई करें ताकि तौल सम्बन्धी उन्हें कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा उन्होने किसानो से अपील करते हुये कहा कि जब तक मिल संचालित नही होता तब तक किसान भाई धैर्य बनाये रखे तथा अपना गन्ना कोल्हू तथा क्रेशरो पर औने पौने दामो में न बेंचे वे अपना गन्ना स्थानीय कुम्भी चीनी मिल मे ही सप्लाई करें ताकि उनका बेसिक कोटा बढ़ सके और वे सरकार द्वारा निर्धारित गन्ना मूल्य का सीधा लाभ उठा सकें।

कांटे वाले तार और जाली बनाने वाली मशीन का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

बेलरायां खीरी। सिंगाही खीरी कस्बे में एक नई मशीन का उद्घाटन हुआ है, जिसका उद्घाटन नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने किया। जो कांटे वाले तार और जाली बनाने में सक्षम है। यह मशीन स्थानीय उद्योगपति नयन वायर्स द्वारा स्थापित की गई है और इसका उद्देश्य स्थानीय किसानों और उद्योगपति को उच्च गुणवत्ता वाले तार और जाली प्रदान करना है। मशीन के उद्घाटन पर नयन वायर्स सतनाम ने कहा कि हमें गर्व है कि हम अपने शहर में इस तरह की मशीन लाने में सफल रहे हैं। यह मशीन न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देगी, बल्कि किसानों को भी उच्च गुणवत्ता वाले तार और जाली प्रदान करेगी। इस मशीन की विशेषताएं उच्च गुणवत्ता वाले तार और जाली का निर्माण, तेजी से उत्पादन, कम लागत, स्थानीय रोजगार के अवसर प्रदान करना। सतनाम सिंह ने बताया कि इस उद्घाटन से स्थानीय उद्योगों और किसानों को बहुत लाभ होने की उम्मीद है। इस दौरान डॉ एन यू खान, सभासद राहूल गुप्ता, कक्कू सिंह, काले भैया उपस्थित रहे।

दोहरे हत्याकांड में जेल से बाहर आए आरोपी जान से मारने की दे रहे धमकी

बिजुआखीरी

- संपत्ति बेचकर पलायन करने की तैयारी कर रहा पीड़ित परिवार!
- पीड़ित परिवार ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई सुरक्षा व न्याय की गुहार
- दो माह पहले दिनदहाड़े हुई थी दो लोगों की नृशंस हत्या, आईजी ने संभाला था मोर्चा

भीरा थाना क्षेत्र के रडा गांव में आवारा पशुओं को भागने को लेकर करीब दो माह पहले हुए विवाद में एक ही पक्ष के दो लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी घटना के बाद बिगड़े माहौल के कारण स्वयं आईजी को मौके पर आकर मोर्चा संभालना पड़ा था और घटना में सत्ताईस लोगों को नामजद करते हुए कार्यवाही शुरू हुई थी लेकिन भीरा पुलिस की लचर कार्यशाली को लेकर के पीड़ित परिवार ने खीरी एसपी से सुरक्षा और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। मृतक रामजीत सिंह के बेटे कौशलेंद्र सिंह ने खीरी एसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि करीब दो माह पहले रडा गांव में मेरे पिता रामजीत सिंह की व उनके एक दोस्त गुड्डू सिंह की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी गई थी जिसमें आईजी और पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्यवाही का आश्वासन देकर मेरे पिता की हत्या में शामिल सभी सत्ताईस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था और मामला शांत हुआ था इसके बाद पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था वही पीड़ित परिवार ने घटना के बाद सही जानकारी हासिल करते हुए नामजद लोगों में से पांच

लोगों की निर्दोष होने की भी पुष्टि कर पुलिस अधीक्षक के समक्ष शपथ पत्र दे दिया था उसके बाद फिर भीरा पुलिस ने खेल खेलना शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि वर्तमान में तैनात भीरा एसओ का रवैया पीड़ित परिवार के प्रति शुरुआत से ही सही नहीं था और करीब दो महीने तक एक भी गिरफ्तारी थानाध्यक्ष ने नहीं की। वहीं पीड़ित परिवार ने शिकायत पत्र में यह भी बताया की थानाध्यक्ष भीरा इस मामले के विवेचक है और कूट रचित तरीके से विपक्षियों से लाखों रुपए का लेनदेन कर जेल में बंद विपक्षियों को बाहर निकलवा दिया है जबकि उक्त लोग घटना में शामिल थे और अब जेल से छूटने के बाद विपक्षी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं विवेचक महोदय की सोची समझी सुनियोजित योजना में सारे विपक्षी शामिल है तथा पीड़ित व उसके परिवार वालों को खुलेआम आरोपी धमकी दे रहे हैं और खुलेआम कह रहे हैं कि मामले की पहल करना बंद कर दो नहीं तो तुम्हारे बाप को मारा था वैसे ही तुम्हारे परिवार के साथ करेंगे वही शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि विवेचक डरा धमका कर गवाहों की खरीद फरोख्त कर रहे हैं पीड़ित का पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है तथा भय की वजह से अपनी सारी चल अचल संपत्ति बेचकर परिवार के साथ गांव से पलायन करने को मजबूर है पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

गांव के दक्षिण रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटा हुआ मिला अज्ञात महिला का शव

ओयल खीरी। चौकी क्षेत्र के ग्राम कादीपुर के निकट एक अज्ञात महिला का शव सुबह तीन बजे रेलवे ट्रैक पर छत विक्षत अवस्था में पड़ा मिला जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ओयल पुलिस को सूचना दी। तत्पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा।प्राप्त जानकारी अनुसार ओयल चौकी क्षेत्र के ग्राम कादी पुर में रात 3 बजे कादीपुर हॉल्ट से लगभग 400 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों ने एक अज्ञात महिला का

शव छत विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक पर देखा गया जिसकी सूचना तत्काल ओयल पुलिस को दी। शव ट्रेन से कटा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया महिला एक दो बार और गांव में देखी जा चुकी है जो मानसिक रूप से मंदित थी। लोगो ने आशंका जताते हुए कहा ये रात 3 बजे निकलने वाली माल गाड़ी से कटी है। सूचना पर पहुँची ओयल पुलिस ने काफी देर शिनाख्त करवाई किन्तु शिनाख्त न होने पर शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया।

एक करोड़ बयासी लाख से बन रही कान्हा गौशाला चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

- मामूली चोट में भूसे की तरह बिखर रही ईंट, सभासद के पति का ईंट तोड़ते वीडियो हुआ वायरल

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखीमपुर खीरी जिले में योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत आवारा गौवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए निघासन नगर पंचायत के पटेल नगर में नगर पंचायत द्वारा ई टेंडर प्रणाली के तहत कार्यदाई संस्था के द्वारा 1 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से स्थाई कान्हा गौशाला के निर्माण किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, गौशाला में किए जा

रहे भ्रष्टाचार की पोल एक सभासद के पति ने खोल कर रख दी। गौशाला के निर्माण में लगने वाली ईंट मामूली चोट में भूसे की तरह बिखर रही है। सभासद के पति का ईंट तोड़ते वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,

भ्रष्टाचार का यह मामला नगर पंचायत निघासन के पटेल नगर वार्ड का है जहां करोड़ो की लागत से बन

> एसडीएम राजीव निगम ने मामले से संबंधित निर्माण कार्यों की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

रही कान्हा गौशाला में ठेकेदार के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण में लगने पीला दोमा ईंट का प्रयोग किया जा रहा है, वहीं पूरे निर्माण में मौरंग की जगह बालू का प्रयोग किया जा रहा है, वायरल वीडियो में सभासद के पति का ईंट तोड़ते वीडियो भी सामने आया है, तो वहीं बुनियाद में लगाई गई ईंट भी खराब मसाले के चलते उखड़ रही हैं, मसाले में मौरंग की जगह रेता का इस्तेमाल किया जा रहा है, मसाले में औसतन सीमेंट भी कम लगाई जा रही है। इससे पहले भी इसी गौशाला के निर्माण को लेकर सभासदों ने ठेकेदार के कार्यों पर सवाल उठते हुए भ्रष्टाचार की पोल खोली थी, पर सेटिंग के चलते कोई कार्रवाई ही नहीं हुई, जिसको लेकर लोगो में आक्रोश है सभासदों ने बताया कि जांच और कार्रवाई न हुई तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे।

अब सवाल यह उठता है कि जब कार्यों में तकनीकी जांच के लिए जेई मौके पर जाकर कार्य गुणवत्ता जैसे ईंट, सरिया, मौरंग सीमेंट आदि का चुनाव स्वयं करते हैं, तो शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर ठेकेदार इतना बड़ा गोलमाल कैसे करते हैं, क्या इस भ्रष्टाचार में ठेकेदार से लेकर जेई, अधिशाषी अधिकारी सब शामिल हैं। सभासदों का कहना है कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच हो जाए तो कई जिम्मेदारों के ऊपर आंच आना तय है।

तेज रफ्तार का कहर, कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

ईसानगर खीरी। कोतवाली क्षेत्र धौरहरा में मंगलवार अल सुबह करीब 1.30 व दो बजे के बीच सिसैया ढखेरवा हाइवे पर एक्स यू वी व बाइक सवारो की तेज रफ्तार वाहनों की भिड़ंत होने से दो लोगों की मौके पर मौत व एक घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। करीब 1.30 व दो बजे के बीच सिसैया ढखेरवा हाइवे पर बबुरी मोड के आगे सफेद कलर की अनियंत्रित एक्स यू वी नंबर P 31-C C 4292 ने बाईक सवार झब्बू पुत्र जयराम निवासी मनकापुर कोतवाली सदर व संतोष पुत्र पृथ्वी पाल निवासी नरैनाबाबा कोतवाली धौरहरा की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली के उप निरीक्षक अरविंद तिवारी ने गंभीर रूप

से घायल हरेराम उर्फ हेमराज पुत्र जयराम निवासी मनकापुर कोतवाली सदर को सी एच सी धौरहरा भेजवाया। जहां चिकित्सकों द्वारा गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संतोष निवासी नरैनाबाबा के घर रिस्तेदारी होने के चलते दोनों सगे भाई एक साथ आये थे। आपस में बातचीत के बाद आला सुबह वापसी में संतोष भी साथ हो लिया था। बताया जाता है रिश्ते दारी होने के चलते तीनों लोग काफी दिनों से एक साथ बाहर मजदूरी करते थे।

परीक्षा देने जा रहे युवक की सरयू में डूबकर मौत

ईसानगर खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के चकदहा गांव निवासी ग्यारवीं का छात्र सोमवार को पड़ोसी जनपद बहराइच के शिवपुर में स्थित रामप्यारे इण्टर कालेज में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा देने जा रहा था। जो समय के अभाव में सरयू नदी को पार करने लगा, जहां गहरे पानी में जाकर वह डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे में हुई छात्र की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मचा मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसानगर थाना

क्षेत्र के ग्राम चकदहा निवासी पैकरमा यादव का 15 वर्षीय पुत्र राम सिंह यादव पड़ोसी जनपद बहराइच के शिवपुर में स्थित रामप्यारे इण्टर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ता था। जहां इस समय अर्द्ध वार्षिक परीक्षा चल रही है। जिसके चलते सोमवार को सुबह राम सिंह स्कूल एग्जाम के लिए जा रहा था। स्कूल जाते वक्त परीक्षा शुरू होने में समय कम बचा होने को देख वह पड़ोसी जनपद के पाठकपुरवा गांव के पास स्थित सरयू नदी को पार करने लगा। तभी पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र के गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद सरयू नदी से शव बरामद किया। घटना की जानकारी मिलते ही खैरीघाट थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। अचानक हुए हादसे की जानकारी होने से मृतक छात्र के परिवार समेत पूरे चकदहा गांव में कोहराम मचा हुआ है।

'प्रिंट रेट पर ही किसान खरीदें खाद, अधिक मूल्य पर बेचने वाले की करें शिकायत, होगी कार्रवाई'

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

- नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग के लिए किसानों को करें जागरूक: सीडीओ
- सीडीओ बोले, जिले में उर्वरक की कमी नहीं: जिलाधिकारी

जिले में कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने और अन्य उत्पादों की टैगिंग पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से मंगलवार शाम को कलेक्ट्रेट में सीडीओ अभिषेक कुमार ने उर्वरक निरीक्षकों, अन्य सम्बद्ध विभागों के अफसरों, थोक उर्वरक विक्रेताओं, बफर स्टाकिस्ट, उर्वरक प्रदायकर्ता संस्था के प्रतिनिधियों, इण्डो-नेपाल सीमा स्थिति निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने और अन्य उत्पादों की टैगिंग पर अंकुश लगाए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थिति उर्वरक विक्रेताओं, कम्पनी प्रतिनिधियों को डीएम ने कड़े निर्देश निर्गत किए कि किसी भी दशा में उर्वरकों की बिक्री बोरे पर अंकित खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर कदापि न की जाये तथा कृषकों को उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद का जबरन टैग न किया जाये।

सीडीओ ने इण्डो-नेपाल सीमा पर स्थित निजी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सचेत करते हुये निर्देशित किया कि किसी भी दशा में उर्वरकों की तस्करी/कालाबाजारी में संलिप्तता पाये जाने पर उनके विरूद्ध अन्तर्गत प्रभावी उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निर्देश दिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग के लिए किसानों को करे जागरूक-सीडीओ: सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देश दिए कि पीएम प्रणाम योजना जो भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी करने तथा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के प्रचलन को बढावा देने के लिए कृषकों को जागरूक करते हुये रासायनिक उर्वरकों की खपत में कमी करते हुये नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग को बल दिया जाये।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने उर्वरकवार उपलब्धता बताई। किसान बोरी पर प्रिंट रेट पर ही खाद खरीदें। उर्वरक विक्रेता किसानों को उनके आधार कार्ड और जोत बही के अनुसार पॉस मशीन से ही उर्वरक की बिक्री करें और बोरे पर अंकित प्रिंट दर की रसीद भी संबंधित किसान को उपलब्ध कराएं।यही कोई उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर से अधिक पर विक्रय करता है तो उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही फुटकर उर्वरक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर उर्वरक खरीदने आने वाले प्रत्येक का ब्योरा स्टाक व बिक्री रजिस्टर बनाकर उसमें दर्ज करेंगे। रजिस्टर में किसानों का नाम, पता, आधार नंबर, क्षेत्रफल तथा मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे। बैठक में डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, सहायक आयुक्त एवं निबंधन रजनीश प्रताप सिंह सहित थोक उर्वरक विक्रेता, बफर स्टाकिस्ट, उर्वरक प्रदायकर्ता संस्था के प्रतिनिधि, इण्डो-नेपाल सीमा स्थिति निजी उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे।

जमाखोरी और काला बाजारी को अंजाम देने के चलते सचिव पर मुकदमा दर्ज

मैलानी खीरी। साधन सहकारी समिति/बी-पैक्स मैलानी के सचिव पवनेश कुमार वर्मा पर मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी ने मुकदमा दर्ज करवाया। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि 18 अक्टूबर को दी गई तहरीर में साधन सहकारी समिति/बी-पैक्स पर उर्वरक डीश्एश्पीश को अपने निजी लाभ के चलते सचिव ने समिति पर उतरवाने के बजाए अन्यत्र बिक्री कर जमाखोरी और काला बाजारी को अंजाम दिया । जिला कृषि अधिकारी की तहरीर के आधार पर सचिव पवनेश कुमार के खिलाफ धारा 316(2) बी एन एस,धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम,धारा 19सी(11)उर्वरक नियंत्रण एक्ट 3ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया ।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अनील कुमार तिवारी को दी गई ।

चमकने लगा मिट्टी का कारोबार

- दीपावली त्यौहार पर दीए बनाने में जुटे कुंभकार

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

दीपावली पर्व को लेकर मिट्टी के दीए और खिलौने समेत अन्य सामानों की मांग बढ़ गई है बढी मांग को पूरा करने के लिए क्षेत्र के कुंभकार माल तैयार करने में जुटे हैं। बाजार में मिट्टी के दीए,कलश आदि अन्य सामान बनाने में कुंभकार इन दिनों तैयार करने में जुटे हैं।

मिट्टी के बर्तन बनाने का कारोबार करने वाले कुंभकार परिवार का भरण पोषण करने के लिए दीपावली त्यौहार पर दिन-रात मेहनत कर मिट्टी के आकर्षण बर्तन और दीए बनाकर लोगों

की दीपावली के साथ अपनी भी दीपावली को बेहतर बनाने के लिए दीयों की बिक्री की उम्मीद के साथ दिन रात मेहनत कर रहे हैं। दीपावली त्यौहार नजदीक आते ही प्रजापति समाज के लोग त्योहार के दिनों में अधिक सक्रिय होकर मिट्टी के सामान बनाने लगते हैं। इस बार दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी हर कोई दीपावली की तैयारी में जुटा है वहीं प्रजापति समाज के लोग पिछले एक पखवाड़े से मिट्टी के दीपक कलश आदि बना रहे हैं।

पड़रिया तुला निवासी बृज बिहारी प्रजापति, बिजुआ निवासी संजय प्रजापति, भैठिया निवासी अनिल प्रजापति आदि ने बताया कि आज के आधुनिक जमाने में मिट्टी से बने बर्तन दीपक आदि की लागत देने को भी लोग तैयार नहीं हैं। व्यवसाय की मंदी और आधुनिकता की दौड़ में मिट्टी से बने बर्तन और दीपक विलुप्त होते जा रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार मिट्टी से बने दीपक और बर्तन पवित्र एवं शुद्ध माने जाते हैं। इस कारण दीपावली पर आज भी मिट्टी के दीए प्रज्वलित करने का प्रचलन है।

इलेक्ट्रॉनिक झालर व दीये बढ़ा रहे बाजारों की रौनक

मिट्टी के दीयों व इलेक्ट्रॉनिक झालरों से अपने घर-आंगन को सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। बदलते ट्रेंड के साथ बाजारों में डिजाइनर इलेक्ट्रॉनिक दीये भी खूब आ गए है। इसी कारण कुम्हार भी दीये की अलग-अलग वैरायटी बनाने लगे हैं। पडरिया तुला इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार पंकज राठौर बताते है बीते वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष झालर की बिक्री बहुत कम है। लोग चाइनीज झालर का बहिष्कार कर रहे है जिसके चलते स्वदेशी झालर बिक्री के लिए लाए थे जो महंगी होने के कारण लोग बहुत कम खरीद रहे हैं ।यदि यूं ही बिक्री रही तो लागत ही निकले, वही बहुत।

चाइनीज झालरों पर भारी पड़ेंगे स्वदेशी दीये

आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही। मगर पिछले कुछ वर्षों से स्वदेशी निर्मित उत्पादों के प्रयोग को लेकर कई स्वयंसेवी संगठन खड़े हुए हैं ।कुम्हार दिवाली में भी ऐसे ही स्वदेशी दीयों को ग्राहक मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। इसी उम्मीद में कुम्हारों के चाक फिर से चल पड़े हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक बार फिर से उनके अच्छे दिन लौटकर आएंगे। इसी उम्मीद में दिए तैयार करने का काम जोरों पर चल रहा है। पडरिया तुला निवासी बृज बिहारी प्रजापति ने बताया कि दीपावली दीयों का त्योहार है, इसी उम्मीद के साथ उनकी चाक का पहिया घूमने लगा है। उम्मीद है कि इस बार मिट्टी के दीए ज्यादा बिकेंगे। इससे हम कुम्हारों की दीपावली भी पहले से बेहतर रहेगी।

75 जिलों के शिक्षकों ने घेरा माध्यमिक निदेशालय, अफसरों के खिलाफ नारेबाजी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रदेश के 75 जिलों से आए शिक्षकों ने 19 सूत्रीय मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक का घेराव किया। नाराज शिक्षकों ने सरकार और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

संघ के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगे। चेत

मांगें पूरी न होने पर दो दिसंबर से जेल भरो आंदोलन होगा शुरू

नारायण सिंह ने कहा कि पिछले लंबे समय से हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही है। आज हम लोग चेतावनी प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन पर सरकार की नीयत ठीक नहीं लग रही है। तदर्थ शिक्षक नवंबर 2023 से वेतन के लिए भटक रहे हैं। चेत नारायण ने कहा पूरे प्रदेश में सेवा सुरक्षा को तोड़ने की करने की कोशिश हो रही है। प्रबंधकों द्वारा शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। आज अधिकारियों की लापरवाही के कारण शिक्षक विद्यालय छोड़कर बार-बार प्रदर्शन करने पर मजबूर होते हैं। हम शिक्षक हैं और हमें अपना अधिकार लेना आता है। हमने पहले भी कई सरकारी और ऐसे अधिकारी देखे हैं जो तानाशाही करना चाहते थे मगर हमारा संगठन कभी पीछे नहीं हटा। शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी संजय द्विवेदी ने कहा कि सरकार अगर संगठन से वार्ता करें तो समस्याओं का समाधान निकल जाएगा। अधिकारी लगातार सरकार और मुख्यमंत्री को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री का योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर

योजनाओं पर आवंटित धनराशि खर्च न करने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने, लंबित मामलों के निस्तारण और योजनाओं के प्रचार-प्रसार को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर देरी अस्वीकार्य होगी और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि हर योजना का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे।

उन्होंने योजनाओं की धनराशि खर्च न करने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी और निर्देश दिया कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि समय से सदुपयोग करते हुए लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। मंत्री कश्यप ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कम्प्यूटर प्रशिक्षण ट्रिपल सीओ लेवल के प्रशिक्षार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति पर जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थियों को उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में धनराशि शीघ्र हस्तांतरित की जाए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शादी अनुदान योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने समयबद्ध तरीके से सभी आवेदकों को भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की जनपदवार स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि आवेदन और भुगतान की प्रक्रिया में कोई रुकावट न हो। विभाग में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए ताकि योजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन में कोई बाधा न आए।

दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं का करें प्रचार

छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए प्रेषित धनराशि की जानकारी जनपद और मण्डलीय अधिकारियों को भी समय पर दी जाए, ताकि किसी भी स्तर पर देरी न हो। वेबसाइट की धीमी गति से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, उन्होंने अधिकारियों को इसका तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री कश्यप ने दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और उनके लिए अधिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। 2024-25 के बजट के उपयोग की समीक्षा करते हुए विभागीय निर्माण कार्यों और संचालित विद्यालयों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के आदेश दिए। दिव्यांगजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मोबाइल कोर्ट की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया ताकि मुद्दों का तुरंत निपटारा हो सके। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए कार्यशालाओं का आयोजन कर भागीदारी और जागरूकता को बढ़ाने के निर्देश दिए।

खबरें एक नजर में

पम्प चालू करते समय करंट लगने से युवती की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। जानकारी के अनुसार, निगोहां तहसील के मीरखनगर गांव के किसान दिनेश उर्फनन्हऊ की बेटी सलोनी (19) सुबह घर पर अपने भाई शिवा के साथ थी। दिनेश और उनकी पत्नी पूनम, बड़ी बेटी शालू के साथ खेतों में पशुओं के लिए चारा लेने गए हुए थे। इस बीच, सलोनी ने पानी भरने के लिए घर में लगे समर सेबल पम्प की मोटर चालू करने की कोशिश की। जैसे ही उसने बिजली बोर्ड में तार जोड़ने की कोशिश की, करंट लग गया और वह बेहोश हो गई। घटना के समय घर पर मौजूद छोटे भाई शिवा ने बहन को मरणासन्न हालत में देखा तो तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सलोनी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना परिवार के लोग घर पहुंचे। मौके पर पहुंची निगोहा थाने की पुलिस ने पंचनामा भर कर बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। सलोनी एक स्थानीय स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्र थी।

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर कार्यक्रम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर अजमेर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा संगठन मंत्री एवं तेलंगाना के प्रदेश प्रभारी चंद्रशेखर ने कहा, महर्षि दयानंद ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ा था, वे वास्तव में नव जागरण के सच्चे पुरोधा थे। संगठन मंत्री ने कहा, ज्ञानात्मक नेतृत्व महर्षि दयानन्द ने ही किया था। पं रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगतसिंह, लाला लाजपतराय व स्वामी श्रद्धानन्द आदि हजारों स्वतन्त्रता सेनानियों के प्रेरक महर्षि दयानन्द ही थे। उन्होंने ही देश को अंधविश्वास-कुरीतियों से मुक्त किया और सोये भारत को जगाया व संजीवनी दी। इस मौके पर परोपकारिणी सभा की ओर से प्रधान ओममुनि और मंत्री कन्हैयालाल आर्य ने बीजेपी नेता चंद्रशेखर का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

सुशांत गोल्फसिटी के आवंटियों ने दर्ज कराई शिकायत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सुशांत गोल्फसिटी के आवंटियों ने जीडी गोयनका स्कूल प्रबंधक के खिलाफ एलडीए में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधक लुलु मॉल के पीछे ग्रीन लैंड की जमीन पर गेट खोल रहा है। यहां नया रास्ता भी बनाया जा रहा है। इसकी वजह से ग्रीन लैंड की जमीन को नुकसान पहुंच रहा है। यहां की स्थानीय सोसायटी की अध्यक्ष एमएल साहू ने बताया कि कई बार शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। एलडीए के उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को टीम भेजी गई है। मामले की जांच हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर इस मामले में एलडीए की तरफसे उचित कार्रवाई नहीं की गई तो स्थानीय लोग विरोध करने को विवश होंगे। लोगों ने एलडीए से आवेदन किया इस मामले में जीडी गोयनका प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इंजीनियर्स एसोसिएशन ने रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग उठाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। यूपी इंजीनियर्स एसोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग में रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग उठाई है। सेवानिवृत्ति के कारण विभिन्न स्तरों पर अभियंताओं के 87 पद रिक्त हैं। यूपी इंजीनियर्स एसोसिएशन ने इन पदों को भरने के लिए प्रमुख अभियंताओं और अन्य उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजीनियर आशीष यादव ने बताया कि रिक्त पदों के चलते विभागीय कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए, समय पर पदोन्नति सुनिश्चित करने से न केवल अभियंताओं के उत्साह में वृद्धि होगी बल्कि इससे कार्यों को गति भी मिलेगी। एसोसिएशन ने सुझाव दिया है कि पदोन्नति से सहायक अभियंताओं के परिणामी रिक्तियों में बढ़ोतरी होगी। इससे नई भर्तियों का अवसर भी मिलेगा। एसोसिएशन ने मांग की है कि 30 जून 2025 तक सेवानिवृत्ति और पदोन्नति से रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाए।

पटाखों की फैक्ट्री का भंडाफोड़, त्योहार पर बेचने की थी तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के दरियापुर गांव में अवैध रूप से पटाखा बना रहे व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 600 देशी पटाखे और 3.5 किलोग्राम अवैध बारूद बरामद हुआ है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अंकुर मौर्या (36) के रूप में हुई है, जो बंथरा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव का रहने वाला है। मंगलवार को बंथरा थाने के उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार कन्नौजिया को एक मुखबिर से सूचना मिली कि दरियापुर में अवैध पटाखे बनाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और दरियापुर गांव पहुंची, जहां अंकुर मौर्या को दो प्लास्टिक की बोरियों के साथ पकड़ा है। पुलिस की पूछताछ में अंकुर ने कबूल किया कि वह इन पटाखों को दीपावली के मौके पर बेचने के लिए बना रहा था। उसकी गिरफ्तारी के दौरान मौके से 45 पैकेट और 375 सिंगल पीस देशी पटाखे बरामद हुए।

कांग्रेस का संपूर्णानंद स्टेडियम का नाम बदलने को लेकर प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फिर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय से निकल कर राज भवन की ओर जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इससे कार्यकर्ता नाराज हो गए और नारेबाजी करने लगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बनारस में डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम का नाम बदला जा रहा है जिसका वह विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष शहजाद आलम ने कहा कि भाजपा लगातार महापुरुषों का अपमान कर रही है। नाम बदलने की राजनीति से भाजपा को कोई लाभ नहीं होने वाला। शहजाद आलम ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि हमारे महापुरुषों के नाम से बने ऐतिहासिक इमारत और स्टेडियम के नाम बदले जा रहे। आधुनिक निर्माण के नाम पर बाबू डॉ. संपूर्णानंद का नाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जो काफी आपत्तिजनक और शर्मनाक है।

गोसाईगंज में मिला व्यक्ति का शव, हत्या का शक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10.15 बजे डायल 112 ने सूचना दी कि सैयाबोझ गांव थाना गोसाईगंज के रामखेलावन (40) की मौत हो गई है। मृतक के भाई राजू द्वारा संदिग्धता प्रकट की गई है। गांव वालों से पूछताछ पर पता लगा की मृतक नशे का आदि था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

कमीशन कम करने व राइड का रेट बढ़ाने की मांग, प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में कैब चालकों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर ओला, उबर, रैपीडो और इन-ड्राइवर के चालकों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल चालकों ने बताया कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। कैब चालक जाहिद ने बताया कि हम सभी ड्राइवरों की मांग है कि कंपनी राइड का रेट बढ़ाए। कंपनी राइड पर अधिक पैसा लेती है मगर चालकों को कम पैसे देती है। हम लोगों को गुमराह करके 10 लाख की चार पहिया वाहन दिलवा दिया गया। कैब कंपनी ने जो वादे किए थे वह पूरा नहीं किए।

शिया कॉलेज के प्लेसमेंट ड्राइव में 150 छात्रों में से 44 को मिला रोजगार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। शिया पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनाब मौलाना डॉ यासूब अब्बास, सेक्रेटरी, मजलिस-ए-उलेमा, शिया पी0 जी0 कॉलेज के कर-कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, बजाज आलियांज हेल्थ इंश्योरेंस, पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड तथा भूपेश दूतेजा एंड कंपनी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 150 से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया, जिनमें से कुल 44 छात्रों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर प्राप्त हुए।

यूपी में रेशम उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं व संसाधन मौजूद : योगी

समृद्धि न्यूज

सीएम योगी ने सिल्क एक्सपो कार्यक्रम को किया संबोधित

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो 2024 के उदघाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यूपी में रेशम उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं और प्रचुर संसाधन है जिसकी बदौलत यह राज्य भारत को रेडीमेड गारमेंट्स के क्षेत्र में दुनिया में अहम स्थान दिला सकता है।

रेडीमेड गारमेंट्स के क्षेत्र में दुनिया के छोटे-छोटे देशों की धमक है। जिन लोगों के पास संसाधन कम और संभावनाएं न के बराबर हैं, वे आगे बढ़ चुके हैं। हमारे पास संभावना और संसाधन भी है। काम चाहने वाली आधी आबादी के बड़े तबके को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्किटिंग, पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो दुनिया में रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का स्थान उत्तर प्रदेश व भारत ले सकता है। इस संभावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का लाभ लेना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब यूपी का किसान रेशम उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा। 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश ने परंपरागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए पॉलिसी बनाई। 75 जनपदों के लिए वहां के एक उत्पाद को चिन्हित करते हुए आगे बढ़ाया। यही कारण है कि 75 जनपद का यूनिक प्रोडक्ट है, जिसे हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट कहा। ओडीपीओपी को सरकार ने मार्केट, डिजाइनिंग, पैकेजिंग से जोड़ा तो इससे रोजगार का सृजन हुआ और परंपरागत उत्पादों का एक्सपोर्ट भी प्रारंभ हुआ। यूपी के 75 जनपदों में 75 जीआई प्रोडक्ट हैं, जिन्हें देश के अंदर मान्यता प्राप्त हुई है। यह संभावना यूपी में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान का नारा सदैव से प्रचलित रहा है। जीव सृष्टि व किसी भी व्यक्ति के लिए हवा-पानी तो आवश्यक है ही, लेकिन रोटी, कपड़ा, मकान भी आवश्यक है। कपड़ा न सिर्फजीवन की आवश्यकता है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम भी है। रेशम, प्राचीन काल से ही इसकी अलग-अलग पद्धतियां रही हैं। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में इस फील्ड में अनेक संभावनाएं विकसित हो सकती हैं।

सीएम योगी ने गृह मंत्री के 60वें जन्मदिन पर दी बधाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दी और उन्हें ''अनुशासन और परिश्रम का जीता जागता प्रतीक बताया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह मंगलवार को 60 वर्ष के हो गए। मुख्यमंत्री ने उनसे फोन पर बात करके उन्हें बधाई दी। मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अनुशासन और कर्मठता के जीवंत प्रतीक, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, सहकार से समृद्धि के भाव को निरंतर चरितार्थ कर रहे लोकप्रिय जननेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा, समृद्ध, सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु आपकी प्रतिबद्धता ने मां भारती को निरंतर गौरवभूषित किया है।

लोक निर्माण विभाग में छह माह बाद भी नहीं जारी हो पाईं नवीन स्वीकृतियां

समृद्धि न्यूज

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

लखनऊ । लोक निर्माण विभाग उ.प्र. में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के सापेक्ष कार्य योजना का अन्तिमीकरण अभी तक नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप कार्य योजना के सापेक्ष नवीन स्वीकृतियां भी निर्गत नहीं हो सकी हैं, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में छः माह से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। स्वीकृतियां जारी होने के पश्चात् तकनीकी स्वीकृति, निविदा आमंत्रण एवं अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया में भी लगभग दो माह का समय लग जाता है। संघ की तरफ से कहा गया कि विलम्ब से स्वीकृति जारी कर जल्द कार्य का दबाव बनाया जाता है। ऐसे में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है फिर अभियंताओं पर बेजा कार्रवाई की जाती है।

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने छः माह से अधिक समय व्यतीत होने के बावजूद स्वीकृतियां नहीं जारी करने पर मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार को पत्र लिखा है। संघ ने पत्र विभागीय प्रमुख सचिव एवं प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष को भी पत्र लिखा है। संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि स्वीकृतियां जारी होने के पश्चात् तकनीकी स्वीकृति, निविदा आमंत्रण एवं अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया में भी लगभग दो माह का समय लग जाता है। माह दिसम्बर एवं जनवरी में तापमान में अतिशय गिरावट होने पर विशिष्टियों के अनुरूप विटुमिनस कार्य सम्पादित नहीं हो सकता है। स्वीकृतियां विलम्ब से जारी होने पर माह फरवरी एवं मार्च में कार्य का अतिशय दबाव डाला जायेगा। वित्तीय वर्ष में समय कम बचने पर प्रतिकूल मौसम यथा भारी ठंड में भी विष्शिटियों के विपरीत कार्य कराने का दबाव बनाया जाता है। परिणामस्वरूप गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ ही साथ बजट सरेन्डर,लैप्स की भी सम्भावना बनेगी तथा विभाग की छवि धूमिल होगी, जो कि विभागीय हित में नही है। संघ ने मांग की है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के सापेक्ष कार्य योजना के अन्तिमीकरण के साथ ही साथ नवीन स्वीकृतियां यथाशीघ्र जारी करायी जाय।

अनूठा प्रयास : शिक्षकों में नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । परिषदीय शिक्षकों के बीच शैक्षिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने और कला, शिल्प व कठपुतली जैसी रचनात्मक विधियों के जरिए शिक्षण में सुधार लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक अनूठा प्रयास कर रही है। राज्य स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री शिक्षण प्रतियोगिता का आयोजन कर शिक्षकों को पारंपरिक शैक्षिक तरीकों से हटकर नई और प्रभावशाली विधियों के माध्यम से शिक्षा को अधिक आकर्षक और प्रभावी बनाने के गुर सिखाए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वर्ष 2017-18 में योगी सरकार के गठन के साथ ही किया गया था। अब इस वर्ष इसका आयोजन 21 से 25 अक्टूबर के बीच किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद से चयनित एक शिक्षक को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा गया है, जो अब लखनऊ स्थित एससीईआरटी में दूसरे चरण के तहत आयोजित प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा दिखाकर खुद को श्रेष्ठ साबित करने की पुरजोर कोशिश कर रहा है।

इस प्रतियोगिता में 75 जनपदों से कुल 375 शिक्षकों को अपनी प्रतिभा सिद्ध करने का अवसर मिला है। अब प्रतिभागी शिक्षक टीएलएम के सहयोग से यह साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके द्वारा तैयार की गई शिक्षण अधिगम सामग्री के उपयोग से बच्चों को निपुण बनाया जा सकता है।

क्या कहते हैं संयुक्त निदेशक

एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान का कहना है कि सरकार की मंशा के अनुरूप किसी एक शिक्षक का नाम बार-बार प्रतियोगिता के लिए न भेजने और नए शिक्षकों को प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका देने के निर्देश दिए गए थे। नए शिक्षकों को अवसर देकर उनके नवाचार को सामने लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ के निदेशक गणेश कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता शिक्षकों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे अपनी रचनात्मकता और नवाचारों को प्रदर्शित कर सकते हैं। शिक्षण को कला, क्राफ्ट और पपेट्री जैसी विधियों के साथ जोड़ना शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने का महत्वपूर्ण कदम है।

28 को राजधानी में ज्योतिष कुंभ का होगा आयोजन

लखनऊ । गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में आगामी 28 अक्टूबर ज्योतिष कुम्भ का आयोजन किया जाएगा। राजधानी में पहली बार देश भर के ज्योतिषाचार्यों का जमघट लगेगा। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लगने वाले इस कुम्भ में आम लोगों को मुफ्त में ज्योतिष परामर्श हासिल हो सकेगा। खाटू श्याम मन्दिर के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ज्योषित कुंभ में आए हुए जनमानस को निःशुल्क ज्योषित परामर्श उपलब्ध कराना है। ज्योतिष कुंभ कार्यक्रम में जन्म पत्रिका, अंक ज्योतिष, कुंडली मिलान, लाल किताब, ग्रह शांति की उचित जानकारी व परामर्श के साथ निःशुल्क कुंडली उपलब्ध कराई जाएगी।

वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त हुए सात लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

लखनऊ । नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग सात लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव यूपीनेडा को प्राप्त हुए हैं। इसमें से लगभग 57 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के तहत बायो ऊर्जा क्षेत्र के हैं। कम्प्रेस्ड बायोगैस, बायो डीजल तथा बायोकोल के प्लांटों की स्थापना हेतु 198 प्रस्तावों को यूपीनेडा द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिनमें से 32 प्रस्तावों को पूर्व में राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में 21 परियोजनाओं को राज्य स्तरीय समिति का अनुमोदन मंगलवार को प्रमुख सचिव, ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रदान किया गया है। 53 जैव ऊर्जा परियोजनाओं के सापेक्ष 2,525 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। यूपी 210 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के साथ सीबीजी के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। मंगलवार को समिति की बैठक में विषय-विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी दिल्ली के प्रो वीके विजय, नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ बायो-एनर्जी कपूरथला पंजाब के डॉ सचिन कुमार, तथा लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ ज्योत्स्ना सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पीडीए के साथ अन्याय कर रही है भाजपा

समृद्धि न्यूज

अखिलेश यादव ने कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं, नेताओं की बैठक को किया सम्बोधित

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए परिवार को समाजवादी पार्टी में ही सम्मान मिलता है। 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीडीए को न्याय, हक और सम्मान मिलेगा। भाजपा सरकार पीडीए के साथ अन्याय, अत्याचार कर रही है। हक छीन रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा चाहे जितनी रणनीति बना ले, साजिश और षडयंत्र कर ले, इस बार पीडीए परिवार एकजुट होकर भाजपा को हराएगा।

अखिलेश यादव मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं, नेताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि कुशवाहा, सैनी, समाज का लम्बा इतिहास रहा है। सम्राट अशोक का नाम इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। समाजवादी पार्टी पर आपके भरोसे का सम्मान किया जाएगा। समाजवादी पार्टी भी आप पर भरोसा करती है। उन्होंने समाज के समर्थन और स्वागत के लिए आभार जताया। अखिलेश यादव ने कहा कि सामंती और पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ ही पीडीए है। भाजपा से मुक्ति समाज के हित में है। भाजपा पीडीए परिवार की दुश्मन है। यह उपचुनाव में भी देखने को मिल गया। भाजपा पीडीए से जुड़े बीएलओ, अधिकारियों, पुलिस के लोगों का नाम देखकर, जाति के आधार पर हटा रही है। जाति के आधार पर निर्देश दे रही है। लखनऊ में बैठे बड़े-बड़े अधिकारी भाजपा को जिताने और समाजवादी पार्टी को हराने की रणनीति बना रहे है और अपने जाति के अधिकारियों को तैनात कर रहे हैं। पीडीए परिवार के लोग सब कुछ देख रहे और सब कुछ समझ रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा भेदभाव करती है। समाज में नफरत फैलाती है। बेईमानी और सत्ता का दुरुपयोग करती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग किया। जनता ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में निर्णय दिया था लेकिन भाजपा ने बेईमानी से सत्ता पर कब्जा किया, जनादेश का अपमान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में जिलाधिकारी भाजपा के जिलाध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है और समाजवादी पार्टी के नेताओं और जिम्मेदार लोगों ने बताया भी है कि अम्बेडकर नगर के जिलाधिकारी भाजपा जिलाध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। वे प्रधानों और कोटेदारों को ढूंढ़ रहे हैं। उन्हें डरा धमका रहे हैं जबकि अभी नामांकन पत्र भी दाखिल नहीं हुए हैं। श्री यादव ने कहा कि क्या आईएएस अधिकारियों को यही ट्रेनिंग दी जाती है? हम लोग ऐसे अधिकारियों की फोटो लगाकर जनता को बताएंगे कि ये अधिकारी नहीं भाजपा संगठन के कार्यकर्ता बन गये हैं।

निर्देश | **मोबाइल वेटरनरी यूनिट के इमरजेंसी चिकित्सा का सत्यापन डैशबोर्ड पर प्रतिदिन किया जाए : धर्मपाल**

गो आश्रय स्थलों में खरीदे जा रहे भूसे-चारे की गुणवत्ता का सत्यापन अनिवार्य

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गोआश्रय स्थलों को आवंटित धनराशि, खरीदे जा रहे भूसा एवं अन्य चारा की मात्रा तथा गुणवत्ता का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि गोआश्रय स्थलों में एकत्रित गोबर की खाद किसानों को देकर उसके बदले पराली या अन्य अवशेष प्राप्त कर लिया जाए, जिससे गोबर के निस्तारण तथा फसल अवशेष के जलाये जाने की समस्या का निदान आसानी से हो सके। अधिकारियों द्वारा किसानों एवं पशुपालकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समय से लाभार्थियों को दिया जाए और योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि सभी को उसका लाभ मिल सके। धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध विकास एवं पशुधन विकास विभाग की साप्ताहिक सम

नहरों के सिल्ट सफाई में कार्य के पहले व बाद में हो फोटोग्राफी

- किसान दिवस की बैठक में शिकायतों का समय से हो निस्तारण: डीएम
- नहरों की अवैध रूप से कटान करने वालों पर होगी एफआईआर

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जनपद में आगामी रबी फसली 1432 में कृषकों को सुचारूरूप से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद की नहरों की सिल्ट सफाई / स्कैपिंग का कार्य कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एक्सईएएन सरयू नहर खण्ड-4 दुर्गेश कुमार गर्ग के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 190 नहरें तथा 1128 किलोमीटर की है। जिसमें केवल 165 नहरों की 850 किलोमीटर की सिल्ट सफाई का कार्य किया जाना है।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नहरों की सिल्ट सफाई के दौरान कार्य शुरू होने से पहले एवं कार्य पूर्ण होने के बाद का फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफी आवश्यक रूप से कराया जाय। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जनपद में जितने भी नहरों की सिल्ट सफाई किया जाना है, उन सभी नहरों के लिए संबंधी विभाग से एई एवं जेई की ड्यूटी लगाई जाय, तथा उनको यह निर्देश दिया जाय, कि कार्य प्रारम्भ के समय बराबर निरीक्षण करें तथा अपनी उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नहरों की सिल्ट सफाई में यदि कहीं गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। इस बैठक में जनपद की नहरों तथा उस पर विगत वर्ष कराये गये सिल्ट सफाई कार्यों की भी चर्चा के साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष में सिल्ट सफाई / स्कैपिंग कार्यों हेतु चयनित नहरों पर चर्चा की गयी। जिसमें जनपद में लगभग 850 किमी0 नहरों की सफाई कराने की तैयारी कर ली गई।

बैठक के दौरान डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसान दिवस की बैठक में किसान बन्धुओं द्वारा अवगत कराए गए।

शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि नहरों के अवैध कटाने करने वालों के खिलाफ तत्काल करायें एफआईआर।

साध्वी सिंह बनी असिस्टेंट प्रोफेसर, बधाईयों का लगा तांता

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के बेलसर क्षेत्र के निवासी राम कुमार सिंह की पुत्री साध्वी सिंह ने असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर माता पिता का नाम रोशन किया है।

साध्वी सिंह के पिता राम कुमार सिंह नगर पंचायत क्षेत्र के बरसड़ा के किसान है। इनकी माता साधना सिंह गांव के स्कूल में शिक्षा मित्र थी। 2019 में गंभीर बीमारी से उनकी मौत हो चुकी है। बाबा हीरा सिंह प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक थे, समाज में उनकी पहचान एक न्यायिक व्यक्ति के रूप में थी। बताया जाता है कि समाज के बड़े बड़े मामले को वे गांव में ही सुलझा दिया करते थे। साध्वी सिंह की प्राथमिक शिक्षा गांव के अंबिका प्रसाद में हुई जबकि इंटर महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कालेज बेलसर, स्नातक एवं परास्नातक एलबीएस कालेज गोंडा से किया। स्नातक में गोल्ड मेडल भी मिला था। वर्तमान में एलबीएस कालेज गोंडा में सहायक के तौर पर अध्यापन कर रही है। असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर पिता रामकुमार सिंह, नीरज सिंह असिस्टेंट कमिश्नर अमेठी,मोहित सिंह, लाल साहब सिंह, पंकज बाबा बेलसर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बाल श्रमिकों का पुनर्वासन कार्यक्रम आयोजित

बहराइच। गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था प्रथम द्वारा बाल श्रमिकों को पुनर्वासित करने के लिए पारिवारिक व्यावसायिक सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिन गरीब परिवारों के बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्ति दिलाई गई थी, उनके परिवारों को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें विभिन्न परचून के सामानों से सुसज्जित ढाबली दी गई। इससे पूर्व इस कार्यक्रम को पुलिस उपाधीक्षक हर्षित तिवारी, सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के तुषार कदम ने बताया कि उनकी संस्था 17 वर्षों से बहराइच जनपद में यह कार्य संचालित कर रही है।

महिलाओं को सशक्त बनाना मिशन शक्ति का उद्देश्य: सचिव

श्री लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व महिला कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से श्री लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत आपरेशन मुक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दानिश हसनैन व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की गई।

सचिव ने लोगों को विधिक जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसको खत्म करना हम लोगों की अहम जिम्मेदारी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने बालिकाओं को अपने उद्देश्यों को पूरा करने के कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। संरक्षण अधिकारी चंद्र मोहन वर्मा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप सभी से मेरी अपेक्षा है कि उक्त योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने में विभाग का सहयोग करें।

महिला थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए जारी टोल फ्री नंबर जैसे 112, 181, 1090, 1098, 108, 102, 1076, 1930 आदि की जानकारी दी गई। सेंटर मैनेजर चेतना सिंह द्वारा जनपद में संचालित वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया गया। श्री लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने सभी बालिकाओं को शसक्त होने के साथ-साथ पूर्ण रूप से जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

रेलवे स्टेशन के पास वृद्ध की क्षत विक्षत मिली लाश, फैली सनसनी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-गोरखपुर प्रखंड पर बभनान क्षेत्र में परसा तिवारी स्टेशन के पास मंगलवार को वृद्ध की क्षत-विक्षत लाश मिली। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल चौकी बभनान से सहायक उप निरीक्षक हरिराम यादव,कांस्टेबल बबलू राम मीना मौके पर पहुंचे। अप लाइन के बगल में छत- विक्षत अवस्था में शव पड़ा था। मृतक के लड़के शिव पूजन ने उसकी पहचान अपने पिता दुर्गा प्रसाद शुक्ला पुत्र स्वर्गीय रामकुमार शुक्ला पोस्ट मंडप थाना परशुरामपुर जिला बस्ती उम्र 75 वर्ष के रूप में की। थाना छपिया से उप निरीक्षक सागेंद्र राय मय स्टाफ पहुंचे। मृतक की तलाशी में उसके पास कोई टिकट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बारादरी का मनरेगा से होगा सौंदर्यीकरण

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले की मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने संबंधित अधिकारियों के साथ वजीरगंज स्थित बारादरी पर बैठक किया व सौंदर्यीकरण की रूपरेखा पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि मनरेगा की योजना से प्रदेश में 20 करोड़ रुपयों की लागत से 84 ग्राम पंचायतों में पर्यटन के दृष्टिगत ग्रामीण पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण का कार्य होना है। गोण्डा जनपद में इस योजना के तहत इकलौती ग्राम पंचायत वजीरगंज का चयन किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रूप रेखा तैयार करके लाने को कहा। उन्होंने नाव से झील का निरीक्षण भी किया। सीडीओ ने वजीरगंज के जूनियर हाईस्कूल में स्थापित अंतरिक्ष प्रयोगशाला भी देखी। पंचायत भवन के बाहर आई लव वजीरगंज सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी लिया। मौके पर प्रधान सुशील जायसवाल उप निदेशक पर्यटन अयोध्या/देवीपाटन मंडल राजेन्द्र प्रसाद जिला पर्यटन अधिकारी वंदना पांडेय, श्रम उपायुक्त जनार्दन प्रसाद यादव, कार्यक्रम अधिकारी उमेश ओझा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई आर के अवस्थी, एडीओ पंचायत गणेश प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी कृष्ण कुमार, कंसल्टिंग इंजीनियर अशोक जायसवाल, तकनीकी सहायक केबी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

नगर में चारों तरफ हो रहा है अवैध खनन धृतराष्ट्र बना जिला प्रशासन

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

नगर कोतवाली क्षेत्र में खनन के नाम पर धड़ल्ले से मिट्टी लदी ट्रालियां सड़कों पर दौड़ रही हैं,लेकिन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी खामोश हैं।यदि कभी मामला फंसता है तो भट्ठा या नगर पालिका की सड़क का सहारा लेकर अफसरों को गुमराह किया जा रहा है।नगर में इन दिनों मिट्टी खनन का कार्य अवैध रूप से धड़ल्ले से चल रहा है। दिन में मामला चर्चा में रहने की वजह से अवैध खनन कराने वालों ने समय में परिवर्तन कर लिया है।

इस समय जब पुलिस सुबह की नींद लेती है उस समय से खनन का कार्य शुरू हो जाता है। सुबह चार बजे से दस बजे के बीच मिट्टी लदी ट्रालियां सड़क पर दौड़ती हैं। यह सभी अवैध रूप से मिट्टी ढो रही हैं। जेसीबी और रैपर लगाकर बेलसर रोड़,कटहा घाट रोड़,फैजाबाद रोड़ आदि पर मिट्टी खोदी जा रही है। मंगलवार को सुबह के समय एलबीएस चौराहे के पास मिट्टी लदी ट्रालीया तेज गति से दौड़ रही थी। कृषि कार्य में उपयोग होने वाली ट्रैक्टर ट्रलियों से अवैध तरीके से मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। इस तरह का खेल खनन को लेकर चल रहा है और पुलिस व प्रशासनिक अफसर अनजान बने बैठे हैं।

वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज। वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विशेश्वरगंज पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 513/19 धारा 323,504, 506 भादवि थाना विशेश्वरगंज से सम्बन्धित वारंटी राम चंद्र पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम तिखडिया दा प्रतापपुर तरहर को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक करके न्यायालय एसीजेएम बहराइच के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रमाशंकर यादव व का प्रदीप यादव शामिल रहे।

अखिलेश उप चुनाव में जीत के लिए भाजपा पर दंगा करवाने का लगा रहे आरोप : विधायक

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

शहर के काजीपुरा में मंगलवार को भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने दर्ज कराए गए केस के मामले में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव द्वारा उपचुनाव जीत के लिए भाजपा पर दंगा करवाने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर को केस दर्ज करवाने के बाद उन्हें अर्पित श्रीवास्तव के भाजपा पदाधिकारी होने की जानकारी हुई। जिले के महसी विधान सभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कोतवाली नगर में भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष प्रथम समेत आठ लोगों के विरुद्ध बलवा फैलाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। इस मुद्दे को सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उठाते हुए भाजपा पर ही दंगा करवाने का आरोप लगाया।

जिसको लेकर भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने मंगलवार सुबह 11.30 बजे प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव उप चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए भाजपा पर दंगा करवाने का आरोप लगा रहे हैं। उप चुनाव के बाद सब शांत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में उपद्रवी शामिल थे। जिन्होंने एंबुलेंस के साथ मर्च्यूरी में तोड़फोड़ की। विधायक ने कहा कि जितने भी नामजद लोग हैं, सभी का सीसीटीवी फुटेज पुलिस देखेगी। विवेचना के बाद जिनकी गलती होगी, उनके विरुद्ध कार्यवाई पुलिस करेगी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में लोग नशे में थे। एक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि सिर्फ दोषी लोग ही पकड़े जाएंगे। साथ ही विवेचना के दौरान किसी को परेशान भी पुलिस नहीं करेगी। विधायक ने कहा कि 13 अक्टूबर को डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह और नगर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मेरे बेटे अखंड प्रताप सिंह के वाहन को रोका गया और एक राउंड फायरिंग भी की गई।

करंट लगने से अधेड़ की मौत, घर का काम करते समय लगा था करंट

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़। विशेश्वरगंज अंतर्गत एक गांव निवासी अधेड़ व्यक्ति की मंगलवार को सुबह करंट लगने से मौत हो गई। व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। जिले के थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम गंगा जमुनी के मजरा नउवा गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र उदय राज उम्र लगभग 55 वर्ष घर का काम करते वक्त करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज लाया जहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित किया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। घर वालो का रो रो कर बुरा हाल है।

चार माह से कलेक्ट्रेट में चल रहा धरना समाप्त

- विधायक और जिलाध्यक्ष ने पिलाया पीड़िता को जूस

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के मैना नेवरिया गांव निवासी एक महिला की जमीन पर न्यायालय के स्टे के बाद भी समुदाय विशेष के लोगों ने पक्का निर्माण करवा लिया है। इसके विरोध में महिला और परिवार के लोग चार माह से कलेक्ट्रेट में धरना दे रहे थे।

मंगलवार को नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने जूस पिलाया। इसके बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना खत्म करवा दिया है।नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मैना नेवरिया निवासी शांति देवी पत्नी मोतीलाल की जमीन गांव में स्थित है। जिस पर समुदाय विशेष के लोग अपना दावा करते हैं। समुदाय विशेष के लोगों ने न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी होने के बाद भी निर्माण करवा कर मकान बना लिया है। नानपारा कोतवाली की पुलिस और उपजिलाधिकारी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसके विरोध में महिला शांति अपने परिवार के लोगों के साथ न्याय के लिए चार माह पूर्व कलेक्ट्रेट में धरना पर बैठ गई थी। निरंतर सभी न्याय की मांग को लेकर धरना देते रहे। मंगलवार को नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा और धनगर समाज के जिलाध्यक्ष योगी दीप नारायण धनगर कलेक्ट्रेट पहुंचे। साथ में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर और एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या पहुंचे।

विधायक ने अनशन दे रहे लोगों को जुलूस पिलाकर धरना खत्म करवाया। विधायक ने कहा कि पीड़ित के साथ न्याय किया जाएगा। इस दौरान धरना दे रहे लोग और अन्य लोग शामिल रहे।

एसडीएम के निरीक्षण में हिंदी पढ़ने में असमर्थ रहे बच्चे

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने प्राथमिक विद्यालय कोनारी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका आकांक्षा द्विवेदी और सहायक अध्यापक मो. जावेद उपस्थित मिले, जबकि दो अन्य अध्यापिकाएं प्रीती शर्मा और अंजू गौतम अवकाश पर थीं।विद्यालय में कुल पंजीकृत 103 बच्चों में से मात्र 40 की उपस्थिति पाये गए। बच्चों की लर्निंग क्षमता का मूल्यांकन करने पर पाया गया कि अधिकांश बच्चे हिंदी पढ़ने में असमर्थ थे और अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक कोई भी बच्चा नहीं पढ़ सका। गणित में भी केवल एक बच्चा ही गुणा कर पा रहा था।उप जिलाधिकारी ने विद्यालय के खराब लर्निंग आउटकम पर गहरी चिंता व्यक्त की और शिक्षकों को निर्देश दिया कि एक माह के भीतर शिक्षा के स्तर में सुधार सुनिश्चित करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी से पाँचो एआरपी को निरन्तर पर्यवक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देश दिया।

बैंक के निकट अज्ञात ने वाहन में लगाई आग

- दो बाइक आंशिक जली, सजगता से बड़ा हादसा टला

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

रिसिया के इंडियन बैंक और धार्मिक स्थल के निकट एक परिसर में खड़ी पैशन प्रो बाइक को देर रात अज्ञात लोगों ने फूंक दिया गया।

मौके पर माचिस भी मिली,परिसर मालिक की सजगता से बड़ा हादसा टल गया अन्यथा आधा दर्जन बाइक और चौपहिया वाहन चपेट में आ जाते। एक बाइक पूरी जल गई,और दो बाइक को आंशिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।रिसिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के मोहल्ला आजाद नगर वार्ड में विजय अग्रवाल पुत्र पूरन चंद्र के आवास के निकट उनकी परिसर में आस पास के निवासियों की एक दर्जन से अधिक बाइक और कार खड़ी होती है। पास में ही धार्मिक स्थल भी है। सोमवार देर रात को सत्य नारायण पुत्र राधे श्याम ने अपनी बाइक फैशन प्रो खड़ी कर दी।

करीब दस बजे रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाइक में आग लगा दी। आग की लपटे उठती देख विजय अग्रवाल घर से बाहर निकले और हल्ला मचाया। जब तक बाइक को लोग बुझाते तब तक बाइक पूरी जल गई थी। उसकी चपेट में आकर नवनीत अग्रवाल तथा टीपू की बाइक आंशिक रूप से जल गई। सजगता से बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्ष दर्शियो का कहना है कि यह किसी अराजक तत्व का ही कार्य है जो अमन चैन में बाधा पैदा कर रहे है। कारण इस परिसर के निकट अक्सर धार्मिक कार्यक्रम भी होते रहते है।सत्यनारायण ने इस घटना की लिखित सूचना रिसिया पुलिस को दे दी है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि सूचना मिली है।आस पास के सीसी टीवी कैमरे खंगाले जा रहे है, मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

10 दिन बाद भी नहीं सुधरे हालात, पुलिस के साथ पीएसी जवान तैनात

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में बीते रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस पर पथराव और फायरिंग के बाद उपद्रव हो गया था। जिसको लेकर 10 दिन बीत गए हैं। लेकिन अभी भी पुलिस और पीएसी जवान तैनात हैं। हालत पूर्व की भांति नहीं हो सके हैं। कुछ लोग बाजार में चहल कदमी करते दिख रहे हैं।हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में 10 दिन पूर्व बीते रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव हो गया था। इसके बाद हुई फायरिंग में राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद जमकर हिंसा हुई थी। लोगों ने वाहनों में आग लगाने के साथ कई मकानों में तोड़फोड़ की थी। हालात बेकाबू देख लखनऊ से एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से जिले में आए थे। इसके बाद हालात पर काबू पाया जा सका था। घटना को नौ दिन बीत गए हैं। लेकिन अभी पहले जैसी चहल पहल सड़क पर नहीं दिख रही है। इक्का दुक्का लोग ही सड़क पर दिख रहे हैं। इनकी गिनती भी की का सकती है। जबकि आम लोगों की सुरक्षा के लिए महराजगंज के अलावा आसपास के गांवों में पुलिस और पीएसी जवानों के साथ लखनऊ एसटीएफ के जवान भी तैनात हैं। इसके बाद भी लोगों का विश्वास आगे नहीं बढ़ रहा है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्थिति सामान्य है। पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने में एक दो दिन लग सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग बिना भय के अपना काम करें।

मृतक के गांव में भी लगी पुलिस

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी मृतक राम गोपाल मिश्रा के गांव में जगह जगह पुलिस और पीएसी के जवान तैनात हैं। मंगलवार को भी गांव में मीडिया और दूसरे गांव के लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया है।

अब तक 110 लोगों की हुई गिरफ्तारी

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में बीते रविवार को हुए हिंसा में पुलिस ने हिंसा के आरोपियों की गिरफ्तारी की है। मुख्य आरोपी और उसके पिता, ग्राम प्रधान पति समेत 110 लोगों की गिरफ्तारी अब तक पुलिस ने की है।

हिंसा मामले में दर्ज हुआ एक और केस, संख्या पहुंची 14

जिले के महराजगंज बाजार में बीते रविवार को हुए हिंसा में जनसेवा केंद्र संचालक ने भी केस दर्ज कराया है। जिस पर हिंसा में कुल केस की संख्या 14 पहुंच गई है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज जोतचांदपारा निवासी सूरज कुमार त्रिपाठी का आरोप है कि 13 अक्टूबर की शाम हिंसा के दौरान 15 अज्ञात लोगों ने उनकी दुकान त्रिपाठी जनसेवा केंद्र में आकर तोडफ़ोड़ की। गल्ले में रखे 90 हजार लूट लिए, बाइक छीनने लगे, विरोध जताने पर मारपीट कर बाइक में आग लगा दी। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि जनसेवा केंद्र संचालक की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मालूम हो कि 14 केस में एक केस कोतवाली नानपारा में पुलिस ने मुख्य अभियुक्तों पर फायरिंग का केस भी जुड़ा है।

मृतक रामगोपाल मिश्रा के परिवार को मिला 12 लाख का चेक

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

महराजगंज हिंसा में गोली कांड का शिकार हुए रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के परिजनों को विधायक सुरेश्वर सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में कोलकाता भाजपा बैरकपुर के जिला मंत्री और अन्य ने 12 लाख रूपये की चेक दी।

राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की बीते रविवार को हिंसा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह और जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय गांव पहुंचे। उनके साथ कोलकाता बैरकपुर भाजपा जिला मंत्री रविंद्र और रिंकी मौजूद रहे। सभी ने क्रिटिकल संस्था की तरफ से 12 लाख रूपये की चेक प्रदान की। इस दौरान राम गोपाल मिश्रा के पिता ने अपनी मांग भी रखी। जिसमें आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने और हिंसा शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने की आवाज उठाई।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का शव पाए जाते से क्षेत्र में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी पराग कुशवाहा उम्र 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामलाल का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया घर वालों के मुताबिक मृतक सोमवार की शाम 5 बजे घर से निकला था लेकिन वह वापस घर नहीं आया था काफी खोज बीन के बाद सुबह पूरे डंगरी मजरे भीटी गांव के पास बने नाले में मृत अवस्था में शव पाया गया घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कहीं मौत की वजह कच्ची शराब व जुएं की लत तो नहीं: पूरे डांगरी गांव में कच्ची शराब व जुवा खेलने का कारोबार धड़ल्ले से होता है कच्ची शराब एवं जुआ के काले कारोबार को ग्रामीणों ने दबी जुबान से कहना है कि कहीं कच्ची शराब व जुएं खेलने की लत से मृतक जुआ एवं शराब का आदी हो चुका था हो सकता है कि पैसे के लेनदेन में किसी से विवाद हुआ हो जिसके चलते उसकी मौत हो गई क्योंकि मृतक के सर पर पीछे की तरफ खरोच के निशान बने थे हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की मौत की असल वजह क्या रही होगी वहीं पुलिस भी इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था अत्यधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का ट्रेन से कटा हुआ मिला शव

बछरावा रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव दो टुकड़ों में कटा हुआ रेलवे ट्रैक पर मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार सुबह 10:00 बजे के आसपास शेरी गांव के पास की है, जब लखनऊ प्रयागराज रेल खंड पर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव दो टुकड़ों में कटा हुआ ग्रामीणों ने देखा। शव देखते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गईद्य मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस एवं जीआरपी पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर ग्रामीणों से पहचान कराई गई तो कुछ पता नहीं चला परंतु कुछ देर के बाद मृतक युवक की पहचान रमाकांत पुत्र रामहर्ष उम्र 50 वर्ष निवासी चक गोड़िया मजरे राईमऊ थाना हरचंदपुर के रूप में हुई। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घर के बाहर खेल रहे बालक को सर्प ने डसा, इलाज के दौरान हुई मौत

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत 7 वर्षीय बालक को सुबह सोकर उठने के बाद तब सर्प ने डस लिया जब वह घर के बाहर खेल रहा था, चीख पुकार सुनकर परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचेद्य घटना मंगलवार सुबह 5:00 बजे के आसपास की है। जब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा में अंकुश पुत्र भगवान दिन उम्र 7 वर्ष सुबह सोकर उठने के बाद घर के बाहर खेलने के लिए जैसे ही पहुंचा और बाहर स्थित जीने के पास खेल रहा था। तभी एक सर्प ने उसे डस लिया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, और बालक ने सांप काटने की जानकारी अपने परिजनों को दी। घटना को देख परिजन बालक को अपने निजी वाहन से ही बछरावां सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां बालक का प्राथमिक इलाज किया गया। इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर डॉक्टर गणनायक पांडे ने बालक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। परंतु जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बालक की मृत्यु हो गई, बालक की मृत्यु के पश्चात पारिवारिक जनों में कोहराम मचा हुआ है।

व्यापारियों ने कोतवाल को अंग वस्त्र भेंट किया

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोतवाल का किया सम्मान बालेंद्र गौतम के तबादला के बाद पहुंचे नवागंतुक कोतवाल जगदीश यादव का व्यापार मंडल बग्गा गुट के नगर अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू युवा नगर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता महामंत्री प्रिन्सू वैश्य एवं कौशर कुरैशी ने कोतवाल जगदीश यादव को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत और सम्मान किया तथा कानून व्यवस्था के बारे मे कोतवाल जगदीश यादव से व्यापारियों की बातचीत हुई कोतवाल ने सभी व्यापारियों को कहा कि कानून का राज रहेगा तथा किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। व्यापारियों की सुरक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता है और हम व्यापारियों को सुरक्षा देते रहेंगे तथा आप व्यापारियों का भी ये कार्य है कि आप भी कोतवाली पुलिस को जो भी सूचना मिले उसे हमें अवगत कराते रहे।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार न्याय पंचायतों में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसके क्रम में सलोन देहात के समस्त परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक विद्यालयों की खेल कूद प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम सलोन में की गई।प्राथमिक विद्यालय स्तरीय50 मीटर100 मीटर 200 मीटर दौड़,लंबी व ऊंची कूद,खो खो,कबड्डी में छात्र छात्राएं शामिल की गई।उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 100,200,400,800मीटर दौड़,लम्बी व ऊंची कूद,खो खो,कबड्डी,भाला फेंक में बालक, बालिका वर्ग को शामिल किया गया।खेलों में मकदुमपुर,सलोन,के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया।उच्च प्राथमिक स्तर में बिजवलिया, केवली महिमा,कन्या सलोन का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा।सेवानिवृत्त शिक्षक मो.इस्माइल ने कहा कि विभागीय खेल प्रतियोगिताएं विद्यालयों में खेल के प्रति एक बेहतर दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती हैं।सतीश शर्मा ने खेलों के महत्व पर विचार व्यक्त किए।जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ साधना शर्मा ने स्काउट गाइड और खेलों के सामाजिक जीवन और उन्नत स्वास्थ्य के समन्वय के विषय में बताया। इस मौके पर श्रवण कुमार, रतीराम, जमुना प्रसाद, कृष्ण कुमार, तलत जहां, गौरव शर्मा, अनिल, नवीन, अभिनव, महजबीन, कादिर, मनीष, सुरेंद, अनिल आदि लोग मौजूद रहे।

प्रेमिका के साथ करवा चौथ मनाने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने पीटा

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

कहते है प्यार अंधा-बहरा दोनों होता हैं जिसे प्यार होता हैं उसे न तो कुछ दिखाई देता हैं न सुनाई देता हैं। वो अपनी चाहत की जिद में अड़ा रहता हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं। जहां प्रेमिका द्वारा प्रेमी को घर बुलाना महंगा पड गया। ग्रामीणों ने दोनों को हाथ पैर बांधकर तालिबानी जैसी सजा दी। जिसका विडियों तेजी से वायरल हो रहा हैं। मामला सलोन तहसील क्षेत्र के डीह थाना अंतर्गत एक गांव का हैं। जहां शादीशुदा प्रेमिका का गांव के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।इसके चलते युवक करवा चौथ के दिन अपनी प्रेमिका के घर मिलने चला गया।जहां ग्रामीणों ने दोनों को रंगेहाथ पकड लिया।पहले दोनों को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जमकर पिटाई की।इतने से मन नहीं भरा तो गांव वालों ने प्रेमिका को पेड से बांध दिया और प्रेमी को हाथ पैर बांधकर जमीन पर रेंगने को मजबूर किया। विडियों में साफ देखा जा सकता हैं कि महिला के अस्मत से भी खेलवाड़ किया गया हैं।एक कपडे में लिपटी महिला किसी तरह अपने तन को ढकने मे मजबूर हैं।रोती बिलखती महिला छोडने की गुहार लगा रही हैं। बावजूद गांव वालों ने कहर बरपा रहे थे।महिला का पति बाहर नौकरी करता हैं।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।

गुड़गांव में रहता है महिला का पतिः दरअसल, यह पूरा मामला तब सामने आया जब महिला का पति, जो गुड़गांव में काम करता है, गांव में नहीं था। महिला ने अपने प्रेमी को अपने व्रत का पारण करने के लिए बुलाया, जिससे ग्रामीण पहले से ही उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। जैसे ही उन्हें मौका मिला, उन्होंने दोनों को पकड़कर सार्वजनिक रूप से उन पर बर्बरता का व्यवहार किया।

क्या बोली पुलिसः पुलिस ने इस मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के सीओ सलोन ने कहा कि अगर कोई तहरीर मिलती है, तो उचित कदम उठाए जाएंगे। साथ ही रायबरेली पुलिस की तरफ से ये बयान जारी किया गया है कि वायरल वीडियो थाना डीह क्षेत्र का है। इसके संबंध में कोई लिखित तहरीर थाने में प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े कर रहे अवैध खनन

डलमऊ रायबरेली। खनन माफियाओं के हौसले इन दिनों सातवें आसमान पर हैं खनन कारोबारी के हौसले इस कदर बुलंद है कि दिनदहाड़े अवैध खनन का कारोबार निडर होकर कर रहे हैं ऐसा लगता है की खनन माफियाओं को शासन व प्रशासन का जरा भी खौफ नहीं रह गया डलमऊ क्षेत्र में इन दिनों

- पुलिस व तहसील प्रशासन की मिली भगत से हो रहा क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार, गुजरती रहीं पुलिस की गाड़ियां होता रहा खनन

प्रशासन व पुलिस की मिली भगत से अवैध खनन का कारोबार जोरों पर चल रहा है मंगलवार को खनन माफिया सुबह से ही मखदुमपुर क्रॉसिंग के पास दिनदहाड़े जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली आदि लेकर बिना रोक-टोक के मिट्टी खनन में लगे रहे खनन माफिया के अंदर पुलिस व प्रशासन का तनिक भी खौफ नहीं दिखा जहांगीराबाद गांव में हुई मौत की घटना को लेकर पास से डलमऊ पुलिस की गाड़ियों का आवागमन लगा रहा लेकिन खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन करते रहे वही इस बाबत डलमऊ कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर से पूछे जाने पर बताया गया कि अवैध खनन की जानकारी नही है ।

खबरें एक नजर में

31 दीपावली पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषितः जिला जज

रायबरेली। जिला जज तरुण सक्सेना ने बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, भैयादूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश 04 नवम्बर 2024 को घोषित किया गया था। अब, इस न्यायपीठ के केंद्रीय बार एसोसिएशन और जिला बार एसोसिएशन के प्राप्त प्रस्ताव में अनुरोध किया गया है कि 04 नवम्बर 2024 (सोमवार) को भैया दूज के अवसर पर पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर दीपावली के अवसर पर 31 अक्टूबर 2024 को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाए। जिसके मद्देनजर जिला जज द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश अब 31 अक्टूबर 2024 (गुरुवार) को घोषित किया गया है। भैया दूज के उपलक्ष्य में पूर्व में 04 नवम्बर 2024 (सोमवार) को घोषित स्थानीय अवकाश को रद्द किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस न्यायपीठ के सभी न्यायालय 04 नवम्बर 2024 को खुले रहेंगे।

एमपी बिरला ग्रुप ने हेल्थ कैंप का किया आयोजन

रायबरेली। सोमवार को सारस चौराहे के पास एमपी बिरला ग्रुप की तरफ से एक दिवसीय हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में मिस्त्री और मजदूरों और उनके परिवार के लोगों ने अपनी जांच करवाई। सबसे एम्स के डॉक्टर कुंवर अखिलेश ने दीप प्रज्वलन करके कैम्प की शुरुआत की। रावली बिरला ग्रुप के प्रबंधक अर्जुन शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष कंपनी की तरफ से इस कैंप का आयोजन किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य है जो मजदूर और मिस्त्री समय के और पैसे के अभाव में अपना इलाज नहीं कर पाते या फिर हेल्थ चेकअप नहीं कर पाते उनके लिए इस कैंप को लगाया गया है। एम्स रायबरेली के विभिन्न विभागों के डॉक्टर इसमें अपनी सेवा दे रहे हैं और मजदूर और मिस्त्रियों की सेहत ठीक रहे इसके लिए चेकअप कर रहे हैं। एकदिवसीय स्कैन में हजारों की संख्या में कामगार मजदूर ने अपना और अपने परिवार का मेडिकल चेकअप कराया। इस मौके पर ब्रांच टेक्निकल मैनेजर मोहित शुक्ला, अशोक श्रीवास्तव, विकास साहू आदि लोग मौजूद रहे।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-25 के उपबंधों के अनुसार मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशित

बलरामपुर। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के क्रम में जनपद में मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। तत्क्रम में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-25 के उपबंधो के अनुसार मतदेय स्थलों की सूची का प्रकाशन दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को कर दिया गया है। मतदेय स्थलों की सूची जनपद की वेबसाइट https://balrampur.nic.in के deo Portal पर उपलब्ध है, जिसका लिंक https://balrampur.nic.in/ polling-station-list-2024/ है। मतदेय स्थलों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, बलरामपुर व जनपद के समस्त सम्बन्धित उपजिलाधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पर निःशुल्क निरीक्षण के लिये उपलब्ध है। मतदेय स्थलों की सूची का निरीक्षण लोक अवकाश के दिनों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

पिंजरे में फंसा दूसरा तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



महराजगंज तराई/बलरामपुर। सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के तुलसीपुर रेंज के हलौरा में तेंदुआ आखिरकार सोमवार की शाम पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुआ पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। तेंदुए ने सोमवार सुबह ही पिंजरे में बंधी बकरी को निवाला बनाया था। तुलसीपुर रेंज के हल्लौरा, नवानगर, हथियागढ़, पुरैना, प्रेमपुर, पुरोहा, संग्रामपुर, जनकपुर, पिपरी-पिपरा, दुर्गानगर, बदलपुर, गनेशपुर, चैनपुर, निश्चलडीह व लौकीखुर्द आदि गांवों में पिछले दो माह से तेंदुए दी दहशत व्याप्त थी। इन गांवों के आसपास तेंदुआ लगातार दिख रहा था। तेंदुए ने कई मवेशियों पर भी हमला किया था। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की तरफ से हलौरा में पिंजरा लगाया गया था। कुछ दिनों पहले भी एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ था। इसके बाद भी ग्रामीणों को अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए आए दिन दिखाई पड़ते थे। तेंदुए को पिंजरे में फंसाने के लिए बीते दिन बकरी बांधी गई थी। सोमवार की शाम करीब सात बजे तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। तेंदुआ पकड़े जाने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। तुलसीपुर रेंज के रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि पिंजरे में तेंदुआ कैद होने की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम गांव में भेजी गई है। ग्रामीणों को पिंजरे के आसपास न जाने की सलाह दी गई है। डीएफओ डॉ. एम सेम्मारन ने बताया कि सूचना मिली है, टीम मौके पर पहुंच रही है।

मुडियाडीह आश्रम के दंगल केसरी बने जम्मू के राकेश पहलवान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

- धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव का खिताब बबलू पहवान ने किया अपने नाम
- विजेता को अर्पणा यादव ने दिया खिताब
- दंगल की पुरानी परम्परा को संजोने का काम रहे श्रीकृष्ण महाराजः राकेश सचान

बछरावां क्षेत्र के पठान गांव में स्थित प्रसिद्ध मुडिया डीह आश्रम में प्रदेश स्तरीय 25 वां विराट दंगल, मेला आयोजित हुआ। डे - नाइट दंगल का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान और राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने किया। फाइनल कुश्ती में जम्मू कश्मीर के पहलवान राकेश चैंपियन बने। नेपाल और देश के अन्य प्रांतों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया।

राजा भानु प्रताप सिंह की स्मृति में 11000 की फाइनल कुश्ती राजा दिग्विजय सिंह के द्वारा कराई आयीं। चैलेंज कुश्ती राकेश जम्मू कश्मीर व कानपुर के रवि पहलवान के बीच लड़ी गयीं। कांटे की यह कुश्ती रु.16000 तक पहुंच गयी। आखिरकार राकेश पहलवान ने रवि को चारों खाने चित्त करके दंगल केसरी बने। इसके पहले सेमी फाइनल कुश्ती राकेश जम्मू व नितिन गाजियाबाद और रवि कानपुर व इटावा के विकास के मध्य हुई। सेमी फाइनल जीतकर राकेश और रवि पहलवान फाइनल में पहुंचे।

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के स्मृति में रु.11000 की कुश्ती ठाकुर बबलू सिंह मेरठ एवं कानपुर के शोभित पहलवान के बीच हुई। जिसमें बबलू को जीत मिली। हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव की स्मृति में 5100 की कुश्ती उनकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव के द्वारा कराई आयीं। जिसमें रवि यादव ने बनारस के श्यामाशीष को पटखनी दी। इसके अलावा नेपाल से आये पहलवान मेवा थापा, अयोध्या के बाबा बजरंगी, बनारस के दुर्वासा, रेलवे के शनि, गाजीपुर के नौशाद, दिल्ली के पहलवान नितिन यादव, हरियाणा आदि जनपदों से आए पहलवान रोमांचक कुश्तियां जीतने में सफल रहे। दंगल में अतिथि जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुडिया डीह आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीकृष्ण महाराज देश की पुरानी परम्परा कुश्ती को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधू अपर्णा यादव ने महंत श्री कृष्ण महाराज के प्रयास की सराहना करते हुए कहा उनके द्वारा दंगल की प्राचीन प्रथा को संजोने और देश की भावी पीढ़ी को नशा मुक्त करने के अभियान की जीतनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी।

डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

- बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने आपराधिक मामलों में न्यायालय में प्रभावी पैरवी का दिया निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

डीएम / जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं शांति व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

इससे दौरान उन्होंने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने महिला, बाल अपराधों एवं जघन्य आपराधिक मामलों में लोअर कोर्ट एवं सेशन कोर्ट में प्रभावी ढंग से पैरवी किए जाने एवं सजा दिलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमों में निर्धारित तिथि पर ही गवाही कराया जाए। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के मुकदमों, खाद्य विभाग के मुकदमों में भी प्रभावी पैरवी के किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवंराजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकार, अभियोजन अधिकारी शासकीय अधिवक्ता वह अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सड़क पटरियां पर अतिक्रमण आवागमन में परेशानी

उतरौला (बलरामपुर)। तहसील क्षेत्र उतरौला में सड़क पटरियों पर अतिक्रमण के कारण राहगीरों और वाहनों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से लेकर बाजार तक की मुख्य सड़क पर, बी बाजार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, हाटन रोड, जामा मस्जिद, ज्वाला मां मंदिर, गोंडा मोड़, दुखहरण नाथ मंदिर तक यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। कई बार गंभीर बीमार और प्रसव पीड़ित महिलाएं जाम के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पातीं। लोगों का कहना है कि सड़क के किनारों पर दुकानदारों द्वारा सब्जी, मसाले और ठेले खोमचे लगाने से जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। वहीं, संबंधित विभागीय अधिकारी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

फांसी के फंदे से लटका मिला युवती का शव

सादुल्लानगर/बलरामपुर। एक वर्ष पूर्व प्रेमी संग फरार युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की प्रेमी के घर में ही दुपट्टे के फांसी के फंदे से छत के कुंडे से लटककर मौत हो गई।पुलिस ने लाश को पी एम के लिए भेज दिया है।मृतका की मां ने प्रेमी के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। सादुल्लानगर थाने के ग्राम पंचायत पिपरा ग्रिंट में घनश्याम चौहान के घर सोमवार रात लगभग 7 बजे श्यामावती 18 वर्ष पुत्री रामतेरस निवासी मुबारकपुर भत्तक पुरवा ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की मां विद्यावती पत्नी रामतेरस ने बताया कि 27/10/2023 को मेरी 17 वर्षीय पुत्री श्यामावती को पड़ोसी गांव के घनश्याम चौहान पुत्र राधेश्याम निवासी पिपरा ग्रिंट बहला फुसलाकर भगा ले गए थे। जिसके संबंध में स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था।02/11/2023 को दोनों पक्षों ने न्यायालय में सुलह कर लिया कि जब श्यामावती बालिग होगी तब घनश्याम चौहान उसे विवाह कर ले जायेगा। मृतका के बालिग होने के पांच माह बाद घनश्याम घर पर आये व यह कहकर कि श्यामावती को भेज दो मैं अपनी यथा स्थिति के अनुसार शादी कर लूंगा और श्यामावती को लेकर चले गए उसे अपने घर पर ही रखे थे। विपक्षी घनश्याम चौहान,ससुर राधेश्याम, सास बिटना,जेठ सच्चिदानंद, जेठानी इंद्रवती, माला देवी पत्नी अमर सिंह, नन्द दुर्गावती व सुनीता सभी लोग मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे सोमवार को सूचना मिली कि मेरी पुत्री को उक्त लोगों ने जान से मार दिया है।

अधिवक्ता संघ की आम सभा की बैठक संपन्न

उतरौला (बलरामपुर)। अधिवक्ता संघ की आम सभा की बैठक मंगलवार को संघ भवन उतरौला में अध्यक्ष प्रह्लाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और सर्व सम्मति से कई निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता दिवस, जो 3 दिसंबर को मनाया जाएगा, के अवसर पर सभी सदस्यों को डायरी वितरित की जाएगी। इसके अलावा, न्यायालय में चल रहे मुकदमों की पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं के लिए एन ओ सी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। अधिवक्ता संघ के सदस्यों के लिए प्रतिमाह दो हजार रुपये की आर डी (रिपेटिड डिपोजिट) योजना भी संचालित की जाएगी, जिससे सदस्यों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा सके। इसके साथ ही, दीपावली फेस्टिवल गिफ्ट के बकाया भुगतान की मांग पर अध्यक्ष प्रह्लाद यादव और मंत्री अमित श्रीवास्तव ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि इस पर विचार किया जाएगा।

बैठक में संघ के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुस्लिम खान, रमेश चतुर्वेदी, ओ पी श्रीवास्तव, योगेश वर्मा, देवेंद्र कुमार, मार्कण्डेय मिश्र, आशीष कसौधन, निजाम अंसारी, अखिलेश यादव, रवि मिश्र, शादाब खान, सुमित श्रीवास्तव, व्यासमुनि पाण्डेय, अखिलेश सिंह, आलोक गुप्त, रमेश गुप्त सहित अन्य लोग शामिल थे।

पैराडाइज संस्था के संस्थापक ने किया रक्तदान, समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

मानवता की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, पैराडाइज संस्था के संस्थापक उस्मान खान ने रक्तदान कर एक बार फिर से समाज के प्रति अपनी समर्पण भावना को प्रकट किया है। इस कदम के साथ, उन्होंने न केवल समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया, बल्कि दूसरों को भी इस दिशा में प्रेरित किया।

रक्तदान का महत्व और उस्मान खान का योगदानः रक्तदान मानव जीवन बचाने के सबसे सरल और प्रभावी तरीकों में से एक है। कई बार दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों या सर्जरी के दौरान रक्त की आवश्यकता होती है। अस्पतालों में समय पर रक्त की उपलब्धता कई जिंदगियों को बचाने में अहम भूमिका निभाती है। ऐसे में रक्तदाताओं का योगदान अनमोल होता है। उस्मान खान ने इस आवश्यकता को समझते हुए और समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है। उस्मान खान, जो पैराडाइज संस्था के संस्थापक हैं, ने हमेशा से समाज सेवा और परोपकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनकी संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में सक्रिय है। रक्तदान का यह उदाहरण न केवल उनके व्यक्तिगत आदर्शों का प्रतीक है, बल्कि यह समाज के अन्य लोगों को भी इस नेक कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। पैराडाइज संस्था



की स्थापना का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को सहायता प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना है। संस्था स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान शिविरों, शिक्षा अभियानों और अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों का संचालन करती रही है। उस्मान खान के नेतृत्व में, संस्था ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, जिनमें गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना प्रमुख हैं। रक्तदान के बाद उस्मान खान ने कहा, रक्तदान एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन इसके परिणाम बहुत बड़े होते हैं। एक व्यक्ति द्वारा दिया गया रक्त किसी अन्य व्यक्ति की जान बचा सकता है। समाज के हर व्यक्ति को रक्तदान करने के प्रति जागरूक होना चाहिए और नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जिससे न केवल हम दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि यह हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं।

कब थमेंगे जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले?

आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके! लीजिए, जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकवादी हमला हो गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। यह नृशंस वारदात किसकी शह पर हुई और किसकी नीतिगत लापरवाही से हुई, यह पुनः विमर्श का विषय है! क्योंकि हमारे देश में ऐसी घटनाएं आए दिन की बात हो चली हैं और राष्ट्र के किसी न किसी हिस्से में घटित होती रहती हैं। आखिर इस घटना के क्या मायने हैं, इस पर विचार करने से पहले एक सुलगता हुआ सवाल मेरे मनमस्तिष्क में कौंध रहा है कि आखिरकार खूनी होते जा रहे लोकतंत्र और इसको संरक्षित करने वाले संवैधानिक तंत्र के पास ऐसी वहशी वारदातों को रोकने के लिए अबतक कोई स्थायी मूलमंत्र क्यों नहीं मिला है? आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके! यदि नहीं, तो क्यों नहीं? आम जनता को जवाब चाहिए। क्योंकि इस बद से बदतर स्थिति के लिए हमारी राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है। बस इसके न्यायसंगत प?ताल की जरूरत है, जो बीते कई दशकों से नहीं हो पा रही है! उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मेहनतकश लोगों की उस वक्त जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। वहीं, इस नृशंस हमले में 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह हमला सोनमर्ग इलाके में हुआ और घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए आतंकी हमले में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह हमला रात करीब 8-30 बजे हुआ, जब सभी कर्मचारी खाना खाने के लिए मेस में एकत्र हुए थे। चश्मदीदों के मुताबिक, जब कर्मचारी मेस में भोजन कर रहे थे, तभी 3 आतंकी वहां पहुंचे और अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इससे पहले कि कोई प्रतिक्रिया कर पाता, आतंकी हमला करके वहां से फरार हो गए। इस गोलीबारी में दो वाहन भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। खबरों के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली है। जिसकी अविलंब कमर तो? देनी चाहिए। मसलन, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन मोदी और पुतिन दोनों के लिए महत्वपूर्ण

नित्य चक्रवर्ती

2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आमंत्रितों सहित तीस से अधिक देशों की उपस्थिति देखी जा सकती है और यह सबसे बड़ा मंच होगा जिसमें बहुपक्षवाद और वैश्विक मुद्दों, विशेष रूप से पश्चिम एशियाई युद्ध और यक्रेन युद्ध पर चर्चा की जायेगी। इनमें से अधिकांश देशों ने संयुक्त राष्ट्र में चर्चा के दौरान इजरायल के खिलाफरुख अपनाया है। इजराइल मुद्दे पर खुद को अलग-थलग पाना नरेंद्र मोदी के लिए शर्मनाक होगा। गाजा में इजराइली लोगों के खिलाफसंयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित प्रस्ताव पर भारत के पिछले मतदान से दूर रहने पर इन सदस्यों ने काफी नाराजगी जताई है। प्रधानमंत्री 22 और 23 अक्टूबर को दो दिनों के लिए शिखर सम्मेलन में रहेंगे। सम्मेलन में विचार-विमर्श के अलावा तीन द्विपक्षीय बैठकें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 से 24 अक्टूबर को रूस के कज़ान स्थित तातारस्तान शहर में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी में विस्तारित ब्रिक्स ब्लॉक के शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन भारतीय प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति पुतिन दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी ऐसे समय में इसमें भाग ले रहे हैं, जब उन्हें केनेडा में एक केनाडाई नागरिक की हत्या और अमेरिका में एक अन्य की हत्या के प्रयास में सरकारी एजेंसी की कथित संलिप्तता को लेकर अमेरिका के नेतृत्व वाली पश्चिमी शक्तियों के हाथों कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्हें इससे बाहर निकलना है और उन्हें गैर-पश्चिमी देशों से मैत्रीपूर्ण मदद की आवश्यकता है। क्वाड में भारत के रणनीतिक साझेदार होने के बावजूद अमेरिका द्वारा कनाडा का पक्ष लेने से भारतीय प्रधानमंत्री को ठेस पहुंची होगी, जिन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों से बहुत उम्मीदें लगाई थीं और हाल के वर्षों में ग्लोबल साऊथ को छोड़कर वर्तमान युद्ध में इजरायल पर पश्चिमी रुख का समर्थन किया, जिससे ग्लोबल साऊथ के सदस्य देशों को निराशा हुई। विकासशील देशों में भारत के सहयोगियों द्वारा दूरी बनाये जाने और केनेडा के मुद्दे पर पश्चिमी मित्रों द्वारा फटकार लगाये जाने के बाद, भारतीय प्रधानमंत्री उभरती विश्व व्यवस्था में भूमिका की तलाश में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। जहां तक राष्ट्रपति पुतिन का सवाल है, वे लंबे अंतराल के बाद यूक्रेन युद्ध, पश्चिम द्वारा प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा अभियोग के संदर्भ में इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। रूस ने पिछले दो वर्षों में प्रतिबंधों को झेला है, तथा उसकी अर्थव्यवस्था समृद्ध हुई है। राष्ट्रपति पुतिन इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से पश्चिम और दुनिया के सभी देशों को यह दिखाने की कोशिश करेंगे कि रूस एक महाशक्ति के रूप में बना हुआ है और ऐसा ही रहेगा।

तातारस्तान शिखर सम्मेलन में मूल पांच सदस्यों ब्राजील, भारत, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा पांच और नये सदस्य- मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहली बार भाग लेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रपति पुतिन ने दो दर्जन से अधिक अन्य देशों को आमंत्रित किया है जिन्होंने इस विस्तारित ब्लॉक की सदस्यता के लिए आवेदन किया है या विचार कर रहे हैं जो अब आर्थिक ताकत के मामले में सबसे बड़ा ब्लॉक है। इस शिखर सम्मेलन का विषय श्न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करनाश् है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2024 ब्राजील में आने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से अधिक महत्व रखेगा जिसमें पश्चिमी राष्ट्रों के साथ-साथ अग्रणी विकासशील राष्ट्र भी शामिल हैं। 2023 में भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी।

2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आमंत्रितों सहित तीस से अधिक देशों की उपस्थिति देखी जा सकती है और यह सबसे बड़ा मंच होगा जिसमें बहुपक्षवाद और वैश्विक मुद्दों, विशेष रूप से पश्चिम एशियाई युद्ध और यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की जायेगी। इनमें से अधिकांश देशों ने संयुक्त राष्ट्र में चर्चा के दौरान इजरायल के खिलाफ रुख अपनाया है। इजराइल मुद्दे पर खुद को अलग-थलग पाना नरेंद्र मोदी के लिए शर्मनाक होगा। गाजा में इजराइली लोगों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित प्रस्ताव पर भारत के पिछले मतदान से दूर रहने पर इन सदस्यों ने काफी नाराजगी जताई है। प्रधानमंत्री 22 और 23 अक्टूबर को दो दिनों के लिए शिखर सम्मेलन में रहेंगे। सम्मेलन में विचार-विमर्श के अलावा तीन द्विपक्षीय बैठकें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

पहली चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ, फिर राष्ट्रपति पुतिन के साथ और तीसरी सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता ईरान के राष्ट्रपति के साथ होगी। हालांकि द्विपक्षीय वार्ता के लिए सभी कार्यक्रमों की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन यह काफी संभावना है कि ये सभी बैठकें होंगी क्योंकि चर्चा दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण है। चीन के संबंध में, प्रधानमंत्री मोदी को भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को उचित परिप्रेक्ष्य में रखने का मौका मिलेगा, जिसमें सीमा मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा जो अभी भी द्विपक्षीय संबंधों के विकास की प्रक्रिया को अवरुद्ध करने वाला एक अड़चन है। दोनों के बीच संवादहीनता है और दोनों प्रमुख एशियाई देश एक कलंक को ढो रहे हैं जो 1950 के दशक के उत्तरार्ध से जारी है। तब से दुनिया मौलिक रूप से बदल गई है। अब समय आ गया है कि द्विपक्षीय संबंधों को प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग के नये नजरिये से देखा जाए। यदि दोनों देशों के प्रमुख अपेक्षित राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाते हैं तो मोदी-शी बैठक में एक छोटी सी शुरुआत हो सकती है।

रूस के संदर्भ में, राष्ट्रपति पुतिन भारत के भरोसेमंद मित्र बने हुए हैं और भारत के साथ संबंधों में सोवियत काल की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। भुगतान संतुलन और मुद्रास्फीति के दबाव के मामले में भारत 2024 में बेहतर स्थिति में है, जिसका मुख्य कारण पिछले दो वर्षों में रूस द्वारा सस्ते कच्चे तेल की आपूर्ति है। भारतीय प्रधानमंत्री ने पहले भी राष्ट्रपति पुतिन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। दोनों देशों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारत-रूस सहयोग को बहुत अधिक उच्च स्तर तक बढ़ाने की बड़ी गुंजाइश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के उतार-चढ़ाव पर कुछ पुनर्विचार करना होगा। हाल के वर्षों में उनके और पीएमओ द्वारा निर्देशित कूटनीति ने विदेश मंत्रालय के अनुभवी अधिकारियों को हाशिये पर डाल दिया है। क्या इसने विश्व समुदाय में भारत की स्थिति के मामले में बेहतर काम किया है? भारत ने सार्क को लगभग छोड़ दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण अपार संभावनाओं वाला दक्षिण एशियाई देशों का संगठन निष्क्रिय है। पाकिस्तान अब सार्क को पुनर्जीवित करने में अग्रणी भूमिका निभाना चाहता है। अगर ऐसा होता है और दूसरे देश भी अनुकूल प्रतिक्रिया देते हैं, तो दक्षिण एशियाई कूटनीति में भारत का कद क्या रह जायेगा? एससीओ बैठक के संबंध में, भारत ने कुछ समय तक कोई सक्रिय भूमिका नहीं निभाई।

विचार

भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, जहाँ शहरीकरण जारी है, पर्याप्त परिवहन प्रबंधन, उपयुक्त सड़कें और उद्योगों के अनियोजित वितरण जैसी सेवाओं की कमी के कारण वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं से पीड़ित हैं। शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए ख़तरा पैदा कर रहा है।

दुनिया के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 21 भारत में हैं। दुनिया भर के राजधानी शहरों में सबसे खराब वायु गुणवत्ता नई दिल्ली में है। नई दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से लगभग 10 गुना अधिक है। इन शहरों में मौजूद भारी प्रदूषण यहाँ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जो इन्हें हर गुजरते दिन के साथ कहीं ज़्यादा बीमार बना रहा है।

यदि जीवन प्रत्याशा के लिहाज से देखें तो भारतीय शहरों में मौजूद प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा ख़तरा है। जो हर भारतीय से उसके जीवन के औसतन 5.3 वर्ष छीन रहा है। भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या के बीच सम्बंध आर्थिक विकास के लिए शहरी विरासत के सतत संरक्षण और उपयोग के विचार पर टिका है। टिकाऊ प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, शहर एक साथ वायु प्रदूषण का समाधान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक इमारतों का अनुकूली पुन- उपयोग नए निर्माण की आवश्यकता को कम कर सकता है, जिससे धूल और सम्बंधित वायु प्रदूषक कम हो सकते हैं। इसके अलावा, ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों में स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से आर्थिक गतिविधियों को प्रदूषण-गहन उद्योगों से दूर पर्यटन जैसी अधिक टिकाऊ प्रथाओं की ओर स्थानांतरित किया जा सकता है।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, जहाँ शहरीकरण जारी है, पर्याप्त परिवहन प्रबंधन, उपयुक्त सड़कें और उद्योगों के अनियोजित वितरण जैसी सेवाओं की कमी के कारण वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं से पीड़ित हैं। शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए ख़तरा पैदा कर रहा है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, इन शहरी क्षेत्रों में जटिल और गहन मानवीय गतिविधियाँ प्रदूषकों के उत्सर्जन को बढ़ाकर समस्या को बढ़ा रही हैं। प्रदूषण और धुंध से निपटने के प्रयास अक्सर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित होते हैं। इनकी रोकथाम के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना या उद्योगों और निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना जैसे उपायों पर ही ध्यान केंद्रित किया जाता है।

वहीं, आमतौर पर इन उपायों में ग्रामीण स्रोतों की अनदेखी कर दी जाती है। यही वज़ह है कि अपने इस अध्ययन में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शोधकर्ताओं ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रयास करने का सुझाव दिया है। निजी स्वामित्व वाली ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने से मौजूदा शहरी परिदृश्य को बनाए रखते हुए, वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले शहरी फैलाव को कम किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत शहरीकरण के लिए आवश्यक नीतियाँ बनानी अत्यंत ज़रूरी है। भारतीय शहरों में छोटे व्यवसायों और कारीगरों को समर्थन देने के लिए माइक्रोक्रेडिट और ऋण जैसे वित्तीय उपकरण अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जो प्रदूषणकारी गतिविधियों से दूर जाने को प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए वित्तीय प्रोत्साहन राष्ट्रीय और नगरपालिका दोनों स्तरों पर लागू किया जा सकता है।

पर्यावरण सम्बंधी नीतियों को शहरी नियोजन को विरासत संरक्षण के साथ एकीकृत करना चाहिए, जैसा कि चीन के प्राचीन शहर पिंग याओ जैसे सफल मामलों से उजागर हुआ है। ऐसी एकीकृत नीतियों के माध्यम से शहरी फैलाव का प्रबंधन सीधे वायु प्रदूषण में कमी पर प्रभाव डाल सकता है। सामाजिक आवास या एसएमई के लिए ऐतिहासिक इमारतों के अनुकूली पुन- उपयोग को प्रोत्साहित करने से निर्माण-सम्बंधी वायु प्रदूषण को कम करने में योगदान मिल सकता है जो भारतीय शहरी केंद्रों में प्रमुख है।

ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों के भीतर स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए वित्तीय नीतियों को आगे बढ़ाने से भारी उद्योगों पर निर्भरता कम हो सकती है और सांस्कृतिक उद्यमों और टिकाऊ पर्यटन जैसे कम प्रदूषण वाले क्षेत्रों को बढ़ावा मिल सकता है। भू-स्थानिक तकनीकों के साथ उपग्रह डेटा जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा सम्बंधित स्वास्थ्य प्रभावों के स्थानिक-अस्थायी वितरण पैटर्न की निगरानी और मानचित्रण में बहुत मददगार हो सकता है। इसलिए, भारत जैसे विकासशील देशों में स्मार्ट शहरों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से बचने के लिए टिकाऊ शहरी पर्यावरण के लिए उचित शहरी नियोजन और टिकाऊ उपाय किए जाने चाहिए।

विद्यालय, अब जिहाद की नई पाठशाला !

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वेदमूर्ति श्रीराम शर्मा आचार्य गायत्री के महान उपासक एवं सनातन हिन्दू धर्म के श्रेष्ठ प्रचारकों में से एक हैं, उन्होंने कहा है कि 'व्यक्ति विचारों का पुंज है, जिसमें विचार नहीं, वह मनुष्य नहीं हो सकता।' इसके सामान्य अर्थ समझें तो हम सभी किसी न किसी विचार से बंधे हैं, ये विचार फिर सकारात्मक या नकारात्मक किसी भी स्तर के हो सकते हैं। किंतु किसी शासन तंत्र में विचार का अर्थ, लोक का कल्याण एवं राज्य में जिसका भी शासन है उसके माध्यम से सर्वजन हित है। इसलिए जो शासकीय सेवा में रहते हैं, उनका भी विचार लोक का कल्याण है, ऐसा कदापि नहीं होता कि कोई अपने व्यक्तिगत विचारों को शासन का नाम दे। शासन की अपनी आचार संहिता है, जिसका उल्लंघन करने का हक किसी भी लोक सेवक को नहीं। किंतु इस वक्त लग रहा है कि भारत में एक अलग ही तरह का इस्लामिक फितूर चल रहा है, जहां देखों वहां तमाम घटनाएं घट रही हैं। जिनका कुल उद्देश्य गैर मुसलमानों को लक्षित करना है। इसे आप आधुनिक संदर्भों में जिहाद नाम भी दे सकते हैं।

जिहाद शब्द सुनते ही कई प्रकार के विचार मन में कौंधते हैं। किसी इस्लाम को मानने वाले से पूछेंगे तो वह यही कहेगा कि जिहाद वास्तव में एक अच्छा अर्थ रखने वाला शब्द है। जिहाद का आशय है अल्लाह के मार्ग में अपनी क्षमता के अनुसार अपनी शक्ति का प्रयोग करना। कुरान में जिहाद शब्द का लगभग 36 बार उल्लेख किया गया है। कुरान के मुताबिक, जिहाद के दो प्रकार हैं, 'जिहाद अल अकबर', बड़ा जिहाद, जिसका अर्थ है श्रेष्ठ होना और 'जिहाद अल असगर', जिसका मतलब है बहुत छोटा। हदीस के मुताबिक, इस्लाम में जिहाद चार तरह का है- दिल से जिहाद, हाथ से जिहाद, जबान से जिहाद, सशस्त्र या तलवारी जिहाद। अब इस छोटे और बड़े जिहाद को कुछ इस तरह समझाया गया है। बड़ा जिहाद, मतलब स्वयं के खिलाफ जिहाद यानी अपने अहंकार को दबाने के लिए, बुरी प्रवृत्तियों और प्रवृत्तियों के खिलाफ संघर्ष। छोटा जिहाद एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ लड़ना है जिसने हमला शुरू किया या जिसने अल्लाह की इबादत की स्वतंत्रता का अतिक्रमण किया है।

इस्लाम की जानकारी देने वाले कई ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर आप देखेंगे कि जिहाद को लेकर बहुत सफाई दी गई है, कहा गया है कि इसका उद्देश्य खून बहाना, स्थापित सरकारों के प्रति बेवफाई को प्रोत्साहित करना या किसी भी तरह से शांति को बाधित करना नहीं है। ऐसे सभी कार्य इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध हैं। (संदर्भ-अल इस्लाम)। लेकिन इसका व्यवहार जो कहा गया है उसके उलट दिखाई देता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, लेबर जिहाद, वोट जिहाद, केमिकल जिहाद, शिक्षा जिहाद और भी ना जाने कितने प्रकार के जिहाद दुनिया भर में चल रहे हैं। फिर भले ही कोई इस्लामिक इस बात को स्वीकार न करे कि जिहाद के नाम पर कुछ गलत हो रहा है। परन्तु जो सामने तमाम प्रकार के चल रहे जिहाद हैं, उन सभी का एक की उद्देश्य दिखता है, गजबा-ए-हिंद और गजबा-ए-दुनिया! क्योंकि यदि जिहाद का अर्थ वास्तविकता में पाक होता हो आज यह नौबत ही नहीं आती कि विश्व के जितने भी आतंकवादी इस्लामिक संगठन जो मानवता पर अत्याचार कर रहे हैं वे उसे जिहाद करने और जिहाद के रास?ते पर होने का दावा करते। आप कोई भी मुसलमिनी आतंकवादी संगठन उठा लें। उदाहरण के तौर पर इन संगठनों को ले सकते हैं, जिन पर कि भारत सरकार ने प्रमुखता से प्रतिबंध लगा रखा है- लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-ए-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल-अंसार, हरकत-उल-जेहाद-ए-इस्लामी, अंसार-उल-उम्मा (एयूयू), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, अल-उमर-मुजाहिदीन, जम्मू और कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया, दीनदार अंजुमन, अल बद्र, जमीयत-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा, पीएफआई, अल-कायदा (एक्यूआईएस) और इसके सभी स्वरूप।

राशिफल

मेषः- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

वृषभः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

मिथुनः- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

कर्क :- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

सिंहः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

कन्याः- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

तुलाः- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

वृश्चिकः- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

धनुः- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

मकरः- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

कुंभः- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

मीनः- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

योगेंद्र योगी

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं।

कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को ज़मीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे राहुल एम खडगे को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था।

इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि कें

पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

- बने, अधबने तमंचों व उपकरणों सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार
- एसपी ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए 10 हजार रुपये इनाम किया घोषित

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में प्रचलित/आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण, भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा अपराध की रोकथाम हेतु जीरो टालरेंस नीति के तहत अपराधियों के विरुद्ध की जा रही ताबडतोड़ कार्यवाही के क्रम में के निर्देशन में आज अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौंड़ के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय स्वॉट, सर्विलांश एवं थाना चरखारी की संयुक्त पुलिस टीम ने एक अच्छा सराहनीय कार्य करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री में संलिप्त एक शातिर गैंग का भण्डाफोड किया है, इस गैंग के 04 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया है, इनके कब्जे से भारी मात्रा में बने एवं अधबने अवैध शस्त्र, जिन्दा/खोखा कारतूस सहित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। जनपद स्तर पर गठित संयुक्त पुलिस टीम को थाना चरखारी क्षेत्र के ग्राम बपरेथा नाला के पास अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालन के सम्बन्ध में एक सटीक सूचना मुखबिर खास द्वारा प्राप्त हुई थी । इस सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम बपरेथा के पास से अवैध शस्त्र का निर्माण करते हुए इस शातिर गैंग के 04 अभियुक्त बाबू कुशवाहा पुत्र मस्तराम उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम झीरसहेवा थाना कबरई जनपद महोबा, राजू लोहार पुत्र स्व. हरिया उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कुल्हेडा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर, अजीत राजपूत पुत्र राम अवतार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अनघौरा थाना चरखारी जनपद महोबा व भइया लाल कुशवाहा पुत्र स्व. चकरैया उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम अनघौरा थाना चरखारी जनपद महोबा को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व उनके कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चरखारी में मु.अ.सं. 256/2024 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 04 तमंचा 315 बोर, 02 तमंचा 12 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए।

गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम में जनपदीय एसओजी/सर्विलांश पुलिस टीम-उप निरीक्षक शिव प्रताप सिंह एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक रवि कुमार सिंह सर्विलांस प्रभारी उप निरीक्षक विवेक यादव सर्विलांस सेल मय हमराह थाना चरखारी पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गणेश कुमार मय हमराह उप निरीक्षक राजकुमार यादव उप निरीक्षक अर्जुन प्रसाद पटेल उप निरीक्षक भगवानदीन उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

जल संरक्षण के लिये अटल भूजल योजना, छह माह में साढ़े सात सौ प्राइवेट नलकूपों की बोरिंग

- भूजल विभाग ने जतायी चिंता, टेढ़ा गांव में बारह सौ प्रायवेट व पचखुरा गांव मे एक हजार नलकूप, राठ व सुमेरपुर घोषित है सेमी क्रिटिकल जोन

विनोद शुक्ला

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में दो ब्लाक सेमी क्रिटीकल घोषित होने के बाद भी अंधाधुंध प्रायवेट की बोरिंग हो रही है जो चिंता जनक बतायी जा रही है यही नही जिले में एक तरफ जल संरक्षण के लिये अटल भूजल योजना संचालित है वही दूसरी ओर छह माह में साढ़े सात सौ प्रायवेट नलकूपो की बोरिंग हो चुकी है। भूगर्भ जल विभाग ने इस मामले में चिंता व्यक्त कर उच्चाधिकारियों से वार्ता करने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक शासन बुंदेलखंड पानी के लिये विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रहा है। वही दूसरी ओर जिले में जो सुमेरपुर व राठ दो ब्लाक सेमी क्रीटिकल घोषित किये गये है उन्ही में सर्वाधिक बोरिंग की जा रहीहै। जिले में पिछले छह माह में साढे सात सौ प्रायवेट नलकूपों में सबसे ज्यादा नलकूप सुमेरपुर व राठ में बोरिंग किये गये है। यदि यही हालत रही तो दोनों ब्लाक शीघ्र ही डार्क जोन में जा सकते है। सुमेरपुर क्षेत्र के टेढागांव में बारस सौ प्रायवेट नलकूपों की अकेले बोरिंग है इसी प्रकार पचखुरा गाव में एक हजार नलकूपों की बोरिंग है। हरेककिसान केपास दो या तीन नलकूप से ज्यादा बोरिंग कराये हुये है। इधर जिले में हर साल कम से कम दस से लेकर पंद्रह फीट तक जल स्तर नीचे जा रहा यहा तक कि मई जून माह में कई गांवों को नदी से पानी भरकर पीने के लिये लाना पड़ता है। सैकडों गांव एक-एक बूद पानी को तरस रहे है। नलकूप विभाग के सहायक अभियंता अमित चौधरी का कहना है कि नलकूपों की संख्या जिले में लगातार बढती जा रही है जिससे सरकारी नलकूप जवाब दे रहे है यदि यही हाल रहा तो कुछ दिनों बाद न फसल के लिय न ही पीने के लिये पानी मिल सकेगा। एई का कहना है कि सरकारी नलकूप स्थापना के लिये नियम व कानून है जिसके तहत काम किया जाता है,यही नही विजली विभाग में नलकूपों को विजली कनेक्शन देता जा रहा है जिससे हालात और खराब होते जा रहे है। यदि विजली विभाग कनेक्शन देने से एतराज करे तभी इस काम में रोक लगायी जा सकती है।

क्या बोले जिम्मेदार

जिले में एक भी नलकूप का पंजीकरण नहीं, जल दोहन रुकना अनिवार्य-एक्शियन

हमीरपुर। भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियंता शिवम दिवेदी का कहना है कि नलकूपों का पंजीकरण होता है इसके बाद गठित समिति तय करती है कि संबंधित क्षेत्र व गांव में प्रायवेट नलकूप की बोरिंग होगी या नही मगर जिले में एक भी नलकूप का पंजीकरण नही है जिससे अंधाधुंध नलकूपों की बोरिगं की जा रही है यही नही सरकार एक तरफ अटल भूजल योजना के तहत जल संचय करने के लिये कार्यक्रम संचालित कर रही है दूसरी तरफ जमकर जल दोहन हो रहा है जो अपने आप में विरोधाभास है। विभाग के नोडल अधिकारी योगेश कुमार का कहना है कि इसके लिये शासन की तरफ से अधिनियम बना हुआ है मगर घरेलू व कृषि कार्य के लिये बोरिंग रोकने के लिये कोई नियम नही बनाया गया है इसलिये किसी किसान नियमानुसार रोका नही जा सकता है। मगर जिस प्रकार से बोरिंग हो रही है बह बेहद चिंताजनक बात है।

धान की पैदावार की उपज से किसानों के मन में जागा लालच

हमीरपुर। जिले में धान की उपज में ज्यादातर किसानों ने एक नही तीन या चार नलकूपों की बोरिंग एक किसान के पास है। डीडी कृषि हरीशंकर भार्गव का कहना है कि शासन के साफ आदेश है कि बुंदेलखंड में पानी की समस्या को देखते हुये कम पानी वाली फसल बोयी जाये मगर किसानों का कहना है धन से उनकी बहुत फायदा हुआ है। दो फसलो का लाभ मिल जाताहै वही धान की पैदावार अधिक होने व अच्छा मूल्य मिलने के कारण किसान भविष्य की चिंता पूरी तरह भूल गया है शासन ने जिले में धान का टारगेट केवल 39 हेक्टेएअर दिया है मगर जिले में कम से कम तीस हजार हेक्टेएअर धान की बोआई हो रही है जिससे जल दोहन जरुरर से ज्यादा हो रहा है।

खबरें एक नजर में

राजकीय बालिका इंटर कालेज में करियर मेला आयोजित

मौदहा(हमीरपुर)। पंख पोर्टल कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज में कैरियर गाइडेंस मेला आयोजित किया गया जिसमें तमाम विभागों के अधिकारी डॉक्टर पत्रकार व्यापारी अधिवक्ता की मौजूदगी में बच्चों को अपना अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्या अंजलि ने एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया छात्राओं को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया की 10वीं और 12वीं के बाद करियर बनाने के लिए छात्रों को भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा विभाग की ओर से इंटर कॉलेजों में उम्मीद करियर पोर्टल शुरू किया है। विद्यार्थियों की प्रोफाइल पंख पोर्टल पर रोजगार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को 10वीं या 12वीं के बाद कौन सा कोर्स करेंए किस कोर्स में क्या संभावना है इसकी जानकारी दी जाएगी। आये हुए अतितियों ने छात्राओं को बताया की सभी को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती है वहीं व्यापारी उमा शंकर गुप्ता ने फर्श से अर्श तक पहुंचने की अपनी जीवन गाथा बताकर छात्राओं को व्यापार के लिए जागरूक किया। पत्रकारिता जगत में कैरियर बनाने के लिए पत्रकार आदित्य त्रिपाठी ने छात्राओं को संबोधित कर जनर्लिज्म कोर्स की जानकारी देकर इस क्षेत्र में भी अपना करियर बनाने को प्रेरित किया तो पुलिस इंस्पेक्टर चंद्र शेखर ने भी बच्चों को पुलिस क्षेत्र में अपना भाविष्य संवारने के लिए टिप्स दिए। विद्यालय स्टाफ की प्रवक्ता दीपिका शर्मा सहायक अध्यापक आरती देवी सहायक अध्यापक पूनम वर्मा ने कड़ी मेहनत की जिसमे बच्चों द्वारा बनाये गए मॉडल व चित्रांकन की लोगों ने जमकर तारीफ की इस कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक संतोष कुशवाहा ने किया।

चोरों ने सूना घर पाकर लाखों के जेवर व नकदी उड़ायी

राठ(हमीरपुर)। सोमवार की रात चोरों ने सूना घर पाकर लाखो रुपये के जेवर व नगदी पार कर दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। महोबकंठ थाने के इटौरा बुजुर्ग गांव निवासी रोहित राजपूत ने पुलिस को बताया कि वह कस्बे के मल्हौवा रोड रामनगर लुधियातपुरा मोहल्ले मकान बनवाकर पत्नी व बच्चों के साथ रह रहा है। वह आनलाइन की दुकान किए हैं। बताया कि सोमवार की शाम करीब छह बजे वह अपनी पत्नी को लेकर गांव मूंगफली की कतराई के लिए गया था। घर में ताला लगा हुआ था। बताया कि चोर रात्रि में मैन गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। बताया कि चोर कमरे के अंदर रखी अलमारी से मंगलसूत्रए दो सोने के हारए छह सोने की अंगूठीए कान के सोने के सुई धागाए आठ जोड़ी चांदी की पायलए आठ जोड़ी बिछियाए सोने चांदी की बच्चों की हाय और दस हजार रुपए चोरी करके ले गए। बताया कि बुधवार की पड़ोसियों की सूचना पर जब वह घर पहुंचा तो सारा सामान गायब था। ताले टूटे हुए थे। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि जांच के लिए पुलिस को भेजा है। मामला दर्ज किया जा रहा है।

बाइकसवार दंपति समेत दो मासूम घायल

राठ(हमीरपुर)। बाइक से अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर ससुराल जा रहे युवक की बाइक सड़क पर अचानक दो मासूम बच्चे आने पर अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दंपति सहित चार बच्चे घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी भानू प्रताप पुत्र नारायण दास ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपनी पत्नी राधा पुत्री देवेश 8 वर्षीय शुभम को लेकर बाइक से ससुराल मुस्करा जा रहे थे। तभी धनौरी बस स्टैंड के पास अचानक सड़क पर दो मासूम बच्चें आ गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे वह लोग घायल हो गए घायल हो गए। वहीं बाइक की टक्कर लगने से कोतवाली के धनौरी गांव निवासी 6 वर्षीय अरविंद पुत्र राजेश , रंजीत पुत्र दशाराम भी घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। डॉ दयाशंकर वर्मा ने बताया कि सभी को मामूली चोटें आईं हैं। जिनका इलाज कर दिया गया है।

फौजी के मकान पर जबरन कब्जा, तोड़ा ताला

राठ(हमीरपुर)। राठ मकान की रजिस्ट्री होने के बाद भी एक व्यक्ति ने फौजी के मकान में जबरन कब्जा कर ताला डाल दिया है। पीड़ित फौजी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के उरई रोड बुधौलियाना मोहल्ला निवासी परमानंद राजपूत पुत्र रामकिशोर ने बताया कि वह वर्तमान में सेना में ड्यूटी करता हैं। उसका मकान चरखारी रोड गल्हिया मोड़ पर है। वह मकान में 14 वर्ष से इस्तेमाल कर रहे हैं। आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उसके मकान में जबरन कब्जा कर ताला डाल दिया है। बताया कि उसके मकान की रजिस्ट्री भी है। वह जबरन अपना मकान बता रहा है। बताया कि विरोध करने पर धमकी दे रहा है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

जिला सेवायोजन सभागार में जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी

महोबा। मंगलवार के रोज जिला सेवायोजन सभागार में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत एवं कृषि सूचना तंत्र के सूद्रणीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजेश सिंह सेंगर सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा की गई। कार्यक्रम शुभारंभ करते हुए उप कृषि निदेशक डॉ अभय कुमार सिंह यादव द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि राजेश सिंह सिंगर के द्वारा कृषि कार्य, रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खादों का प्रयोग करने और प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। एमएलसी प्रतिनिधि शिक्षक निकाय के रणविजय सिंधी द्वारा श्री अन्न खेती के लिए जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों के समन्वय स्थापित करते हुए किसानो की समस्याओं का समाधान कराया जाये। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का गहनता से अवलोकन करते हुए चल रही योजनाओं की जानकारी ली तथा किसानों को रवि की फसलों के जरूरत के अनुसार बीज उर्वरक की भरपूर उपलब्धता के लिए आश्वस्त किया। और कहा कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार शर्मा द्वारा किया गया तथा दुग्ध विभाग से संबंधित जानकारी किसानों को दी गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पाल विभागीय कर्मचारी तथा कृषक बंधु उपस्थित रहे।

मोमबत्ती कारोबारी से 50 हजार रुपए वसूलने वाला कस्बा चौकी इंचार्ज व ट्रेनी दरोगा गिरफ्तार

- भेजे गये जेल, एक खाते में पैसा ट्रांसफर करने वाला पूर्व सभासद भी किया गया गिरफ्तार

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।

कस्बे के एक मोमबत्ती कारोबारी को चौकी बुलाकर कथित पिटाई और 50 हजार डिमांड प्रकरण में चौकी इंचार्ज घाटमपुर आशीष कुमार चौधरी और वही तैनात दारोगा अनुज नागर सहित 4 लोगो के खिलाफ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दोपहर बाद दोनो दारोगाओ का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद माती जेल भेज दिया गया है दोनों दरोगाओं की गिरफ्तारी बीती शाम हुई थी और रात भर थाने में पुलिस और पब्लिक की भीड़ लगी रही मालूम हो कि चौकी प्रभारी आशीष कुमार चौधरी वह वह ट्रेनिंग दरोगा अनुज नागर को सस्पेंड कर दिया गया था। मालुम हो की आरोपी दोनों दरोगाओं ने लाइसेंस न होने का डर दिखाकर मोमबत्ती कारोबारी से 50 हजार रुपए, जिसमे 20 हजार नकद और 30 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए शिकायत पर एसीपी घाटमपुर रजीतकुमार की जाँच में आरोप सही पाए जाने पर जेसीपी हरीश चन्दर ने चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी और दारोगा अनुज नागर को सस्पेंड कर दिया,साथ ही दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने की बात भी कही है, मुकदमें में एक पूर्व सभासद व मेडिकल स्टोर संचालक नामदज है, थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व सभासद ने अपने खाते में पैसे ट्रांसफर कर आए थे उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है जबकि मेडिकल स्टोर संचालक की पुलिस तलाश कर रही है।

मानसिक रूप से विक्षप्त किशोरी पहाड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल

महोबा। चरखारी कोतवाली क्षेत्र के बलचौर गांव में मानसिक रूप से विक्षप्त 16 बर्षीय किशोरी पहाड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस और परिजनों द्वारा किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चरखारी कोतवाली क्षेत्र के बलचौर गांव में रहने वाले राम भरोसी ने बताया कि उसकी बेटी बीते तीन दिनों से बेहद परेशान चल रही थी वह कभी किसी देवी तो कभी किसी भूत प्रेत का नाम लेकर घर से बाहर दौड़ लगाकर पहाड़ पर जा रही थी । जिसे हम सभी के द्वारा घर मे बन्द कर रखा जा रहा था । मगर आज वह अचानक घर के कमरे से निकलकर सीधे पहाड़ की ऊंची चट्टान पर लेटकर नीचे गिर गयी है।

मत्स्याखेट पट्टों की शुरुआत होते ही मत्स्य समिति के संचालकों व विभाग में विवाद शुरु

- डीएम ने दिया एसडीएम सदर को जांच के आदेश, समिति के संचालकों ने कहा, न्याय नहीं मिला तो खटखटायेंगे हाईकोर्ट का दरवाजा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

नदी की जलधारा में मत्स्याखेट पट्टा को लेकर समिति के संचालकों व विभाग में बिवाद शुरु हो गया है। समिति के संचालकों का आरोप है कि विभाग मत्स्य आखेट पट्टों में शासनादेश को दर किनार कर अपनी मनमर्जी से पट्टा करने का कार्यवाही शुरु कर दी है,मामले की जांच डीएम ने एसडीएम सदर को दी है।

चालू वित्तीय वर्ष में मत्स्य आखेट के पट्टों की कार्यवाही शुरु होने के पहले सहकारी समिति के संचालक व बिभाग आमने सामने हो गया है, मेरापुर समिति के अध्यक्ष हरिहर निषाद ने डीएम को बताया कि मत्स्य विभाग ने जलधारा के खंडो का निर्माण अपनी मनमर्जी से किया है। तत्कालीन एडीएफ ने जो गलतिया की थी वही त्रुटियां बर्तमान एडीएफ कर रहे है। जिससे शासन के राजस्व का लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। मेरापुर सहकारी समिति का केवल चार लाख 74 हजार 860 रुपये का नुकसान हो रहा है। इसी प्रकार मनकी कला समिति का राजस्व आकलन 29,920 रुपये बढने के स्थान पर घटाया गया है। इसी प्रकार इसी गांव की दूसरी समिति का राजस्व करीब एक लाख रुपये बढाना चाहिये मगर कम कर दिया है। विलौटा समिति का सात लाख 66 हजार 356 रुपये कम कर दिया है जो घोर अनियमितता में आता है। भौली समिति का एक लाख बीस हजार 912 रुपये का राजस्व आकलन बढाने के स्थान पर घटा दिया है। चंदूपुर समिति के 69,858 रुपये बढाने के बदले कम कर दिया है। मेरापुर समिति का राजस्व चार लाख 74 हजार 860 रुपये ज्यादा बढा दिया गया है जबकि कम करना चाहिये। पत्यौरा समिति का दो लाख 10 हजार 670 रुपये बढाना चाहिये। सुरौलीबुजुर्ग का चार लाख 30 हजार 464 रुपये बढाना चाहिये जबकि कम कर दिया है। बरुवा नयी समिति का एक लाख 92 हजार 500 रुपये कम कर दिया है जबकि इतनी धनराशि और बढाना चाहिये। समिति के संचालक हरीहर निषाद व प्रेमचंद्र निषाद ने शासन से लिखित शिकायत की है कि एडीएफ की लापरवाही के कारण पाच लाख तीन हजार 28 रुपये के राजस्व का घाटा हुआ है। समिति के संचालकों की शिकायत पर डीएम घनश्याम मीना ने एसडीएम को दोबारा जांच सौपी है। संचालकों का कहना है कि यदि उन्हे न्याय नही मिला तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे।

सभी मत्सय पट्टे किये जा रहे है नियमानुसारः एडी झांसी

हमीरपुर। प्रभारी अपर निदेशक(मत्स्य) एडीएफ रमाकांत दोहरे का कहना है कि सारे पट्टे नियमानुसार किये जा रहे है मगर शिकायत कर्ता को केवल भ्रम है फिर भी जांच की जा रही है। मत्स्य आखेट के पट्टे काफी जगह बिभाजित हो गये है इसलिये लोगो को भ्रम हो रहा है। उप निदेशक मत्स्य झांसी ज्ञानेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है एडीएफ व एसडीएम सदरहमीरपुर जांच कर रहे है हरकाम नियमानुसार किया जायेगा। इस मामले में वह पूछतांछ करेगे। किसी के साथ अन्याय नही होने दिया जायेगा।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत चल रहे प्रशिक्षण का जेडी ने किया औचक निरीक्षण

महोबा। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 10 दिवसीय कौशल वृद्धि एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रेड - दर्जी एवम एक जनपद एक उत्पाद गौरा पत्थर धातु शिल्प का 19 अक्टूबर को शार्क इन शालीमार पैलेस छतरपुर रोड में प्रारम्भ किया गया इसके उपरान्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के प्रवक्ताओं द्वारा जानकारी दी जा रही है तथा कुशल मास्टर ट्रेनरों द्वारा गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण सकुशल कराया जा रहा है ।

जिसका का शुभारंभ उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के उपायुक्त महेशचन्द्र सरोज द्वारा किया गया जिसमें प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया कर्यक्रम के अवसर पर खनिज ग्रामोदय प्रशिक्षण केन्द्र कालपी के आनन्द कटियार द्वारा प्रशिक्षार्थियों को स्वावलम्बी बनाने हेतु टिप्स दिए गए। विश्व कर्मा श्रम सम्मान योजना के दर्जी ट्रेड में 300 एवम एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत गौरा पत्थर धातु शिल्प में 180 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार तिवारी, सहायक प्रबन्धक दीपक व वरिष्ठ सहायक केशव का भी मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है इस अवसर पर कार्यक्रम कॉर्डिनेटर शफीक खान ने भी सम्बोधित किया। चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण का जे डी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमे उन्होंने सुचारू रूप से चल रहे प्रशिक्षण की सराहना की ।

श्री राम जानकी मंदिर रथ के माध्यम से किया जा रहा भारतीय सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार

चरखारी (महोबा)। आज नगर के प्राचीन सिद्ध मंदिर श्री बटुक भैरवनाथ जी के परिसर में बुन्देलखण्ड में भ्रमण करके धर्म और संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रहे श्री राम जानकी रथ के माध्यम से रामानन्द सागर द्वारा बनाई गई रामायण का रथ में लगे बड़े पर्दे पर प्रसारण करके उपस्थित भक्तजनों को भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेकर सन्मार्ग पर चलने के लिए जागरूक किया गया रथ प्रमुख एवं रथ में स्थापित श्री राम दरबार के श्री विग्रहों की सेवा पूजा कर रहे बलवीर सिंह ने बताया कि श्री हरि सत्संग समिति कोलकाता के सौजन्य से देशभर में विगत कई वर्षो से 100 से अधिक श्री राम जानकी रथों के द्वारा भगवान का पूजन अर्चन एवं रात्रि में रामानन्द सागर की रामायण का प्रसारण देश के सभी शहरों के साथ ग्रामीण अंचलो में करते हुए लोगों को जागरूक करके सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है बताया गया कि एकल अभियान द्वारा संचालित श्री राम-जानकी रथ धर्म प्रचार प्रसार के लिए गांवों में चलाये जा रहे हैं। आज महोबा जिला के चरखारी नगर के प्राचीन सिद्व मन्दिर श्री बटुक भैरव नाथ जी के परिसर में धर्म सभा आयोजित की गई है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

महोबा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सभी 11 मंडल के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और मंडल के सदस्यता सहयोगी उपस्थित रहे। बताया कि 2 सितंबर 2024 से पार्टी का सदस्यता अभियान प्रारंभ हुआ। अभी तक जनपद में ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा 1 लाख 16 हजार 200 भाजपा के सदस्य बने एवं और फॉर्म भरकर ऑफलाइन सदस्यता, 41 हजार 500 हुई पार्टी द्वारा जनपद के संगठन को लोकसभा में प्राप्त मत का 75 प्रतिशत बनाने का सदस्यता का लक्ष्य दिया गया था। जिसको पार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के नेतृत्व में संगठन द्वारा प्राप्त कर लिया गया है। प्रदेश से द्वारा आए गए सक्रिय सदस्यता के आवेदन पत्र सभी मंडल अध्यक्ष को दिए गए। आज से सभी मंडल अध्यक्षों के पास भाजपा के कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य के लिए 50 प्राथमिक सदस्यों की सूची एवं पार्टी फंड में 100 का जमा करके सक्रिय सदस्यता धन राशि की रसीद प्राप्त करके आवेदन पत्र देंगे फिर प्रदेश से तय किए गए जांच कमेटी बैठकर सक्रिय सदस्यता की स्वीकृति प्रदान करेगी बैठक के उपरांत भाजपा के जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने अपने गृह नगर खरेला के मंडल अध्यक्ष रूद्रप्रकाश शुक्ला को अपना आवेदन दिया एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप द्वारा महोबा नगर के मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता को आवेदन दिया गया। इसी के साथ सक्रिय सदस्यता के आवेदन फॉर्म भरकर आवेदन लिए जाना प्रारंभ हुआ। महोबा विधानसभा के सदस्यता प्रभारी चक्रपाणि त्रिपाठी, सदस्यता अभियान के प्रमुख महेंद्र गुरुदेव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सदस्यता बड़ी संख्या में करने के लिए आभार व्यक्त करके अभिनंदन किया।

जिले में डेंगू का बढ़ता प्रकोप जारी, पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर हुई नौ

- जिला अस्पताल में तैनात स्वास्थकर्मी का पति डेंगू पॉजिटिव
- डेंगू पीड़ित मरीजों में 35 का हुआ एलाइजा टेस्ट
- जिले में बढ़ते मरीजों की तादात को लेकर साफ-सफाई के दिये निर्देश हो रहे हवा-हवाई

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते डेंगू दिन प्रतिदिन अपना कहर बरपाता नजर आ रहा है। हालात यह है कि जिला अस्पताल के वार्डो के आसपास गन्दगी का अंबार लगा हुआ है। नतीजतन जिले में बढ़ते डेंगू के संक्रमण की चपेट में आकर नागरिक बीमार हो रहे है। तो वही डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर सीएमएस के साफ सफाई के निर्देश हवा हवाई साबित हो रहे है। महोबा जिला अस्पताल में डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हालात यह है कि 35 मरीजों के एलाइजा टेस्ट में 09 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डेंगू के बढ़ते प्रकोप से लोग बेहद हैरान हो रहे है। तो वही दूसरी ओर अस्पताल के वार्डो के आसपास गन्दगी का अंबार लगे होने से संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ विभाग के कर्मचारी के पति में डेंगू की पुष्टि होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। साथ ही मरीजों के वार्डो के आसपास साफ सफाई रखने के कड़े निर्देश दिए है।

डेंगू की रोकथाम के लिए कोई विशेष टीका नहीं होताः डॉ रिजवान

महोबा। बदलते मौसम के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ना आम बात है। डेंगू, जिसे कुछ लोग हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं द्य एक खास प्रकार के मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू मच्छर ज्यादातर दिन के समय काटता है एवं साफ ठहरे पानी में पनपता है इसके लक्षणों में तेज बुखार, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, थकान, त्वचा पर लाल चकत्ते, मसूड़ों से खून आना, और उल्टी शामिल हो सकते हैं। यह लक्षण आमतौर पर दो से सात दिनों तक रहते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम का रूप ले सकता है, जिसमें रक्तस्राव, ब्लड प्रेशर में गिरावट, और मृत्यु तक की संभावना हो सकती है। सफी क्लीनिक डॉक्टर जीएम रिजवान के अनुसार डेंगू की रोकथाम के लिए कोई विशेष टीका नहीं होता इसलिए मच्छरों से बचाव एवं जानकारी बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लक्षणों का जल्द पता लगाना और समय पर उपचार करना आवश्यक है। डेंगू के इलाज में बेड रेस्ट, तरल पदार्थों का सेवन, और शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे महत्वपूर्ण है। विशेषकर आपको ओआरएस या इलेक्ट्रोलाइट्स वाले तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाना चाहिए। बचाव के उपायों में सबसे आम तरीका है कि अपने शरीर को पूरी तरह से ढकें। जब भी आप बाहर जाएं, तो पूरी आस्तीन वाले कपड़े और पैंट पहनें ताकि मच्छर आपके शरीर के खुले हिस्सों तक न पहुंच सकें। मच्छरदानी और मच्छर भगाने व

टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर ने नागमणि सिंह क्लब लखनऊ को हराया

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

▸ चौथे क्वाटर में टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर ने दो गोल करके 3-1 से मैच पर फतेह हासिल कर ली

देवा मेला के हॉकी मैदान में चल रही राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिता में मंगलवार को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर और नागमणि सिंह क्लब लखनऊ के बीच हॉकी मैच खेला गया। जिसमें फर्स्ट क्वाटर में नागमणि सिंह क्लब लखनऊ ने एक गोल किया।

सेंकेड क्वाटर में टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर पुर ने एक गोल करके मैच को बराबर कर लिया। चौथे क्वाटर में टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर ने दो गोल करके 3-1 से मैच पर फतेह हासिल कर ली। वहीं पहला मैच अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज बाराबंकी व बाराबंकी स्कूल्स के बीच खेला जाना था लेकिन किन्ही कारणों से यह मैंच आज नहीं हो सका यह मैच अब 26 अक्टूबर को खेला जायेगा। इस अवसर पर हॉकी प्रतियोगिता के आयोजक, सलाउद्दीन किदवई, मोहम्मद फारुख, राम आशीष वर्मा, मुजीब अहमद, विवेक कुमार, शकील अहमद, अरमान वारसी, निसार अहमद, फव्वाद किदवाई आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

मेले में पशु प्रवेश एवं बिक्री दरें निर्धारित, अतिरिक्त शुल्क लेने पर कन्ट्रोल नम्बर पर करें फोन

बाराबंकी। देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति द्वारा पशु बाजार मेला 2024 हेतु प्रति पशु प्रवेश एवं बिक्री शुल्क की दरें निर्धारित की गई है। पशु बाजार मेला में निर्धारित की गई दरों के अतिरिक्त यदि शुल्क लिया जाता है, तो कंट्रोल रूम नंबर 05248-226017 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

यह जानकारी अपर जिलाधिकारी/ सचिव, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति अरुण कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पशु बाजार में घोड़ा, घोड़ी व टट्टू के लिए प्रवेश शुल्क प्रति पशु 50 तथा बिक्री शुल्क 800 प्रति पशु निर्धारित की गई है। गधहा, गदही व खच्चर व खच्चरी के लिए प्रवेश शुल्क ?50 प्रति पशु तथा बिक्री शुल्क 550 रुपए प्रति पशु निर्धारित की गई है। इसी प्रकार भैंस, पड़िया व पड़वा के लिए प्रवेश शुल्क 50 प्रति पशु तथा बिक्री शुल्क 650 रुपए प्रति पशु निर्धारित की गई है। पशुओं की लोडिंग व अनलोडिंग 100 प्रति गाड़ी निर्धारित की गई है गाड़ी लोड होने पर ठेकेदार द्वारा भाड़े पर 20 प्रतिशत ट्रांसपोर्टेशन चार्ज लिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि पशु बाजार में ठेकेदार द्वारा एजेंट फीस100 प्रति एजेंट ली जाएगी। हर एजेंट को एक बैज रखना होगा, जिसे अपने बाजू पर बांधना होगा। अगर कोई एजेंट बिना बैज पशु बाजार में पाया गया, तो उसे दंडित किया जाएगा।

कल नामचीन कवियों के होंगे काव्य पाठ,

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन देवा शरीफ समिति के अध्यक्ष राय स्वरेश्वर बली व सचिव डॉ अम्बरीष %अम्बर% ने एक संयुक्त बयान में बताया कि 24 अक्टूबर को इस बार सूफी धरती पर हास्य कवि पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे छत्तीसगढ़, गीतकार विष्णु सक्सेना, मणिका दुबे जबलपुर, अशोक चारण (ओज)राजस्थान, विनोद राजयोगी (हास्य) मैनपुरी, शैलजा सिंह दिल्ली, डॉ नीरज पाण्डेय शून्य (ओज) रायबरेली, अभय निर्भीक अम्बेडकर नगर (ओज), नंद जी नंदा बलिया(ओज), हलधर गोण्डवी (गीतकार), शशि श्रेया लखनऊ, अखंड प्रताप सिंह लखनऊ (गीतकार), विनय शुक्ल एवं आशीष सिंह बाराबंकी काव्य पाठ करेंगे।

दैनिक दिनचर्या बिगड़ने का असर व्यक्ति के शरीर को पहुंचाना नुकसान

कालपी,जालौन। मंगलवार को सीएचसी परिसर में मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान 160 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवा और सलाह दी गई। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीएचसी परिसर में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन क्षेत्र के पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन ने किया। इस दौरान उन्होंने आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी और भौतिक और संचार साधनों ने इंशान को मशीन बना दिया है जिससे उनकी दिनचर्या बिगड़ रही है और इसी का असर उनके शरीर के साथ दिमाग पर पड़ता है और वह मानसिक रोगी हो जाता है। उन्होंने कहा दवा ही महज इसका उपचार नही है।

घर मे फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे झाऊ मजरे रोहनामीरापुर गांव में एक 45 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जांच पड़ताल कर रही है।

उक्त गांव निवासी त्रिलोकी पुत्र राम प्यारे उम्र लगभग-45 वर्ष का घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया।घटना की जानकारी परिजनों को होते ही घर में चीख पुकार मच गई शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौत का कारण जानने के प्रयास में जुट गई है ।बताया जाता है कि युवक नशे का आदी था जो किसी बात को लेकर अवसाद में था।थाना प्रभारी ने संजीव कुमार यादव ने पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेजा है। रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

महन्त की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ भंडारा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। कस्बा बदोसराय में उचवा कुटी पर महंत ब्रह्मलीन ज्ञान प्रकाश साहब की पुण्यतिथि पर कुटी के महंत गोपाल दास साहिब के द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।महंत ज्ञान प्रकाश साहब के पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उचवा कुटी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया किया गया। इस भंडारे में क्षेत्र के लोग सहित कई जनपदों और प्रांतों से साधु संत पहुचे।भंडारे में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक गुट के जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा, भाजपा जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, आईटी सेल भाजपा कार्यकर्ता अमित भैया, प्रहलाद कुमार विमल, अशोक तिवारी, वेद प्रकाश यादव, राजाराम नाग सहित हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।महंत गोपाल दास ने बताया कि साहब ज्ञान प्रकाश जी के पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और पंजाब सहित कई जनपदों से आए हुए साधु संतों का प्रवचन सुनकर सत्य के मार्ग पर चलने के लिए कहा।

बोलेरो की टक्कर से बालक घायल, मुकदमा दर्ज

जैदपुर, बाराबंकी। बोलेरो की ठोकर से एक लड़का घायल हो गया।पिता ने थाने मे शिकायत की है।पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। मामला जैदपुर थाने के नूर मोहम्मद इंटर कालेज के आगे नूर कालोनी का है।जहां दिनांक 21-10-2024 को झलरवा निवासी मिथलेश पुत्र रामदास का लड़का हर्षित धान से लदी ठेलिया लेकर जा रहा था।तभी पीछे से तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक बोलेरो यूपी 32 एफई 8789 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे हर्षित काफी चोटिल हो गया और धान का काफी नुकसान हुआ है।पीड़ित पिता की शिकायत पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। विवेचना हो रही है।

दीपावली पर बनाए जा रहा है मिट्टी का दीया

जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

जैदपुर के मुरलीगंज गांव सहित मोलवी कटरा महमूदपुर इस्लामनगर मे कुम्हारो द्वारा दीपावली पर्व को लेकर आकर्षक डिजाइन के दीयो का निर्माण जोरों पर कर रहे है। आगामी 31 अक्टूबर को मनाई जाने वाली दीपावली को लेकर मिट्टी से कुम्हार नई और अलग शैली के दीयों की योजना बना रहे हैं।

> दूसरे की मजदूरी करने जाने से बेहतर है अपना खुद का एक रोजगार है

कुम्हार नूर अहमद ने बताया कि इस बार उनके द्वारा बनाए जा रहे दीये ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा, इस बार हम कुछ अलग और आकर्षक डिजाइन के दीयों का निर्माण कर रहे हैं, जो लोगों को काफी पसंद आएंगे। हालांकि,नूर अहमद ने यह भी बताया कि उनके द्वारा बनाए गए दीयों और बर्तनों की लागत और मेहनत के मुकाबले बहुत कम लाभ मिलता है। फिर भी दूसरे की मजदूरी करने जाने से बेहतर है अपना खुद का एक रोजगार है। मिट्टी लाने, उसे डिजाइन में ढालने, भट्टी में पकाने और फिर सस्ते दामों पर बेचने की प्रक्रिया में काफी मेहनत लगती है। दीपावली में बिकने वाले दीयों का मूल्य 40-50 रुपए प्रति सैकड़ा रखा गया है, जबकि इसे बनाने में जितनी मेहनत और लागत लगती है उससे कहीं कम दाम मिलते हैं लेकिन यह हमारा पारंपरिक और पुश्तैनी कार्य है। जिसे हम करते आ रहे हैं।

तहसीलदार व बीडीओ ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का उद्घाटन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड त्रिवेदीगंज के टिकरा मजरे लाही गांव में ग्रामीणों की मांग पर बने इण्टर लॉकिंग मार्ग का उद्घाटन मंगलवार को तहसीलदार सीमा भारती खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह व कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

उल्लेखनीय है कि रायबरेली मार्ग से गांव को जाने वाला यह मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे कीचड़ व जल भराव की समस्या से लोगों को आवागमन में तमाम कठिनाइयां उठानी पड़ रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने ब्लॉक एवं तहसील के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए थे। बीडीओ त्रिवेदीगंज प्रियंका सिंह ने ग्राम प्रधान ज्ञानवती को तत्काल सड़क का निर्माण कराने का निर्देश जारी किया था। जिस पर प्रधान ने ग्राम निधि से 50 मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण करवाया। अब इस सड़क के बन जाने से आने-जाने में ग्रामीणों को सुगमता होगी। इस मौके पर प्रधान ज्ञानवती,सचिव संयम मिश्रा,पूर्व शिक्षाधिकारी एम पी अवस्थी, प्रधान पति गंगा प्रसाद, बैजनाथ अवस्थी, रामराज, रमाकांत मिश्रा,म सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

शिक्षक के निधन पर हुई शोक सभा

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें प्राथमिक विद्यालय सराय चंदेल के प्रधानाध्यापक पद से वर्ष 2001 में सेवानिवृत हुए अढेरी पुरवा राजापुर गांव निवासी शिव बहादुर शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया गया सभी शिक्षकों ने 2 मिनट का मन रखकर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में सिद्धनाथ त्रिपाठी, माता बदल, ओम प्रकाश अवस्थी, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, जीवन लाल शुक्ला, राम अवध सिंह आदि मौजूद रहे।

आज चार घण्टे नही आएगी बिजली

जैदपुर, बाराबंकी। बुधवार को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक जैदपुर पावर हाउस के फीडर पर कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।उक्त जानकारी एसडीओ संदीप सिंह ने है। बताते चलें कि विद्युत वितरण खंड रामसनेहीघाट 33/11 केवी उपकेंद्र जैदपुर के अंतर्गत आने वाली विधुत सप्लाई बुधवार को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक विद्युत उपकेंद्र जैदपुर पर 33 केवी फीडर पर कार्य होना है।जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र जैदपुर से सभी पोषित फीडर पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।उक्त जानकारी एसडीओ संदीप सिंह दी है।

कब्बडी प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बाराबंकी। देवा मेला मंगलवार को राज्य स्तरीय महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। पहली कबड्डी प्रतियोगिता टीआरसी महाविद्यालय और बीकेटी स्पोर्ट्स क्लब के बीच हुई। जिसमें बीकेटी स्पोर्टस क्लब की टीम विजयी हुई। दूसरी प्रतियोगिता वारसी इंटर कॉलेज देवा और वैष्णवी क्लब के बीच हुई जिसमें वैष्णवी क्लब की टीम ने जीत हासिल की। इसके बाद देर रात कबड्डी की प्रतियोगिताएं होती रही। कबड्ड़ी प्रतियोगिता को देखने के लिये दर्शकों को भारी भीड़ जुटी रही।

स्वरोही ग्रुप के कलाकारों ने प्रस्तुत किये मनमोहक नृत्य

बाराबंकी। देवा मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को स्वरोही ग्रुप की निदेशक पूजा पांडेय की टीम ने एक से बढ़कर एक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत मयूर नृत्य से की। इसके बाद कान्हा मुरली की तान सुना दे गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद श्याम के बिना तुम आधी तुम्हारे बिना श्याम आधे, इसके बाद होली गीत और बाके बिहारी के देख छटा, मोहे होली में आदि मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

रासरंग फाउंडेशन के सूफ़ी नृत्यों पर झूमें दर्शक

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

देवा मेला के ऑडिटोरियम में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रासरंग फाउंडेशन ग्रुप की सरिता यादव और उनकी टीम के साथी कलाकारों ने सूफ़ी नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर धूम मचाई। उन्होंने अपनी पहली प्रस्तुति छाप तिलक छीनी, सूफी गीत से की। इसके बाद शिव तांडव की प्रस्तुति देकर माहौल को शिवमय बना दिया। इसके बाद मेरा मुरशिद खेले होली सूफी गीत पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी, इसके बाद राम सिया राम, अवध में लौटे है श्री राम मनाओ दीवाली गीत की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

संगीत मेरे दिल में बस गया है: सरिता यादव

रासरंग फाउंडेशन की निदेशिका सुश्री सरिता यादव बताती है कि उन्होंने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय से मणिपुरी और लोकनृत्य की शिक्षा ली है। सन 2008 से लगतार थिएटर के क्षेत्र में निर्देशन का भी काम कर रहीं हैं। सरिता ने कई फिल्मों और टीवी सीरियलों में काम किया है।

अभी हाल ही में टीवी सीरियल मानस के राम में एक अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा वह लगातार 11 वर्षो से रंगमंच कथक तथा लोकनृत्य के क्षेत्र में लागातार अपना योगदान दे रही हैं। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तथा कई अन्य स्थानों पर सरिता यादव द्वारा लगातार अपने कार्यक्रम किये जा रहे है जिसमें उत्तर प्रदेश में अलीगढ़, गोंडा, बुलंदशहर, मेरठ, मुज्जफरमऊ, अमरोहा, फिरोजाबाद, अयोध्या आदि सहित अनेक स्थानों पर 600 से अधिक प्रस्तुतियां दी जा चुकी हैं।

इंडियन आइडियल फेम में अभिषेक राजपूत के गीतों ने मचाया धमाल

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

इंडियन आइडियल सीजन 3 के फेम, अभिषेक राजपूत के गीतों ने देवा मेला में धमाल मचाया। उन्होंने एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुतियां दी। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत लगन लगन गीत से की। इसके बाद काली काली जुल्फें, और दमादम मस्त कलन्दर गीत पर माहौल को सूफ़ियाना कर दिया।

इसके बाद रस्के कमर, छाप तिलक की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद चगोड़ा तारा गुजराती गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद चलाओ न नैनो से बाण, अफगान जलेबी और पिया रे पिया आदि की प्रस्तुतियां दी गई। अभिषेक राजपूत के यूट्यूब पर मिलियन फॉलोवर्स है। इनका गीत हर हर शम्भू बड़ा फेमस हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

घर पर कब्जा करने की नीयत से बड़े भाई ने दिव्यांग भाई को पीटा

रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।

मकान पर कब्जा करने की नीयत से बड़े भाई ने अपने छोटे दिव्यांग भाई को मारपीट कर घायल कर दिया है। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम झरेला निवासी दौलतराम पुत्र स्वर्गीय साधुराम शाक्यवार अपने दोनों हाथों से दिव्यांग है। कई वर्ष पहले दौलतराम के दोनों हाथ मजदूरी पर गेहूं की मड़ाई करते समय थ्रेसर से कट गए थे परिणाम स्वरूप सरकार ने उसे जीवकोपार्जन हेतु एक एकड़ जमीन का पट्टा दे दिया था। अब दिव्यांग दौलतराम वृद्धावस्था व शारीरिक कमजोरी के कारण पराश्रित है और उसने सरकार से प्राप्त पट्टे की जमीन का 80 फीसदी भाग अपनी बहन गुड्डी देवी निवासी असूपुरा कोंच को दे दिया है इससे असंतुष्ट बड़े भाई रमेश शाक्यवार को लगा कि दौलतराम अपने हिस्से का मकान भी बहन गुड्डी देवी को दे सकता है इसलिए उन्होंने अपने विकलांग भाई दौलतराम के मकान में कब्जा करने की नीयत से जबरदस्ती बकरी बांधना प्रारंभ कर दिया।

अपने बड़े भाई की बदनियती एवं जबरदस्ती से असंतुष्ट दिव्यांग दौलतराम ने अपने मकान में ताला डाल दिया इससे नाराज होकर रमेश ने अपने पुत्र वकील के सहयोग से खेत पर जाकर दौलतराम को उल्टी कुल्हाड़ी एवं डंडों से मारपीट कर जख्मी कर दिया।

बहू को बुरी नियत से दबोचने पर ससुर पर मुकदमा दर्ज, आरोपी सुसर गिरफ्तार

कोंच (जालौन)। कोंच कोतवाली क्षेत्र में घर में अकेली बहू को बदनियती से दबोचने के मामले में पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफमुकदमा दर्ज कर आरोपी ससुर को पुलिस ने दबोच लिया है बहू ने सास के विरुद्ध भी दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोंच कोतवाली क्षेत्र में एक पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब 3 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी में पिता ने दान दहेज मिलाकर करीब 21 लाख रुपये खर्च किए थे। वही उक्त मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी ससुर और सास के विरुद्ध दफा 74, 85 बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कर ससुर को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल अरुण कुमार राय का कहना है कि मामले की फिलहाल जांच की जा रही है। ओर जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

सहकारी समितियों में पहुंच एसडीएम ने खाद वितरण व्यवस्था परखी

▸ दमरास समिति में गंदगी मिलने पर जतायी नाराजगी

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को उर्वरक की वितरण व्यवस्था की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने दमरास तथा इटौरा की सहकारी समितियो का औचक निरीक्षण किया। तथा जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय हो कि कालपी क्षेत्र में किसानों को सुगमता पूर्वक खाद वितरण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा प्रभावी कदम उठाए गए हैं। शीर्ष अधिकारियों को सहकारी समितियां से उर्वरक की बिक्री करने के लिए निगरानी करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने दमरास में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया गया तथा उर्वरक की बिक्री देखी। परिसर में गंदगी देखकर नाराजगी जताई। दमरास गांव में एक लाइसेंस धारक की दुकान को भी चेक किया। इसके पहले इटौरा सहकारी समिति लिमिटेड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी नहीं मिले। बताया गया कि समिति के एकाउंटेंट उर्वरक की उपलब्धता के लिए बैंक में धन ट्रांसफर करने या ड्राफ्ट बनवाने के लिये कालपी गये है।

सभासद के छप्पर में लगी आग,दो मवेशी जले

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। कस्बा के पूरे मितई वार्ड से पूर्व सभासद रामलाल के छप्पर में आग लग जाने से उसके नीचे बंधे दो मवेशी जलकर घायल हो गए। पूर्व सभासद ने बताया कि बीती रात घर के बाहर छप्पर के नीचे उनकी एक भैंस व एक पड़वा बन्धा हुआ था। रात्रि लगभग डेढ़ बजे भैंस ने छप्पर में सींग मार दी जिससे छप्पर गिर गया। जानवरों को मच्छरों से बचाने के लिए किये गए धुंए से आग लग गई। जब तक आग बुझा कर जानवरों को बाहर निकाला जाता तब तक पड़वा गंभीर रुप से झुलस चुका था।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली गोला प्रांगण में विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु बाधक दो पेड़ क्रमशः एक पेड़ सागौन तथा एक पेड़ यूकेलिप्टस का कटान होना है जिनका कुल मूल्यांकन 55475 रुपए निर्धारित किया गया है। उक्त दोनों पेड़ो की नीलामी 24.10.2024 को प्रातः 10 बजे संपन्न होनी है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला खीरी — उप जिलाधिकारी गोला गोकर्णनाथ खीरी

क्या अवैध स्वास्थ्य कारोबारियों पर स्वास्थ्य विभाग है मेहरबान?

सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।

▸ वहीं कुछ दिनों पूर्व घघसरा बाजार में एक अस्पताल को किया गया था सील

सहजनवां तहसील क्षेत्र में लगातार कई महीनो से अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के खिलाफ प्रतिष्ठित अखबारो में लगातार खबरें चलाई गई तब जाकर के कुंभकर्णी नींद से जागे थे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार और एक अस्पताल को सील भी किए थे लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों पर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है।

सहजनवा तहसील क्षेत्र के अन्य जगहों पर धड़ल्ले से अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के हौसले भी बुलंद है और अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर प्राइवेट अस्पताल संचालित करने में इन्हें जरा सी भी सरकार का कोई डर नहीं है। वही सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार झोलाछाप डॉक्टरों सहित अवैध तरह से संचालित होने वाली पैथोलॉजी प्राइवेट हॉस्पिटल अल्ट्रासाऊंड सेंटर डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक पे कार्रवाई की सिलसिला शुरू हो गई है सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल व क्षेत्र में चल रहे जितने भी अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर सहित प्राइवेट अस्पतालों को चिन्हित कर लिया गया है जल्दी उन पर बड़ी कार्रवाई की जायेगी लेकिन अभी तक जिम्मेदारों के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

आखिर क्यों पूरे तहसील क्षेत्र व नगर पंचायत घघसरा मे जितने भी अवैध स्वास्थ्य कारोबारी है उनके ऊपर जल्द कार्यवाही शुरू किया जायेगा जिमेदारो द्वारा बार बार आश्वासन दिया जाता रहा है लेकिन घघसरा मे बिना रजिस्ट्रेशन के तमाम हॉस्पिटल, अल्ट्रासाउंड, पैथालॉजी संचालित हो रहे हैं वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीछक द्वारा कुछ दिनों पूर्व नेशनल हॉस्पिटल को शील किया गया था लेकिन अन्य लोगों पर कार्यवाही नहीं किया गया वही देखा जाये तो घघसरा मे तमाम अबैध स्वास्थ्य कारोबारी अपने व्यवसाय को धड़ल्ले से संचालित कर रहे हैं, अब देखना है कि जिमेदारो द्वारा अन्य लोगों पर क्या कार्यवाही किया जायेगा या शील और डील का खेल इसी तरह चलता रहेगा और गरीब जनता को यमरूपी स्वास्थ्य कारोबारी डसते रहेगे।

मिट्टी खनन माफियाओं पर चला कानून का चाबुक

कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को कोच कोतवाली क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार कई दिनों से जोरो से चल रहा था जिसकी आज पुलिस प्रशासन को सूचना मिली तो मिट्टी खनन करने वाले बेखौफ हो चुके मिट्टी माफ्रियाओं पर एसडीएम, तहसीलदार के साथ पुलिस ने छापेमारी कर ट्रैक्टर सहित कई मशीनों को भी दबोच लिया। उक्त कार्यवाही के बाद अवैध मिट्टी कारोबार से जुड़े माफ्रियाओं में हड़कंप मचा रहा।

आपको बता दे कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के उरई रोड पर ग्राम पनियार के पास में एक खेत से अवैध मिट्टी खनन करते हुए एसडीएम ज्योति सिंह व पर प्रभारी तहसीलदार जीतेन्द्र पटेल व कोतवाल अरुण कुमार रॉय ने मिट्टी धारण करते हुए मिट्टी से भरा ट्रैक्टर ट्राली व छोटी जेसीबी को दबोच लिया पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली ओर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है पुलिस मामले की जाँच में जुटी है और एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा है अगर मिट्टी खनन किसकी भी तरह नही किया जाएगा अगर मिट्टी खनन की सूचना मिलती तो मिट्टी खनन माफ्रियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। मिट्टी माफ्रियाओं पर प्रशासनिक कार्यवाही की गाज गिरने के बाद मिट्टी माफ्रियाओं में हड़कंप मचा रहा और वह अपने बचाव के रास्ते तलाशने में जुटे रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एल आई पॉलिसी संख्या 214875278 मे मेरा नाम विष्णु नारायण शुक्ला पुत्र रामराज शुक्ला अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम विवेक कुमार पुत्र रामराज अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही है इसलिए मेरे एल आई पॉलिसी में मेरा नाम विष्णु नारायण शुक्ला उर्फ विवेक कुमार अंकित किया जाए।

सूचनाकर्ता
विष्णु नारायण शुक्ला उर्फ़ विजय कुमार पुत्र रामराज शुक्ला ग्राम डिकरा पोस्ट चेतियामुरार, जिला- श्रावस्ती पिन कोड- 271835

महिलाओं को सजग करना हमारा कर्तव्य: पुष्पा पांडेय

- सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक
- बोली, पीड़ित महिलाओं की एफआईआर लिखने में किसी भी दशा में न करें विलम्ब

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती सदस्य राज्य महिला आयोग

महिलाओं को सजग करते हुए। महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर रोक लगायी जाये।

महिलाओं को शिक्षित एवं जागरूक करना अति आवश्यक है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी जिम्मेदारी है। यह बात महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय ने कही। मंगलवार को सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पांडेय की अध्यक्षता में हर्षवर्धन सभागार में समीक्षा बैठक हुयी। कहा कि जनपद में बाल ग्रह, बालिका ग्रह बनाने हेतु शासन से वार्ता की जाये। उन्होनें निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी पात्र महिलाओं के राशन कार्ड, शौचालय, आवास, मुहैया कराये जाये। कहा कि महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के लिये हर संभव सजग रहना होगा। इस संबंध में ग्रामीण व शहरी स्तर पर ग्रामों में समन्वय बैठक की आवश्यकता है।

जिसमें महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जाये। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं के आवेदन पत्र भरवानें के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होनें चिकित्सा विभाग के अन्तर्गत निर्देशित करते हुये कहा कि प्राथमिक एंव सामुदायिक केन्द्रों पर चिकित्सक समय से उपस्थित रहते हुये पूर्ण रूप से संचालित करने के निर्देश देते हुये कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। उन्होनें क्षेत्राधिकारी से महिला उत्पीड़न की शिकायतों के संबंध में पूर्ण जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि पीड़ित महिलाओ की एफआईआर लिखने में किसी भी दशा में विलम्ब न किया जाये और न ही दोषी के प्रति लापरवाही बरती जाये बल्कि दोषी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपन राय, महिला थानाध्यक्ष सहित आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आलू की फसल के लिए डीएपी के स्थान पर सुपर का प्रयोग लाभदायक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जनपद में लगभग 43-45 प्रतिशत क्षेत्रफल में आलू की गडाई हो चुकी है। किसानों से अनुरोध है। कि उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही उपयोग करें। जिससे आलू की फसल को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके तथा उर्वरकों के असंतुलित मात्रा में प्रयोग से होने वाले मृदा, वायु एवं जल प्रदूषण के साथ लागत को भी कम किया जा सके। किसानों को सलाह दी जाती है। कि आलू की फसल में डीएपी के स्थान पर एनपीके, एनपीएस व एसएसपी (सुपर) का प्रयोग करना चाहिए। एनपीके में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों पोषक तत्व पाये जाते है। किसान तीन बोरी सिंगल सुपर फास्फेट (सुपर) एवं लगभग 20 किग्रा यूरिया मिलाकर प्रयोग करें जो कि एक बोरी डीएपी के बराबर हो जाती है। सुपर के प्रयोग से मिट्टी की दशा में सुधार होता है। तथा उपज में भी सुधार होता है। कृषक फसलों में उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें और अपनी जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक का कय करें।

किसी भी किसान को कोई भी समस्या हो तो जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं 8272893015 एवं 933567380 पर या लिखित रूप में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक विकेताओं को निर्देशित किया। कि कृषकों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक का वितरण करे।

प्रदेश स्तरीय समिति का किया गया नामकरण

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

- नये अधिवक्ताओं को 10 हजार मासिक स्टाइपेन्ड व वरिष्ठ अधिवक्ताओं को 25 हजार रूपये मासिक पेंशन देने की उठायी मांग

शासन द्वारा अपेक्षित व विधि द्वारा स्थापित होने वाली नैतिक व आदर्श मूल्यो की स्थापना के लिये प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं की मूलभूत व मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा अधिवक्ताओं के समक्ष आ रही प्रदेश व्यापी समस्याओं के सम्बन्ध में निराकरण हेतु आज एक प्रदेश स्तरीय समिति का नामकरण किया गया।

जिसका नाम संयुक्त बार एसोसिएशन आफ उप्र होगा। इस नवगठित समिति का मूल उददेश्य उप्र के समस्त अधिवक्ताओं के समक्ष आ रही समस्या के सम्बन्ध में उनकी आवाज बार काउंसिल आफ इण्डिया, बार काउन्सिल आफ उ0प्र0 तथा केन्द्र व राज्य सरकार के समक्ष प्रभावशाली तरीके से उठाते हुए उसका निराकरण कराना होगा। विगत कई वर्षो में सरकार द्वारा न्यायिक अधिकारियों को मिलने वाली उनकी हर आवश्यक भौतिक सुख सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है जिसके चलते प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं को बैठने के लिये स्थायी चैम्बर व वाहन हेतु पार्किंग की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं हो पायी है। यह कि प्रदेश के सभी जनपद न्यायालय में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, मसलन हर जनपद न्यायालय में जमानतदार सत्यापन के लिये थाना व तहसील स्तर पर एक जमानतदार को न्यूनतम 3000 से 3500 रु0 खर्च करना पड़ता है। जिसके कारण न सिर्फ व्यापक भ्रष्टाचार को बढावा मिल रहा है अतएव उक्त के दृष्टिगत सभी जनपद न्यायालय में एक पृथक जमानत सत्यापन केन्द्र की स्थापना की जाए ताकि भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके और गरीब वादकारियों को जनपद मुख्यालय स्तर पर ही अविलम्ब जमानत सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कराकर न्यायिक लाभ प्राप्त कराया जा सके। यह कि प्रदेश के समस्त पात्र अधिवक्ताओं के लिये झारखण्ड सरकार के तर्ज पर नये अधिवक्ताओं के लिये 10,000 रू0 मासिक स्टाइपेन्ड तथा 60 साल के उपर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिये 25,000 रू0 मासिक बतौर पेंशन प्रदान करने की कार्यवाही की जाये।

सांड़ों के आतंक से कई लोग हो चुके है घायल

कोंच,जालौन। कोंच ब्लॉक के ग्राम कौशलपुर के मजरा मगरा में दो अन्ना साड़ों के आतंक से ग्रामीण बहुत परेशान है जिससे धान की फसल पूरी तरह चौपट कर रहे है। तो वहीं अन्ना साड़ अब तक अनेकों ग्रामीणों पर हमला कर लहुलुहान कर अस्पताल पहुंचा चुके हैं। मंगलवार को ग्राम प्रधान कौशलपुर रामकुमार ने एसडीएम ज्योति सिंह को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कौशलपुर के मजरा में मगरा में दो अन्ना सांड़ों के आतंक से ग्रामीण बहुत परेशान है कई लोगों चोटें भी आई है और बच्चों महिलाओं का निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्राम प्रधान का कहना था अन्ना साड़ों के आतंक का आलम यह है कि खेतों में लहलहाते धान के खेतों में घुसकर धान की फसल को बर्बाद करते और साड़ों के आतंक के चलते उन्हें अपने खेतों से भगा तक नहीं पाते।

कन्या जन्मोत्सव, महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम संपन्न

- बोली बेटी धरती का अब बोझ नही, नसीब वालों के घर में जन्म लेती है बेटियां

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

बेटी इस धरती का अब बोझ नही। नसीब वालों के घर में बेटियां जन्म लेती है। यह बात राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने कही। उन्होंने जन्मी कन्याओं की माताओं को बधाई दी।

सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपस्थिति में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं के अन्तर्गत सखी वन स्टाफ सेंटर में कन्या जन्मोत्सव तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदस्य ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत केक काटकर 15 बच्चियों का जन्म दिवस मनाते हुए उनका उपाय स्वरूप किट प्रदान की गई तथा गोद भराई में दो गर्भवती महिलाओं को फल तथा एक बच्ची को खीर खिलाकर अनप्राशन कराया गया। इस अवसर उन्होनें बालिकाओं के स्वस्थ्य रहने के प्रति उनकी माताओ को जागरूक रहने, नियमानुसार टीकाकरण कराने के अपील भी की तथा उन्होनें कहा कि बालिकाओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाये।

जेल का निरीक्षण कर, ली जानकारी

सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पांडेय ने अनौगी स्थित जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में 21 महिलाएं तथा एक छह माह का बच्चा पाया गया। सभी महिलाओं को उनको कौशल के संबंध में तथा समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। पुरुष द्वारा कौशल विभाग के अंतर्गत जगमग झालर व झोला के निर्माण के संबंध में जानकारी ली तथा कैदियों का उत्साह वर्धन किया।

खबरें एक नजर में

सीएमएस के निरीक्षण से हड़कंप

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के औचक निरीक्षण से 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर स्वदेश गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सौ सैयां अस्पताल सहित कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जहां पर पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक में पहुंचने से पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में मचा हड़कंप कर्मचारियों को दिए सत्य निर्देश अनियमताओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग रफूचक्कर हुई महिला

गुरसहायगंज, कन्नौज। पति व सात बच्चों को छोड़कर महिला प्रेमी संग फरार हो गई। जिसमें गांव के लोगों ने उसका सहयोग किया। जानकारी होने पर परिवार के युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 03 बजे उसके परिवार की महिला अपने सात बच्चों व पति को छोडकर किसी अज्ञात युवक के साथ फरार हो गई। उसको भगाने में गांव की महिला ने पूरी तरह से सहयोग किया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर किशोर की मौत

तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज। ठठिया थाना क्षेत्र के पैथाना गांव में खेत जोत रहे एक टैक्टर के रोटावेटर में फंसकर एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरनले के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पैथाना गांव निवासी राजू कटियार के खेत में एक टैक्टर चालक मंगलवार की दोपहर खेत की जुताई कर रहा था। बगल के खेत में गांव का रूस्तम (16) पुत्र बबलू अपने धान के खेत में काम कर रहा था। टैक्टर चालक रूस्तम का मित्र था। अपने मित्र को रोटावेटर से बगल के खेत की जुताई करते देख वह दौड़कर आया और रोटावेटर पर चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उसका पैर रोटावेटर में फंस गया। जिससे वह नीचे दब गया। दब जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे को देख टैक्टर चालक मौके से भाग गया। सूचना पाकर ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

भुमिया माता मंदिर पर सैकड़ों ने भंडारा प्रसाद छका

कोंच,जालौन। तहसील के पास प्राचीन भारत माता मंदिर प्रांगण में स्थित भुमिया माता मंदिर पर सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद छका। माता रानी को भोग अर्पित कर पहले देवी स्वरूप कन्याओं को भोज कराया गया, तदोपरांत भंडारा प्रसाद बांटा गया।

बार एसो. मेरठ ने न्यायिक कार्यों का किया बहिष्कार

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिला बार एसोसिएशन मेरठ के तत्वावधान में पारित प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु आज बार एसोसिएशन छिबरामऊ की आवश्यक बैठक आहुत कर मेरठ अधिवक्ता सम्मेलन की पूरी जानकारी सदन को दी।

उक्त पारित प्रस्ताव के अनुमोदन के उपरान्त एक समय, एक साथ, एक योजना, एक कार्यक्रम के सिद्वान्त के आधार पर आज बार एसोसिएशन मेरठ ने निर्गत मांग पत्र को अपने जनपद के विषयांतर्गत मंगलवार को अपने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए विरोध दर्ज कराया तथा मेरठ द्वारा निर्गत मांग पत्र अपने अपने जनपद तदोपरान्त उपजिलाधिकारी का घेराव करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन शासन द्वारा अपेक्षित व विधि द्वारा स्थापित होने वाली नैतिक व आदर्श मूल्यो की स्थापना के लिये प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं की मूलभूत व मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा अधिवक्ताओं के समक्ष आ रही प्रदेश व्यापी समस्याओं के सम्बन्ध में निराकरण हेतु आज एक प्रदेश स्तरीय समिति का नामकरण किया गया। जिसका नाम संयुक्त बार एसोसिएशन आफ उप्र होगा। यह कि सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि बार एवं बेन्च न्यायिक प्रक्रिया के सुलभ संचालन का आवश्यक अंग होता है।

विगत कई वर्षों में सरकार द्वारा न्यायिक अधिकारियों को मिलने वाली उनकी हर आवश्यक भौतिक सुख सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है परन्तु अधिवक्ता समाज आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में बगैर व्यवस्थित चैम्बर व वाहन पार्किंग के अपने न्यायिक कार्यों का निष्पादन समर्पण भावना के साथ करता चला आ रहा है, उसके बावजूद आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं को बैठने के लिये स्थायी चैम्बर व वाहन हेतु पार्किंग की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं हो पायी है।

ऐसी दशा में न्याय एवं अधिवक्ताहित में तत्काल प्रभाव से प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं के बैठने हेतु स्थायी व्यवस्थित चैम्बर तथा वाहन पार्किंग की सुदृढ़ व्यवस्था किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की अपील की। यह कि अधिवक्ता समाज का देश की आजादी से लेकर भारत के आधुनिक उत्थान तक बेहद अग्रणी एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भाजपा विधायक का दिया हेल्थ एटीएम बना शोपीस

तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।
भाजपा विधायक कैलाश राजपूत की निधि से मरीजों के स्वास्थ्य की जांच पड़ताल के लिए करीब एक साल पहले दो लाख की लागत से लगाया स्वास्थ्य एटीएम सीएचसी तिर्वा में शोपीस बनकर खड़ा है। एटीएम में आई तकनीकी खराबी के चलते उससे न तो सही जांच हो पाती है और न ही कोई रिपोर्ट मरीजों को मिल पाती है। जिससे मजबूरन मरीज अपनी ब्लड व सीबीसी जांच के लिए बाहर पैथोलॉजी का सहारा ले रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिर्वा आने वाले मरीजों की दिक्कतों को देखते हुए तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने अपनी विधायक निधि से करीब दो लाख की लागत से स्वास्थ्य हेल्थ एटीएम मशीन सीएचसी तिर्वा में लगवाई थी। इसका लोकार्पण भी खुद भाजपा विधायक ने किया था। यह एटीएम मशीन करीब एक माह तो सही चली। इसके बाद उसमें दिक्कतें आने लगी।
तकनीकी खराबियों के चलते मौजूदा समय में हेल्थ एटीएम काम नहीं कर रहा है। जिससे डायबिटिज, वीपी व सीबीसी जांच के लिए मरीजों को निजी पैथोलॉजी का सहारा लेना पड़ता है। तब कही जाकर चिकित्सक मरीजों को दवाईयां लिखते हैं। मामले में सीएचसी तिर्वा के प्रभारी डॉ.राजन शर्मा ने बताया कि हेल्थ एटीएम सप्लाई करने वाली कम्पनी को पत्र भेजा गया है। कम्पनी की ओर से उन्हे अवगत कराया गया है कि जल्द ही उनका टेक्निशियन आकर मशीन को दुरस्त करेगा।

बंदियों द्वारा बनाई गई झालरों से जगमगाएंगी इत्र नगरी

- जिलाधिकारी ने जेल में निरूद्ध बंदियों द्वारा बनाई गई झालरों, बल्व इत्यादि का किया अवलोकन

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

बंदियों द्वारा बनाई जा रही झालरों का अवलोकन करते ज़िलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल नें अनौगी स्थित जिला कारागार में उ.प्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में निरूद्ध बंदियों के द्वारा बनाई गई जगमग झालर, बल्व, फोटो फ्रेम पर गणेश लक्ष्मी व विभिन्न प्रकार के फोटो लगाकर एलईडी लाइटे व विभिन्न रंगों के कपड़े के तैयार किये गये कैरी बैग का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने जगमग झालर, थैला व बल्व आदि वस्तु बना रहे बंदियों को दो-दो टी-शर्ट व मिष्ठान वितरण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हम आपको जेल में सकारात्मक माहौल दे रहें है। जेल में बंदियों द्वारा एलईडी बल्ब के साथ ही विद्युत झालर व कैरी बैग भी बनाये जा रहें है। बंदियों को इनको कौशल का ज्ञान दिया जा रहा है। सोचने का नजरिया बदलने की आवश्यकता है। 18 से 30 वर्ष तक की आयु में बहुत कुछ सीखकर आगे बढ़ सकते है। आपका कौशल ऐसा हो जो भविष्य में आपके जीवन में रोल मॉडल बनेंगा।

इस प्रकार का प्रशिक्षण बंदियों को अधेरें से प्रकाश की ओर ले जायेंगा। कहा कि बंदियों में प्रभावकारी परिवर्तन एंव उनके बहुमुखी कल्याण तथा जीवन में उन्नति लाने के उद्देश्य से उनको यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका परिणाम आज अच्छा मिल रहा है। आज हमारें बंदी अधिक संख्या में झालर, झोला व बल्व आदि वस्तुएं बना रहें है। जो बाजार में बिक्री के लिए भेजा जा रहा है। उन्होने कहा कि इसका अधिक से अधिक उत्पाद कर आगामी त्यौहारों में अधिक से अधिक बिक्री की जाये। आज आप लोग 100 झालर प्रतिदिन बना रहें है हम आशा करते है आने वाले समय में इससे अधिक झालरों का उत्पाद करेगें। कारागार प्रशासन भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग कर रहा है।

इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, जिला पंचायत राज अधिकारी, एलडीएम, खण्ड विकास अधिकारी सोनिया श्री वास्तव, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार उपस्थित रहे।

केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का किसान उठायें लाभ : गौरीशंकर

उरई,जालौन। जमुना पैलेस उरई में फसल प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं तिलहन मेला आयोजित किया गया। गोष्ठी में विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने फसल अवशेष को जलाने से रोकने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पश्चात किसान द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा ने रबी फसलों की विशेषताएं, उर्वरक प्रबंधन, और नई तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक किया।

श्री राम बारात में आकर्षण का केन्द्र रही जीवंत झांकिया व प्रदर्शन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बारात में श्री राम व लक्ष्मण के स्वरूप में सजे कलाकार।

श्री राम बरात में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय अध्यक्ष मयंक गुप्ता।

नव निर्मित श्री आदर्श रामलीला समिति नई गल्ला मण्डी तिर्वा रोड के तत्वाधान में चल रही रामलीला के दौरान सोमवार की देर रात मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की बरात नगर में धूमधाम से निकाली गई। जिसका शुभारम्भ पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, रामकुमार पाठक, क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, विनय वर्मा सहित समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता व पदाधिकारियों ने श्री गणेश व श्रीराम की आरती वन्दना कर किया।

बारात में पार्टी के कलाकारों द्वारा मुरली प्रदर्शन, भूत प्रेत टोली, विशाल हनुमान, विष्णु, शंकर का रौद्र रूप, काली प्रदर्शन, अर्द्ध नारीस्वर, नौ देवियों आदि के प्रदर्शन ने दर्शकों का मनमोह लिया। बारात में प्रथम पूज्य गजानन के बाद क्रमशः राधा कुष्ण, सुदामा चरित्र, मॉ जगदम्बा, शंकर परिवार, ब्रहमाजी, खाटू श्याम, गौतम बुद्ध सहित अन्त में मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण व गुरू वशिष्ठ के साथ विराजमान थे। आगरा, मैनपुरी, बेबर, शिकोहाबाद व फिरोजाबाद सहित दूसरे प्रदेशों से आई झाकियों ने बारात की शोभा बढ़ाई। भगवान की बारात नगर के तिर्वा रोड स्थित ब्रहमदेव मंदिर से जीटी रोड, क्रासिंग, रामगंज होती हुई तिराहा स्थित मां संतोषी माता मन्दिर तक पहुंची। एकत्रित भीड़ और छतों पर बारात आगमन की प्रतिक्षा में बैठी महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का भव्य स्वागत कर अलौकिकता देखी। इस दौरान डा. सुधीर दीक्षित, संजीव गुप्ता संजू, विजय दुबे, नीरज मिश्रा, शिवम राज वर्मा, दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता, सुगम दुबे, अमन कठेरिया, दीपू शर्मा आदि ने भी फूलमालाओं से रामबारात का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

विवाहिता व उसके परिजनों से की मारपीट, दी धमकी

- पति सहित दस लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को बंधक बनाकर मारपीट की। बचाव में पहुंचे मायके पक्ष के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी आकांक्षा पुत्री राजेन्द्र सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी हरदोई के मोहल्ला आजाद नगर निवासी हर्ष मोहन से 18 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी के बाद ससुरालियों ने दहेज में कमी बताकर विवाहिता का शारीरिक व मानसिक उत्पीडन् शुरू कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त दहेज में दस लाख रूपये व एक प्लाट की मांग की।

मां पूरी न होने पर पति हर्ष मोहन, ससुर मिश्रा पाल, सास रामबेटी, ननद सुषमा, शशि, ननद के पुत्र प्रांशु, अंशु, बेटू, ननदोई सुनील, सागर ने उसे कमरे में बंद कर लिया और मारपीट कर हत्या करने का प्रयास किया। महिला की सूचना पर पहुंचे पिता राजेन्द्र, भाई रिशु, माता सीता, भाभी ज्योति व बहन को भी ससुरालियों ने धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। पति ने महिला को तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पति सहित 10 लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीएसटी टीम के चेकिंग अभियान से दिखा जाम जैसा नजारा

कालपी ,जालौन। मंगलवार को बिक्रीकर विभाग तथा जीएसटी विभाग द्वारा हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दुर्गा मंदिर चौराहा पर कानपुर से माल लेकर आने वाले वाहनों में सामान के साथ कागज भी देखे गए। वैसे तो सेलटैक्स विभाग का प्रवर्तन दल अक्सर ही सडको पर बगैर बैध प्रपत्रों के सामान ढोने वालों की तलाश करते ही रहते हैं जिसके लिए कालपी, जोल्हूपुर, आटा टोल प्लाजा तथा उरई वाईपास तक उनकी गाड़ी खड़ी मिल ही जाती है। लेकिन दीपावली पर सामान की आवक अधिक होने पर विभाग और अधिक सक्रिय हो गया है। आलम यह है कि मंगलवार भोर पहर से ही बिक्रीकर अधिकारी के साथ जीएसटी की टीम भी हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर चौराहा पर खड़े हो गए थे।

मां अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान का डीएम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

निर्माणाधीन ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र गुतासी का भी किया निरीक्षण

उद्घाटन के बाद ग्रामीणों व महिलाओं से बातचीत करते डीएम

निर्माणाधीन ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण करते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह द्वारा ग्राम पंचायत गुतासी विकास खंड बढपुर में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना एवं राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्मित माँ अन्नपूर्णा भवन (उचित दर की दुकान) का फीता काटकर उदघाटन किया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित जन समूह से मिल रहे राशन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई व लोगों को सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये कि पात्रों को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। इस दौरान काफी संख्या में महिलायें व पुरुष मौजूद रहे। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र गुतासी का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराकर केंद्र को संचालित करने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष के गेस्ट हाउस में आतिशबाजी बनाने का जखीरा बरामद

जांच पड़ताल करती पुलिस व बरामद आतिशबाजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही अवैध आतिशबाजी विक्रेता सक्रिय हैं। पुलिस ने लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष के गेस्ट हाउस व उनके भतीजे के घर से भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी बरामद की है। पुलिस ने अतिशबाजी को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी हिम्मत बहादुर खां निवासी पूर्व सभासद पुरुषोत्तम वर्मा लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष भी है।

पुलिस व एसओजी टीम ने उनके भतीजे रवि व सेट्टी पुत्र राजेन्द्र वर्मा निवासी मोहल्ला शमशेर खानी के घर पर छापेमारी की। उनके घर से भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस पुरुषोत्तम वर्मा के गेस्ट हाउस पर पहुंची और वहां भी अवैध आतिशबाजी बरामद की। पुलिस ने सभी आतिशबाजी को कब्जे में ले लिया।

सीओ अमृतपुर के नेतृत्व में कई घंटे कार्यवाही जारी रही।

नाबालिक बनाते मिले आतिशबाजी

पूर्व सभासद के गेट्स हाउस में पुलिस नें तीन नाबालिक बालकों को आतिशबाजी बनाते हुए पकड़ा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मौके पर मौजूद सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय ने बताया कि अभी जाँच की जा रही है। बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ होने की वजह से अप्रिय घटना को रोकने के लिए फायर विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

डीएम के प्रयास से जनपद में उर्वरक की आमद तेज

पीएम समृद्धि केंद्र पर निरीक्षण करते कृषि अधिकारी

एनपीके की 25500 व डीएपी की 28000 बोरी आयी खाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा किसानों की आलू की फसल की बुबाई की व्यवस्था हेतु किये जा रहे प्रयास के परिणामस्वरुप जनपद में उर्वरक की आमद तेज हो गयी है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में आज आरसीएफ कंपनी की एनपीके 25500 बोरी कोरोमण्डल एवं आरसीएफ कम्पनी की डीएपी 28000 बोरी तथा मैट्रिक्स कम्पनी की सुपर फास्फेट 16000 बोरी आ गयी हैं। जिसे जनपद के सभी क्षेत्रों के निजी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर भेजा जा रहा है। कायमगंज इफको केंद्र पर डीएपी एवं एनपीके की आपूर्ति आज भी करायी गयी है। सहकारी समितियों एवं इफको केंद्रों हेतु इफको कम्पनी की एनपीके मात्रा 1381 मैट्रिक टन 27620 बोरी एवं डीएपी मात्र 784 मैट्रिक टन 15680 बोरी को प्राथमिकता पर समितियों पर उपलब्ध कराने का निर्देश सहायक निबंधक सहकारिता, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक है।

वह परेशान न हों। यदि कोई विक्रेता उर्वरकों को अधिक मूल्य पर बिक्री करता पाया जायेगा, तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

जली गृहस्थी को देखता गृहस्वामी

आग से गृहस्थी जलकर हुई राख

कंपिल, समृद्धि न्यूज। मधुमक्खी का छता हटाने के लिए सुलगायी गयी आग से गृहस्थी जलकर राख हो गयी। पीड़ित ने घटना के संबंध में लेखपाल को सूचना दी है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शुक्लान निवासी रामौतार शर्मा का गांव अतग्गापुर में एक मकान बना हुआ है। रामऔतार परिवार के साथ कंपिल स्थित मकान में रहते हैं। घर में पड़े छप्पर में मधुमक्खी का छता रखा हुआ था। सोमवार देर रात रामऔतार ने छत्ते को हटाने के लिए छप्पर के नीचे आग सुलगाकर घर चले आए। हवा चलने से बीती रात आग की चिंगारी कमरे में रखे सामान पर जा गिरी। जिससे आग से कमरे में रखा गृहस्थी का सामन, अनाज, भूसा आदि सामान जलकर नष्ट हो गया। मंगलवार सुबह घर पहुंचे पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने हल्का लेखपाल को घटना की सूचना दी।

सीओ ने थानाध्यक्ष के साथ बैंकों में जाकर परखी सुरक्षा व्यवस्था

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तथा थाना अध्यक्ष ने बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। जानकारी के अनुसार उच्च अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद तथा थाना अध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। कस्बे की बैंक ऑफ इंडिया, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, कोऑपरेटिव बैंक तथा मंझना रोड पर बनी एसबीआई बैंक में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, थाना अध्यक्ष बलराज भाटी पुलिस ने बल के साथ सभी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। बिना लॉक लगाए खड़े दोपहिया वाहनों की तलाशी भी ली तथा वाहन स्वामियों को हिदायत दी कि वह बिना लॉक लगाए अपने वाहन खड़े ना करें जिससे कि कोई भी समस्या उत्पन्न हो। वहीं संदिग्ध लोगों को तलाशी भी ली गई तथा संदिग्ध लोगों को हिदायत देते हुए बैंकों से दूर किया गया।

वहीं सभी ब्रांच के मैनेजर से क्षेत्राधिकार मोहम्मदाबाद तथा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने वार्ता कर उनके बैंकों की सुरक्षा के बारे में कई बिंदुओं पर बात की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष बलराज भाटी तथा थाने का पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

बैंक के सिक्योरिटी गार्ड से बात करते सीओ व थानाध्यक्ष

खबरें एक नजर में

रामोत्सव कवि सम्मेलन 27 अक्टूबर को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रामोत्सव के साथ कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 27 अक्टूबर रविवार को जलालपुर छिबरामऊ रोड स्थित दरियाबगंज शिव मंदिर के समीप सम्पन्न होगा। यह जानकारी आयोजक विशाल श्रीवास्तव ने दी है।

सदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नईबस्ती निवासी शानू उम्र 36 वर्षीय पुत्र महेश ने संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन लोहिया अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेन्स का इन्तजार कर रहे थे, तभी अचानक उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

अखिल भारतीय काव्य समारोह आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्री आदर्श रामलीला कमेटी राजेपुर राठौरी के तत्वावधान में अखिल भारतीय काव्य समारोह का आयोजन 23 अक्टूबर बुधवार (आज) सायं 07 बजे से स्थान रामलीला मैदान राजेपुर में होगा। जिसमें मुख्यअतिथि के रुप में डॉ0 बृजेश सिंह राजावत, डॉ0 अविनाश पाण्डेय तथा विशिष्ठ अतिथि के रुप में शैलेंद्र सिंह राठौर, संजय सोमवंशी, विमलेश मिश्रा, श्याम सुन्दर अग्निहोत्री, राजीव रंजन, सौरभ मिश्रा, नरेन्द्र सोमवंशी, अनुराग सिंह भाग लेंगे। आमंत्रित सदस्यों में अजय अंजाम, अजीत शुक्ला, वैभव सोमवंशी, उत्कर्ष अग्निहोत्री, महेश पाल सिंह सोमवंशी आदि कविगण भाग लेंगे। यह जानकारी आयोजक रामजी अग्निहोत्री ने दी है।

बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। जनपद एटा के थाना नयागाँव क्षेत्र के गॉव अलीपुर निवासी सन्नो उम्र 40 वर्षीय पत्नी कल्लू गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर प्रसूता ने घर में बच्चे को जन्म दिया। कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर विपिन कुमार ने प्रसूता सन्नो को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

गाली-गलौज का विरोध करने पर भाई के सिर में मारी ईंट

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखनपुर निवासी मुकेश पुत्र रहवारी लाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनांक 16 अक्टूबर की रात्रि को मेरा भाई शौकीन खेत के प्रकरण को लेकर मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा। जब मैंने मना किया, तो मेरे भाई शौकीन ने ईट उठाकर मेरे सिर पर मार दी। जिससे मैं लहूलुहान हो गया। मेरे दॉत भी टूट गये और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर भाई के विरुद्ध मामला दर्ज कर जॉच पड़ताल शुरू कर दी है।

दिव्यांग शिविर में 70 दिव्यांगों ने आवेदन पत्र किये जमा

कोंच,जालौन। कोंच तहसील में सभगर कक्ष में एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सबल दिव्यांग दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु मुख्य धारा से जोड़ने का एक प्रयास कार्यक्रम के तहत आज कोंच तहसील में दिव्यांगों का शिविर का आयोजित किया गया जिसमें करीब 70 आवेदन जमा किये गए शिविर में एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमे दिव्यांग विभाग के अधिकारियों व मेडिकल के डॉक्टरों सिविल में आए दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया। इसी दौरान डॉ. दीपक आर्य, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. ताहिर के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, चेम्बर, बीमा व पार्किंग सुविधा के संबंध में दिया ज्ञापन

उपजिलाधिकारी न्यायिक को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज जिला अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, महासचिव अवनीश गंगवार एवं बार के समस्त अधिवक्तागणों की मौजूदगी एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, चेम्बर, बीमा व पार्किंग की सुविधा व अधिवक्ताओं के लिए विधान परिसर में सीट रिजर्व कराने के सम्बन्ध में प्रदेश भर की समस्त बार एसोसिएशन के द्वारा प्रस्ताव मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश शासन को व राज्यपाल को ज्ञापन देने के सम्बन्ध में रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज के समस्त अधिवक्तागण विरोध प्रदर्शन करते हुए अपना सहयोग रेवेन्यू बार एसोसिएशन के सम्बन्ध में दिया तथा एक ज्ञापन तहसील परिसंचरण में उपजिलाधिकारी न्यायिक गजराज सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, अधिवक्ताओं के लिए चेम्बर की सुविधा बीमा व बुजुर्ग अधिवक्ताओं के लिए पेंशन की धनराशि धनराशि 15,000 रुपये तथा नये अधिवक्ताओं के लिए प्रोत्साहन धनराशि 10,000 रुपये तथा अधिवक्ताओं के इलाज के लिए निःशुल्क बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जाये। पार्किग व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। रेवेन्यू बार एशोसिएशन कायमगंज को आवंटित वाचनालय व पुस्तालय की भूमि को सुपुर्द कराया जाये व अधिवक्ताओं के लिए विधान परिसर में सीट रिजर्व कराने में प्रस्ताव दिया जायेगा।

बैठक कर ज्ञापन सौंपने के दौरान रेवेन्यू बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, सचिव अवनीश गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्र आर्य, मध्यम उपाध्यक्ष, माधव शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सुदेश कुमार संयुक्त सचिव, अनोखे लालशाक्य, विमल कुमार, अवधेश कुमार, नाजिर खाँन कोषाध्यक्ष, नीरज कुमार सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

जिला जेल में सजा काट रहे आजीवन कारावास के बंदी की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लम्बे समय से बीमार चल रहे आजीवन कारावास के बंदी की हालत खराब होने पर उसे लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ उसे चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना कमालगंज के ग्राम खेमरेंगाई निवासी 69 वर्षीय शिवराम पुत्र सीताराम को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा न्यायालय फतेहगढ़ से हुई थी। जिसके बाद से वह सेंट्रल जेल फतेहगढ़ में 2006 से निरुद्ध थे। काफी दिनों से बीमार भी चल रहे थे। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर बंदी रक्षक रूपेंद्र व नवीन कुमार सुबह 9.45 बजे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

मारपीट में घायल लोग

खेत में बकरियां घुसने पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

कंपिल, समृद्धि न्यूज। खेत में बकरियां घुसने पर दो पक्ष आमने सामने हो गए और जमकर लाठी-डंडे चले। जिससे दोनों पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिल्सड़ी निवासी धीर सिंह मंगलवार शाम खेतों में बकरियां चरा रहा था। उसी समय बकरियां गांव निवासी धर्मेंद्र के खेत में चली गई। धर्मेंद्र ने फसल नष्ट होने की बात धीर सिंह से कही। इसी बात पर दोनों में गाली-गलौज हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग इकट्ठे हो गए और जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें धीर सिंह, धर्मेंद्र व जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

आवारा गौवंश के हमले में वृद्ध महिला घायल

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

अस्पताल में भर्ती घायल वृद्धा

थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर में शौच के लिए घर के बाहर निकली महिला जमुना देवी पत्नी अनोखेलाल के ऊपर आवारा गौवंश ने हमला बोल दिया।

वृद्ध महिला द्वारा चीखने चिल्लाने पर परिजन व मोहल्ले के लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आवारा गौवंश पर काबू पाया जा सका। महिला की हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

जहां महिला जमुना देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। आवारा गौवंश द्वारा महिला के ऊपर हमला किए जाने के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में आवारा गौवंशों द्वारा किसी न किसी के ऊपर आए दिन हमला कर घायल कर देना आम बात हो गई है। वहीं ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा है कि प्रशासन द्वारा आवारा गौवंशों को पकड़ा जाए। जिससे आम आदमी खुशहाल जीवनयापन कर सके।

विधायक ने रामलीला प्रांगण में पहुंचकर हनुमानजी की आरती की

हनुमानजी की आरती उतारते विधायक सुशील शाक्य

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

श्री आदर्श रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन चल रह है। सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग रामलीला में पहुंचकर रामलीला के मंचन को देख रहे हैं। मंगलवार को विधायक सुशील कुमार शाक्य ने पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और सभी से राम के आदर्शों पर चलने की बात कही। बीती रात रामलीला कार्यक्रम में राम सुग्रीव की मित्रता और सीता की खोज की लीला का मंचन पात्रों द्वारा किया गया। रामलीला का मनोहारी मंचन देखकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक गोपाल प्रकाश सक्सेना, प्रशांत अवस्थी, गौरव शर्मा, मुख्य प्रबंधक सुरेशचंद्र पाठक, शैलेश अवस्थी, सुनील अवस्थी, कौशल अग्निहोत्री आदि लोगों उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्योनी निवासी विमल कुमार पुत्र हरि प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनाँक 19 अक्टूबर की शाम को मेरे पिता हरिप्रसाद खेत से घास काटकर ला रहे थे, तभी सामने से आ रहे गाँव के ही ब्रजेश पुत्र छंगेलाल अपने ट्रैक्टर पावर ट्रैक-439 से तेजी व लापरवाही से जलाकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरे पिता हरिप्रसाद के जॉघ की हड्डी टूट गई व सीधा हाथ भी टूट गया। ब्रजेश ट्रैक्टर लेकर भाग गया। गाँव के लोगों से जानकारी मिली। तब मैं अपने पिता को सरकारी अस्पताल कायमगंज एम्बुलेन्स के द्वारा लाया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

डीएम ने गुतासी ग्राम पंचायत कार्यालय व आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने ग्राम पंचायत गुतासी विकास खंड बढ़पुर में ग्राम पंचायत कार्यालय, आंगनबाडी केंद्र व आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने ग्राम पंचायत कार्यालय द्वारा ग्रामीणों को दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पंचायत सहायको का प्रशिक्षण कराया जाये। आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्र में लर्निंग लैब विकसित की जाये।

आंगनबाड़ी केंद्र में 52 बच्चे पंजीकृत पाये गये। डीएम ने आंगनबाड़ी किट उपलब्ध कराने के लिये निर्देश दिये। डीएम ने गुतासी आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि मरीजों को दी जा रही दवाओं के एक्सपायर होने में 02 से 03 शेष है। डीएम ने निर्देशित किया कि मरीजों को ऐसी दवाएं उपलब्ध कराई जाये जिनकी एक्सपाइरी में कम से कम 06 माह शेष हो। केंद्र पर तैनात एएनएम ट्रेनिंग में बरौन गये थे। केंद्र पर कुल 13 मरीज देखे गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एडीओ0 पंचायत व संबंधित उपस्थित रहे।

डीएम ने उप्रावि का निरीक्षण कर बच्चों से लगवाये गणित के सवाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय गुतासी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में डीएम ने बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर गणित के सवाल हल कराये व स्वयं बच्चों को पढ़ाया गया। डीएम ने बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे। जिनका बच्चों द्वारा सही जबाब दिया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा का स्तर ठीक पाया गया। जिसे डीएम ने और अच्छा करने के लिये निर्देशित किया। डीएम ने बच्चों को चॉकलेट वितिरित की। विद्यालय के रसोईघर का भवन जीर्णशीर्ण अवस्था में पाया गया। जिसे डीएम ने तुड़वाकर दोबारा बनवाने के लिये निर्देशित किया। मिड-डे-मील में प्रयोग किये जा रहे मसाले व तेल ब्रांडेड कंपनी के पाये गये। आटा व चावल ठीक पाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दबंगों ने विधवा की जमीन पर किया कब्जा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- पीड़िता ने डीएम से शिकायत कर खेत को कब्जा मुक्त कराकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

दबंगों ने खेत की मेड़ तोड़कर कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला ने डीएम से शिकायत कर खेत को कब्जा मुक्त कराकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

थाना कमालगंज के राजेपुर सरायमेंदा निवासी चमनआरा पत्नी स्व0 अजीम हुसैन ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र दिया। जिसमें दर्शाया कि कृषि भूमि की पक्की मेड़बंदी हेतु न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर में वाद दायर किया था। उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व कर्मियों ने 17 अक्टूबर को खेत में पक्के पोल व तारबंदी की गई थी। पीड़िता ने खेत में सरसों की फसल बोई थी। 20 अक्टूबर को सुबह कमरुल हसन, शानू पुत्रगण तारिक निवासी नशरतपुर ने अपने साथियों के साथ आये और दबंगई के बल में पर सरसों की फसल को जोत दिया और मेरे खेत की मेड़ काटकर अपने खेत में मिलाकर अवैध कब्जा कर लिया। दबंगों ने धमकी दी कि दोबारा जमीन की तरफ देखा तो जान से मार दूंगा। पीड़िता ने खेत कब्जा मुक्त कराकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की।

दीपावली पर मिष्ठान विक्रेता तौल में डिब्बे का वजन न शामिल करें: माप निरीक्षक

वार्ता में जानकारी देती माप निरीक्षक मौजूद मुकेश गुप्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मिष्ठान विक्रेताओं ने डिब्बे के साथ ग्राहक को मिठाई तौली तो उन पर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही माप-नाप की शुद्धता को लेकर विधिक माप विज्ञान निरीक्षक मीनू तिवारी ने आवास विकास स्थित कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि सीजन को देखते हुए आम जन मानस को जागरुक किया गया। विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए विधिक माप विज्ञान निरीक्षक मीनू तिवारी ने कहा कि मिठाई विक्रेता की तौल में डिब्बे का वजन सम्मलित न किया जाये। जिससे क्रेता/उपयोगिता को मूल्य के सापेक्ष सही तौल मिल सकें। दूसरा डिब्बा बंद वस्तुओं जैसे ड्राई फूड के डिब्बे पर पैक की वस्तुओं के आइटम का विवरण देना आवश्यक है। जैसे की डिब्बे में चार आईटम है तो अलग-अलग वजन व उनसे संबंधित रेट को अंकित किया जाना आवश्यक है। साथ ही पैकिंग का मूल्य भी अंकित किया जाना आवश्यक है। यह सभी पैक किये गये डिब्बों के लिए लागू होगा। किसी भी उपभोक्ता द्वारा शिकायत होने पर कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए वरिष्ठ निरीक्षक ने अपना मोबाइल नम्बर 8189094062 जारी किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी तक 20 शिकायतें आयी है, जिन पर कार्यवाही की गई है। चार पेट्रोल पम्प, 9 कोटेदार एवं मिठाई दुकानदारों आदि से संबंधित है। जागो ग्राहक, जागो शहर के तहत सभी माप बांट आदि का सत्यापन करायें। उन्होंने ज्वैलर्सों को भी आदेशित किया है कि वह माप का सत्यापन करायें। ऐसे में घटतौली की शिकायत आने पर कार्यवाही की जायेगी। वर्तमान में इलेक्ट्रानिक तौल चल रही है। इसलिए हर दुकानदार अपनी माप का सत्यापन करायें। इस मौके पर व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता मौजूद रहे।

शिक्षकों की समस्यायें एवं रसोइयों का मानदेय का छाया मुद्दा

- बैठक के बाद समस्याओं को लेकर छह सूत्रीय सौंपा गया ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान

उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई, साथ ही समस्याओं का निराकरण को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। मंगलवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक शिक्षक भवन बीएसए कार्यालय के पास सम्पन्न हुई।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान ने की। संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने किया। बैठक में दीपावली से पूर्व वेतन व बोनस दिलाये जाने की मांग की गई। वर्तमान सत्र में एफएलएन भत्ता जो प्रशिक्षणार्थी की धनराशि अवशेष रह गयी है और विगत सत्र का एफएलएन परीक्षण भत्ता का भुगतान तत्काल दिया जाये। रसोइयों का मानदेय, जुलाई अगस्त का एक हजार रुपये की दर से भुगतान है। जिसका अवशेष मानदेय, सितम्बर, अक्टूबर का मानदेय का भुगतान किया जाये। कम्पोजिट ग्रांट में प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु सूची पूर्व में ही प्राप्त करा दी जाती है।

जिसके अनुसार विद्यालय के कार्य सम्पादित हो जाते है। बाद में अन्य कार्यों की धनराशि प्राप्त नहीं करायी जाती है। अनेकों कार्य कराने के आदेश किये जाते है। कार्यों हेतु धनराशि भी उपलब्ध करायी जाये। बिना नोटिस दिये किसी भी शिक्षक पर कार्यवाही न की जाये। विद्यालय प्रांगण में शौचालय गंदे पाये जायें तो संबंधित सफाई कर्मी पर कार्यवाही की जाये आदि समस्याओं का बीएसए को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

भदोही के प्रधानाचार्य की हत्या पर प्रधानाचार्य परिषद ने जताया रोष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की उठायी गई मांग
- सभी प्रधानाचार्यों ने मृतक की आत्मा की शांति मांगी दुआ

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की बैठक भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में शिवपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। भदोही के एक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य योगेन्द्र बहादुर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिससे प्रधानाचार्य परिषद में आक्रोश व्याप्त है। महामंत्री प्रेमपाल सिंह ने परिषद के अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये। अन्यथा प्रधानाचार्य परिषद आंदोलन के लिए लामबंद होगा। सभी प्रधानाचार्यों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति की दुआ की और कहा कि ऐसी दुखद घड़ी में मृतक परिवार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर प्रधानाचार्य परिषद खड़ा है। इस दौरान डॉ. ओमपाल सिंह रघुवंशी, शिवओम दुबे, कणवेन्द्र सिंह राठौर, राकेश गुप्ता, प्रमोद चन्द्र गंगवार, राजेश शास्त्री, दुष्यंत पाल, राकेश चन्द्र राजपूत, अवधेश यादव, रजनी वर्मा, आशीष राजपूत आदि प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को हुआ आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (एचजेएस) द्वितीय डॉ. अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राम मिस्टर, विजेंद्र सिंह, गिरीश उर्फ बाबा, अजीत कुमार दुबे को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

शिकायतकर्ता रूपकुमार कपूर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 18 दिसम्बर 2003 को उसके भाई बब्बू कपूर का पुत्र शुभम जो मॉडर्न स्कूल फर्रुखाबाद में पढ़ने गया था। वह स्कूल से पढ़कर शाम तक घर नहीं लौटा। भाई बब्बू कपूर ने 19 दिसम्बर 2003 को कोतवाली फर्रुखाबाद में अपने पुत्र की गुमशुदगी की सूचना दी। शुभम उर्फ भोलू की तलाश की गई, परंतु पता नहीं चल सका। 21 मार्च को मेवाराम की पत्नी ने परिजनों को बताया कि बब्बू कपूर का शव गांव कछुआगाड़ा के पास गंगा नदी के किनारे पड़ा है। पीड़ित ने 2.5 लाख रुपया हड़पने के उद्देश्य से हत्या करने का उक्त अभियुक्तों पर आरोप लगाया था। पुलिस ने धारा 302,149, 201 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश (एचजेएस) द्वितीय डा0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राम मिस्टर, विजेंद्र सिंह, गिरीश उर्फ बाबा, अजीत कुमार दुबे धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास व 1-1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर 1-1 वर्ष का कारावास भुगतना होगा। धारा 201 के आरोप में 7 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 120बी में 7 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जुमार्ने की 80 प्रतिशत राशि मृतक के परिजनों को दी जायेगी।

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

राजेपुर ने मोहम्मदाबाद को हराया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मैडल के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन फतेहगढ़ स्थित स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने टॉस कराकर किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मोहम्मदाबाद टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित आठ ओवरों में 39 रन बनाये। इसके जबाव में राजेपुर टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 5वें ओवर में 39 रनों का लक्ष्य हासिल कर जीत हासिल की। राजेपुर टीम की तरफ से खेलते हुए महावीर ने सर्वाधिक 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार प्राप्त किया। खिलाड़ियों को जिला व्यायाम शिक्षिका दुर्गा वर्मा ने मैडल पहनाकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, अरुण यादव, कुलदीप यादव, शिवम, राहुल चौहान, कुमार गौरव, अभिषेक पाल, पुष्कर मिश्रा, शैलेन्द्र कनौजिया, जितेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

गाजे-बाजे के साथ निकली प्रभु श्रीराम की बारात, जगह-जगह स्वागत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



राधाकृष्ण की आरती उतारते कमेटी के अध्यक्ष

राम बारात का स्वागत करते कमेटी के पदाधिकारी मौजूद क्षेत्राधिकारी आदि

नगर में धूमधाम के साथ श्रीराम बारात निकाली गई। समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर राम बारात में प्रतिभाग किया। वहीं कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द प्रताप ने फीता काटकर राम बारात का शुभारम्भ किया तथा प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। इस दौरान सीओ व थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

कस्बा नवाबगंज में श्री रामलीला का आयोजन चल रहा है। बीती रात नगर में धूमधाम के साथ राम बारात निकाली गई। समाजसेवी व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द प्रताप को राम बारात का मुख्य आयोजक बनाया गया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी। तो वहीं कस्बे में भी कई जगह-जगह भक्तों ने श्रीराम की आरती उतारी और पुष्पवर्षा की। राम बारात कस्बा तिराहे से चलकर कस्बा बाजार होते हुए पुराना गानीपुर स्थित राजीव रंजन के घर के पास बने पंडित जी के द्वार पर पहुंची। जहां प्रभु श्रीराम व माता जानकी सीता जी का विवाह कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न हुआ। पुनः रामलीला ग्राउंड में बारात वापस पहुंची। राम बारात के मुख्य आयोजक अरविंद प्रताप, दुष्यंत कश्यप, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, थानाध्यक्ष बलराज भाटी पुलिस बल के साथ आयोजन में शामिल होकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। राम बारात के वैवाहिक कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराए गए। वहीं रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अरविंद प्रताप को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नईबस्ती निवासी शानू उम्र 36 वर्षीय पुत्र महेश ने संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

परिजन लोहिया अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेन्स का इन्तजार कर रहे थे, तभी अचानक उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

एक दिवसीय दौरे पर आज अपने विभागों की समीक्षा करेंगे पंचायतीराज मंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एक दिवसीय दौरे पर सुहेलदेव भारती समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायतीराज तथा अल्पसंख्यक कल्याण/मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर आ रहे हैं। उनके आने की भनक लगते ही उनसे संबंधित विभागों के अधिकारी तैयारी में जुट गये हैं। जानकारी के अनुसार वे तालग्राम कन्नौज, मनिकपुर गुरसहायगंज होते हुए खुदागंज, कमालगंज के मार्ग से 12 बजे फतेहगढ़ स्थित सर्किट हाउस पहुंचेंगे और अपने विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे। 1 बजे अमृतपुर स्थित दयानंद इंटर कालेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मसेनी चौराहा भट्टा के सामने कादरीगेट स्थित पार्टी के जिलाध्यक्ष अतुल बाथम के आवास पर भी जायेंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद्र कश्यप साथ में रहेंगे। बताते चलें कि पहले उनका कार्यक्रम 18 को लगा था, किन्हीं कारणोंवश संशोधन किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़पुर वैरागर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांक:02/एसएलडब्लूएम आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 — दिनांक 22/10/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

एसएलडब्लूएम आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पहाड़पुर वैरागर विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 23/10/2024 से दिनांक 28/10/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 28/10/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पहाड़पुर वैरागर में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 23/10/2024 से दिनांक 28/10/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

क्रं सं.	कार्य का नाम	योजना का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत	जमानत 2 प्रतिशत	निविदा शुल्क
1	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) सेंटर का निर्माण कार्य	एसएलडब्लूएम	बिल ऑफ क्वांटिटी के	1.83 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्तें- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान (रामबेटी यादव) ग्रा0पं0 पहाड़पुर वैरागर, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

कार्यालय ग्राम पंचायत गठवाया विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 22/10/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गठवाया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23/10/2024 से 28/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	गमादेवी मंदिर से मुख्य मार्ग तक इंटरलाकिंग कार्य	6.98 लाख	2 प्रतिशत	500
2-	शिव मंदिर से स्वास्थ्य केंद्र तक इंटरलाकिंग कार्य	4.37 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (गुड्डी देवी) ग्रा0पं0 गठवाया, नवाबगंज सचिव (कुलदीप सिंह)

रोजगार मेले में 26 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

रोजगार मेले में साक्षत्कार देते अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की देखरेख में रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों में स्वराज माजदा मोहाली, इण्डोफार्म ट्रैक्टर डेरावास मोहाली, पंजाब एण्ड कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 125 रिक्तियों के सापेक्ष में 38 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार हुआ। जिसमें 26 अभ्यार्थियों का रोजगार के लिए चयन हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने अभ्यार्थियों को रोजगार हेतु विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र कुमार सिंह, अनुदेशक राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

चौ0 दुलारे सिंह कलावती विद्यालय में कंप्यूटर सेंटर का हुआ शुभारंभ

- युवाओं को मिलेगा एक साल का मुफ्त प्रशिक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फीता काटते विद्यालय के प्रबंधक डॉ. राजेन्द्र सिंह

मौजूद विद्यार्थी

ब्लॉक कमालगंज क्षेत्र दरियागंज मार्ग पर स्थित ग्राम गदनपुर देवराजपुर में चौधरी दुलारे सिंह कलावती इंटर कॉलेज की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को हुनरबंद बनाने के लिए कम्प्यूटर सेंटर का शुभारम्भ किया गया है। जिसमें इच्छुक विद्यार्थी एक वर्ष तक निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना भविष्य संभार सकते है। मंगलवार को चौधरी दुलारे सिंह कलावती इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ0 राजेंद्र सिंह ने फीता काटकर कम्प्यूटर सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि फ्रीडम एंप्लायोबिलिटी एकेडमी एनजीओ के तहत ग्रामीण युवाओं को एक साल का मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी अपना शहरी क्षेत्र से सफल करियर बना सके। अगर विद्यार्थी किसी भी विषय से स्नातक है और उन ग्रामीण युवाओं 18 वर्ष से ऊपर की आयु है तो वह इसका लाभ ले सकते है और सफल कैरियर बना सकते है। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक, स्टाफ के अलावा छात्र मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत गोसरपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 22/10/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोसरपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23/10/2024 से 28/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	आदेश के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य	4.40 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (नन्ही देवी) ग्रा0पं0 गोसरपुर, मोहम्मदाबाद सचिव (संजय सक्सेना)

जल संसाधनों का संरक्षण व संवर्द्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : मुर्मु

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्द्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी सक्रिय भागीदारी के बिना जल-सुरक्षित भारत का निर्माण संभव नहीं है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहला पुरस्कार ओडिशा को, उत्तर प्रदेश को दूसरा और गुजरात और पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र और एक ट्रॉफी के साथ-साथ कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार भी दिए। राष्ट्रपति ने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, हमें अपने घरों के नल खुले नहीं छोड़ने चाहिए, इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ओवरहेड वॉटर टैंक से पानी ओवरफ्लो न हो, घरों में जल संचयन की व्यवस्था करनी चाहिए और सामूहिक रूप से पारंपरिक जलाशयों का जीर्णोद्धार करना चाहिए।

▸ केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने घोषित नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की किया सम्मानित

राष्ट्रपति ने कहा कि पानी हर व्यक्ति के लिए एक बुनियादी आवश्यकता और मौलिक मानव अधिकार है। स्वच्छ जल तक पहुंच सुनिश्चित किए बिना स्वच्छ और समृद्ध समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता। पानी की अनुपलब्धता और खराब स्वच्छता का वंचितों के स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आजीविका पर अधिक प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि पृथ्वी पर सीमित मात्रा में ताजा पानी के संसाधन उपलब्ध हैं, फिर भी हम जल संरक्षण और प्रबंधन की अनदेखी करते हैं। ये संसाधन मानव निर्मित कारणों से प्रदूषित और समाप्त हो रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत सरकार ने जल संरक्षण और जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जल संरक्षण हमारी परंपरा का हिस्सा है। हमारे पूर्वज गांवों के पास तालाब बनवाते थे। वे मंदिरों के पास या उनके भीतर जलाशय बनवाते थे, पानी की कमी होने पर उसमें संग्रहित पानी का इस्तेमाल किया जा सके।

पीएम किसान समृद्धि सह योजना के तहत एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य

रायपुर। मत्स्य कृषकों को केन्द्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। संचालक मछली पालन नारायण सिंह नाग ने बताया कि, एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान का डाटाबेस निर्माण के माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। भविष्य में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् मत्स्य पालन अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसके तहत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाईस सेंटर) के माध्यम से किया जा सकेगा।

अप्रैल 2020 से पहले जैसी स्थिति होने पर ही रिश्ते सामान्य होंगे : जनरल उपेंद्र द्विवेदी

एलएसी पर सैनिक वापसी, तनाव घटाने और सामान्य स्थिति की ओर चरणबद्ध तरीके से बढ़ेंगे

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। भारत-चीन समझौते के एक दिन बाद भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने आज कहा कि हम अप्रैल, 2020 की स्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। उसके बाद हम सैनिक वापसी, तनाव घटाने और एलएसी की सामान्य स्थिति की ओर चरणबद्ध तरीके से बढ़ेंगे।

हम एक-दूसरे के साथ विश्वास बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत और चीन ने डेप्सांग मैदानों और डेमचोक क्षेत्र में एक-दूसरे को गश्त करने के अधिकार बहाल करने पर सहमति व्यक्त की है, जहां अप्रैल, 2020 से पहले समस्याएं

मौजूद थीं। इससे पहले पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ के कारण गतिरोध पैदा हुआ था। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) की ओर से आयोजित 28वें कर्नल प्यारा लाल स्मारक व्याख्यान के एक संवाद सत्र में बोल रहे थे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि हम अप्रैल, 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के विघटन, डी-एस्केलेशन और सामान्य प्रबंधन पर विचार करेंगे। एलएसी का यह सामान्य प्रबंधन सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें भी चरण हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री की ओर से सोमवार को घोषित समझौते का अर्थ है कि भारत और चीन डेप्सांग मैदानों और डेमचोक क्षेत्र में एक-दूसरे को गश्त करने के अधिकार बहाल करने पर सहमत हो गए हैं, जहां अप्रैल, 2020 से पहले समस्याएं मौजूद थीं। साथ ही सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वे ÷विश्वास बहाल करने÷ और ÷एक-दूसरे को आश्वस्त करने÷ की कोशिश कर रहे हैं और एक बार यह बहाल हो जाने के बाद अन्य चरण जैसे पीछे हटने, तनाव कम करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के सामान्य प्रबंधन में आगे बढ़ेंगे। पूर्वी लद्दाख के डेप्सांग मैदानों और डेमचोक क्षेत्र में बनाए गए बफर जोन में हम नहीं घुस रहे हैं लेकिन गश्त करने से पहले दोनों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा।

उत्तर रेलवे नियमित ट्रेनों में बढ़ाएगा 59 कोच

▸ इन 59 कोचों से 2.25 लाख से अधिक बर्थ उपलब्ध होंगी

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। इस त्यौहारी सीजन के दौरान, उत्तर रेलवे यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नियमित ट्रेनों में कुल मिलाकर 59 कोच बढ़ा रहा है। ये अतिरिक्त कोच त्यौहारी अवधि के दौरान 2996 फेरे लगाएंगे और 2.25 लाख से अधिक यात्रियों को बर्थ उपलब्ध होंगी।

उत्तर रेलवे अन्य क्षेत्रीय रेलवे के सहयोग से त्यौहारी सीजन के दौरान 01.10.2024 से 30.11.2024 तक 3,050 त्यौहार विशेष ट्रेनें चला रही है। इन 3050 विशेष ट्रेनों में से लगभग 83त्न त्यौहार विशेष ट्रेनें पूर्व की ओर जाने वाले राज्यों अर्थात उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम आदि के यात्रियों को सेवाएं

प्रदान करेंगी। उत्तर रेलवे ने रियल टाइम के आधार पर आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाने का प्रावधान किया है।

स्टेशनों पर विशेष रेलगाड़ियों और अतिरिक्त कोचों के चलने के बारे में समय- समय पर घोषणाएँ की जा रही है। आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित सभी माध्यमों से 360 डिग्री सूचनाएँ प्रसारित की जा रही है।

टिकट खरीदने में आसानी के लिए सुविधाजनक स्थानों पर अतिरिक्त बुकिंग काउंटर, आरक्षण काउंटर और एटीवीएम उपलब्ध कराए गए हैं। शहरवार टिकट काउंटर बनाने की भी योजना बनाई गई है। उत्तर रेलवे त्यौहारी सीजन के दौरान सभी यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और निर्बाध यात्रा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वायनाड के लिए मेरी बहन से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के केरल में वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से एक दिन पूर्व मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र की सराहना करते इस सीट के लिए कांग्रेस महासचिव को सबसे अच्छा प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वह कल्पना नहीं कर सकते कि वायनाड के लिए उनकी बहन से अच्छा कोई और प्रतिनिधि हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि सुश्री वाड्रा वायनाड की जरूरतों की एक जुनूनी पैरवीकार और संसद में एक शक्तिशाली आवाज होंगी।श्री गांधी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, वायनाड के लोगों के लिए मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, और मैं अपनी बहन प्रियंका गांधी से बेहतर उनके लिए किसी और प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता।

जूनियर डॉक्टरों की मांग पर टास्क फोर्स के गठन का निर्देश जारी

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने जूनियर डॉक्टरों की मांग को मानते हुए राज्यस्तरीय टास्क फोर्स के गठन का आदेश जारी किया है। सोमवार को नवान्न में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और जूनियर डॉक्टरों के बीच हुई बैठक में टास्क फोर्स के गठन का मुद्दा फिर से उठाया गया था। डॉक्टरों ने सरकार से इस संबंध में एक स्पष्ट निर्देशिका जारी करने की मांग की थी। बैठक के अगले ही दिन मुख्य सचिव मनोज पंत ने राज्यस्तरीय टास्क फोर्स के गठन की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की।

इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना, डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और शिकायतों का निपटारा करना होगा। सोमवार की बैठक में यह भी तय हुआ था कि टास्क फोर्स के सदस्यों में कौन-कौन शामिल होंगे।

मंगलवार नवान्न की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया कि इस टास्क फोर्स के सदस्य मुख्य सचिव, गृह सचिव, राज्य पुलिस महानिदेशक, स्वास्थ्य सचिव, कोलकाता पुलिस आयुक्त (सीपी), वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों के दो प्रतिनिधि, जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के दो प्रतिनिधि, राज्य शिकायत निवारण समिति के एक सदस्य और छात्रों में से एक महिला सदस्य होंगी। महिला प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रस्ताव खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक में रखा था। नवान्न की बैठक में टास्क फोर्स के गठन का मुद्दा जूनियर डॉक्टर देवाशीष हलदर ने उठाया था। उन्होंने कहा, जैसे राज्यस्तरीय टास्क फोर्स बन रही है, वैसे ही हर कॉलेज स्तर पर भी एक मॉनिटरिंग कमिटी होनी चाहिए।

खबरें एक नजर में

भाजपा से बागी हुए रणंजय कुमार, 27 को करेंगे नामांकन

रामगढ़। झारखंड विधानसभा का चुनाव भाजपा और आजसू गठबंधन के तहत लड़ा जा रहा है। रामगढ़ में भी यह गठबंधन कायम है और रामगढ़ सीट आजसू के खाते में गई है। लेकिन भाजपा के कुछ नेता इस गठबंधन को सिर्फ सियासी खेल मान रहे हैं। पार्टी से बागी होकर भाजपा के वरीय नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। मंगलवार को उन्होंने अपना नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस दौरान उन्होंने कहा कि गठबंधन से सिर्फ दिल मिलता है, वोट नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा ने उन पर विश्वास जताया था और उन्हें पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया था। लेकिन सियासी खेल में वे आम जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं को मायूस नहीं करने वाले। उन्होंने कहा कि वह मोदी जी और योगी जी का खड़ाऊ लेकर आम जनता के बीच जाएंगे। उन्हें पूरी उम्मीद है कि गठबंधन से अलग आम जनता उन्हें अपना बहुमूल्य वोट देगी। उन्होंने कहा कि वह 27 अक्टूबर को अपना नामांकन रामगढ़ विधानसभा के उम्मीदवार के लिए दाखिल करेंगे।

लीबिया से 157 बांग्लादेशी स्वदेश लौटे

ढाका। लीबिया में समुद्र के रास्ते अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेश के 157 नागरिकों की आज स्वदेश वापसी हो गई। यह सभी मानव तस्करों के कुचक्र में फंसकर वहां पहुंचे। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति के हवाले से यह समाचार वेबसाइट पर जारी किया है। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन सबकी वापसी विदेश मंत्रालय, त्रिपोली में बांग्लादेश दूतावास और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के संयुक्त प्रयासों से संभव हो सकी है। यह सभी नागरिक बुराक एयर की चार्टर्ड उड़ान (यूजेड 0222) से लौटे। यह उड़ान आज सुबह 4ः25 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय और आईओएम के अधिकारियों ने सभी का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इनमें से कई को लीबिया में दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। आईओएम ने इनमें से प्रत्येक व्यक्ति को 6,000 टका का अनुदान, खाद्य सामग्री और दवाएं आदि प्रदान किया है।

ऑटिज्म पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए गायक नौटियाल करेंगे कंसर्ट

काठमांडू। बॉलीवुड के जाने माने गायक जुबिन नौटियाल 14 दिसंबर को नेपाल में लाइव कंसर्ट करने जा रहे हैं। नेपाल में ऑटिज्म पीड़ित बच्चों की परवरिश के लिए आर्थिक सहायता जुटाने के उद्देश्य से जुबिन का यह कंसर्ट होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नेपाल के एन-ऑटिज्म केयर फाउंडेशन ने किया है। काठमांडू के हताय रीजेंसी होटल में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नौटियाल दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अपने लोकप्रिय नए और क्लासिक गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के आयोजक रामचंद्र शाक्य ने बताया कि नौटियाल का नेपाल में प्रशंसकों का एक बड़ा समूह है जो कि कई सालों से उनके लाइव कंसर्ट की प्रतीक्षा में थे। नेपाली दर्शकों और श्रोताओं के डिमांड के कारण नौटियाल का यहां लाइव कंसर्ट कराया जा रहा है। यह आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने में भी सहयोगी होगा। शाक्य ने बताया कि कार्यक्रम से प्राप्त आय खर्च के बाद ऑटिज्म वीड़ित बच्चों की सहायता के लिए उपयोग किया जाएगा। जुबिन ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए नेपाल में अपने कार्यक्रम की जानकारी दी है।

दिल्ली में धूमधाम से शुरू हुआ लकी लक्ष्मी फेस्टिवल

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल को यह घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि बहुप्रतीक्षित 'लकी लक्ष्मी फेस्टिवल' का शुभारंभ आज से दिल्ली में हो गया है। गेट ब्लेस्ड, बी लकी थीम के तहत यह उत्सव 22 अक्टूबर से 09 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस साल का फेस्टिवल पहले से अधिक समृद्ध और आकर्षक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें पिछली कड़ियों से प्राप्त मूल्यवान जानकारियों को भी समाहित किया गया है। लकी लक्ष्मी फेस्टिवल का आयोजन दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर किया जाएगा, जहां ज्वैलर्स को उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस उत्सव में पारंपरिक आभूषणों और आधुनिक डिजाइन का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा, जो शिल्पकला और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। लगभग 10 करोड़ के इनाम राशि वाले इस उत्सव में कई रोमांचक प्रतियोगिता और इंटरैक्टिव गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के अध्यक्ष सैयम मेहरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली में लकी लक्ष्मी फेस्टिवल को उसकी नई विशेषताओं के साथ प्रस्तुत करना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है।

संचार तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व भूटान : सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यहां अपने निवास पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे का स्वागत किया और दोनों देशों के बीच संचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर लंबी चर्चा की। सूत्रों के अनुसार श्री सिंधिया और भूटान के प्रधानमंत्री के बीच दो देशों के बीच दूरसंचार और सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर लंबी बातचीत हुई।

श्री सिंधिया ने भूटान के प्रधानमंत्री का विशेष स्वागत करते हुए उन्हें चंदेरी के बुनकरों द्वारा बनाया गया अंगवस्त्र भेंट किया। यह अंगवस्त्र खासतौर से श्री तोबगे के लिए चंदेरी से कल दिल्ली मंगवाया गया था। लाल रंग के इस अंगवस्त्र पर हाथ से बाघ चित्रित किए गए थे, जो भूटान और ग्वालियर चम्बल क्षेत्र की बढ़ती बाघ संख्या का प्रतीक हैं।

मुलाकात के बाद श्री सिंधिया ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भूटान के साथ दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्रों में सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की गई। भारत ने अपना स्वयं का 4जी स्टैक और यूपीआई विकसित करने और उन्हें सामाजिक विकास के लिए उपकरण के रूप में उपयोग करने में एक उदाहरण स्थापित किया है। इन प्रौद्योगिकियों पर काम करने और दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। भूटान के प्रधानमंत्री इस वक्त भारत दौरे पर हैं और सोमवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

ओसाका चोट के कारण हांगकांग ओपन से हटीं

हांगकांग। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने चोट के कारण हांगकांग ओपन टेनिस चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। हालांकि वह खेलेंगी नहीं, लेकिन टूर्नामेंट की अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेंगी। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हांगकांग, चीन टेनिस संघ ने एक बयान में कहा, हालांकि, नाओमी ने पुष्टि की है कि वह अभी भी टूर्नामेंट में भाग लेंगी और इस आयोजन के दौरान कई गतिविधियों में भाग लेंगी, जिसमें अपने हांगकांग टेनिस प्रशंसकों से मिलना भी शामिल है। नाओमी के हवाले से कहा गया, मुझे वास्तव में खेद है कि मुझे प्रूडेंशियल हांगकांग टेनिस ओपन और इस टेनिस सत्र के बाकी हिस्सों में प्रतिस्पर्धा करने से हटना पड़ा है। मुझे टूर्नामेंट में जाना बहुत पसंद है और खेल न पाने की स्पष्ट निराशा के बावजूद, मैं अपने सभी अद्भुत हांगकांग प्रशंसकों को आश्वस्त करना चाहती हूँ कि मैं अभी भी इस आयोजन में भाग लूँगी।

सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं रूट

▸ इंग्लैंड के बल्लेबाज रूट के टेस्ट क्रिकेट में मौजूदा रन 12,716

एजेंसी

दुबई। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि जो रूट महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज रूट के टेस्ट क्रिकेट में मौजूदा रन 12,716 हो गए हैं। रूट फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उनसे आगे राहुल द्रविड़ (13,288 रन), जैक कैलिस (13,289 रन) और रिकी पोंटिंग (13,378 रन) हैं। सचिन तेंदुलकर 15,921 रनों के साथ पहले स्थान पर हैं। रूट पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज को पीछे छोड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाज बनने से अभी 3,206 रन दूर हैं। फिर

भी कुक को उम्मीद है कि रूट अपने करियर के बचे हुए समय में सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं। आईसीसी द्वारा आयोजित एक राउंड-टेबल इंटरव्यू के दौरान कुक ने कहा कि मुझे लगता है कि जो रूट निश्चित रूप से इंग्लिश टीम के लिए एक ऐसा मुकाम हासिल कर सकते हैं, जिसे तोड़ पाना बहुत मुश्किल होगा, लेकिन आप कभी नहीं जानते।

मुझे उम्मीद है कि वह बहुत करीब पहुंच सकते हैं, अगर 16,000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी नहीं बन पाते हैं तो भी यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। हाल ही में 33 वर्षीय रूट पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के दौरान अपने पूर्व साथी कुक को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। अपने दोस्त को आगे निकलकर इंग्लैंड के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज बनते देखने के बाद, 39 वर्षीय कुक अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं कर पाए और रूट को उनकी इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई देने के लिए फोन किया। कुक ने कहा कि मैंने उस क्षण को देखा और फिर खेल खत्म होने के बाद मैंने उन्हें फोन किया।

भारत ने गुपचुप लॉन्च की चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4

▸ पहली बैलिस्टिक परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत 2016 में बनी थी समुद्री बेड़े का हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने गोपनीय तरीके से विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर से अरिहंत श्रेणी की चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 लॉन्च कर दी है। तीसरी पनडुब्बी को भी गुपचुप तरीके से जनवरी, 2022 में लॉन्च किया गया था। इसी श्रेणी की दो बैलिस्टिक परमाणु पनडुब्बी नौसेना के बेड़े में शामिल की जा चुकी है। चौथी परमाणु पनडुब्बी एस-4 3,500 किमी. रेंज में एक साथ 8 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल दागने में सक्षम है। अरिहंत श्रेणी की 06 पनडुब्बियां रूस की मदद से बनाई जा रही हैं।

कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद के बीच भारत ने अपने शत्रुओं के खिलाफ अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में चुपचाप अपनी चौथी परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी का प्रक्षेपण किया है।

यह 3,500 किमी. रेंज की के-4 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 अक्टूबर को तेलंगाना के विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखी थी, जिसके एक दिन बाद 16 अक्टूबर को चौथी परमाणु पनडुब्बी की लॉन्चिंग हुई है।

इसमें लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है, जिसे वर्टिकल लॉन्चिंग सिस्टम के जरिए दागा जा सकता है। आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघाट पहले से ही गहरे समुद्र में गश्त कर रही हैं।

पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत

भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत का जलावतरण तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने 26 जुलाई, 2009 को किया था। यह दिन इसलिए भी चुना गया, क्योंकि यह कारगिल युद्ध में विजय की सालगिरह भी थी। प्रतीकात्मक समारोह के दौरान ड्राई डॉक में पानी भर पनडुब्बी को तैराया गया और नौसैनिक परंपरा के अनुसार गुरशरण कौर ने पतवार पर नारियल फोड़ा। इस 6000 टन के पोत को बनाने के बाद भारत वह छठा देश बन गया, जिनके पास इस तरह की पनडुब्बियां हैं। अन्य पांच देश अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस हैं। गहन बंदरगाह और समुद्री परीक्षणों से गुजरने के बाद आईएनएस अरिहंत 2016 में नौसेना के बेड़े का हिस्सा बनी थी। आईएनएस अरिहंत से 750 किमी रेंज की के-15 परमाणु मिसाइलें ले जाई जा सकती हैं।

दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट

अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दो गुना रखी गई है, जिससे भारत को पानी के युद्ध में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता हासिल है। इस पनडुब्बी का कोडनेम एस-3 रखा गया था। कई बार टलने के बाद इसकी लॉन्चिंग 2017 में हो पाई। इस पनडुब्बी को मूल रूप से आईएनएस अरिदमन के नाम से जाना जाता था लेकिन लॉन्चिंग होने पर इसे आईएनएस अरिघाट नाम दिया गया था। लगभग 3 साल के समुद्री परीक्षणों के बाद इसी साल 29 अगस्त को परमाणु ऊर्जा वाली दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट नौसेना में शामिल हो गई। यह सतह पर 12-15 समुद्री मील (22-28 किमी/घंटा) की अधिकतम गति और जलमग्न होने पर 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) गति प्राप्त कर सकती है।

तीसरी परमाणु पनडुब्बी

अरिहंत श्रेणी की तीसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को भी विशाखापट्टनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर से 23 नवंबर, 2021 को लॉन्च किया गया था, जिसमें भी गोपनीयता बरती गई थी। यह परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत से 13.8 मीटर बड़ी है। यह अपने साथ कम से कम 8 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती है। भारत अपनी समुद्री हमले की क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसी कम से कम चार पनडुब्बियों को समुद्र में उतारने की योजना बना रहा है। आईएनएस अरिदमन को अगले साल नौसेना में शामिल किया जाएगा।

मप्र में एक लाख लोगों को मिलेगी सरकारी नौकरी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में 01 लाख पदों पर भर्तियां की जाएंगी। दिसंबर तक इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह पद अलग-अलग विभागों में चिह्नित किए गए हैं। पीएससी, कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि सभी कर्मचारियों को दीपावली के पहले 28 अक्टूबर को वेतन दे दिया जाएगा। निगम, मंडल कर्मचारियों को भी इसी दिन यह वेतन का भुगतान होगा। उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए हर अखाड़े को पांच बीघा जमीन दी जाएगी। वहीं, नाबालिग दुष्कर्म पीड़ित को सहायता देने के लिए हर जिले के कलेक्टर को दस लाख रुपये का फंड दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में एक लाख पदों को भरने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

पूर्वी-मध्य यूपी क्षेत्र में सीएआर-टी थेरेपी करने वाला प्रथम अस्पताल बना मेदांता

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। रिफ्रैक्टरी ब्लड कैंसर के लिए सीएआर-टी सेल थेरेपी प्रदान करने के साथ ही मेदांता अस्पताल के हेमेटोलॉजी और बोन मैरो प्रत्यारोपण (बीएमटी) विभाग ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि के साथ मेदांता अस्पताल पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में रिफ्रैक्टरी ब्लड कैंसर के लिए सीएआर-टी सेल थेरेपी प्रक्रिया में सफलता हासिल करने वाला पहला अस्पताल बन गया है। एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त विभाग ने अपनी स्थापना के मात्र डेढ़ वर्षों में 52 बोन मैरो प्रत्यारोपण और सेलुलर थेरेपी के मामलों में कामयाबी हासिल की है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र में उन्नत हेमेटोलॉजिकल उपचार के विषय में नेतृत्वकर्ता के रूप में मेदांता की प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है।

विभाग में एक अत्याधुनिक 10-बेड बीएमटी यूनिट है, जहाँ ऑटोलॉगस और एलोजेनिक बोन मैरो प्रत्यारोपण का प्रबंधन किया जाता है। हाल ही में, विभाग द्वारा रिफ्रेक्टरी एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया से

पीड़ित मरीज के लिए अपनी पहली सीएआर-टी सेल थेरेपी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। स्थापना के बाद से, विभाग ने विभिन्न कैंसर और गैर-कैंसर रक्त विकारों के लिए 24 एलोजेनिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण और 26 ऑटोलॉगस स्टेम सेल प्रत्यारोपण किए हैं। इनमें एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (10 मामले), एक्यूट माइलॉइड ल्यूकेमिया (8 मामले), मल्टीपल मायलोमा (14 मामले), अप्लास्टिक एनीमिया (5 मामले), थैलेसीमिया (2 मामले), नॉन-हॉजकिन लिम्फोमा (6 मामले) और हॉजकिन लिम्फोमा (6 मामले) शामिल हैं। मेदांता, लखनऊ में हेमेटोलॉजी और बीएमटी विभाग के प्रम